e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 85

**सुविचार**
शिक्षक से सवाल करना अच्छी बात है, क्योंकि यह आपको ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाता है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
28.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (28.03.24): शाम 06:04 बजे
सेहरी (29.03.2024) सुबह 04 : 22 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## पलामू में बेकाबू हुआ क्राइम, 4 दिन में 5 लोगों का हुआ मर्डर

# चैनपुर में फिर 3 की हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** पलामू जिले में पूर्व कांग्रेस नेता राजमोहन पौलू सहित दो लोगों के निर्मम तरीके से बुधवार को हत्या कर दी गई। दोनों शव एक ही जगह घर से बरामद हुआ है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की छानबीन की। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक की पहचान राजमोहन पोलू के रूप में हुई है. दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. यह घटना बुधवार के दोपहर की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन की. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन भी मौके पर पहुंच गई।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि राजमोहन ने एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी दौरान उसने एक गाय को भी गोली मार दी थी। घटना के बाद पूरे मामले में हंगामा हुआ था। पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान करते हुए राजमोहन पोलू को दोषी पाया था। कोर्ट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए राजमोहन पोलू को 10 वर्ष की सजा सुनाई थी। कुछ दिनों पहले ही राजमोहन पोलू जेल से बाहर निकाला था और चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अपने घर में रह रहा था। बुधवार की दोपहर अचानक कुछ अपराधी घर में दाखिल हुए और दोनों की हत्या कर दी। दोनों की गोली मारकर हत्या की गई है।दूसरी तरफ चैनपुर थाना क्षेत्र में ही मंगलवार की रात कल्याणपुर में मनोज चौधरी नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. युवक उस समय शराब पी रहा था. इसी दौरान कुछ लोगों ने युवक को गोली मार दी.

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है. कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है.मनोज कुमार चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है. वह अनराज घाटी में लूटपाट और अपहरण का आरोपी था.जानकारी के अनुसार मनोज चौधरी का होली से पहले अपने गोतिया से विवाद हुआ था.

होली के मौके पर मंगलवार रात वह अपने गोतिया और परिवार के साथ बैठकर शराब पी रहा था. शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था और बहस हुई थी. इसी दौरान आरोपियों ने मनोज चौधरी पर हमला किया और उसे जख्मी कर दिया. बाद में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी. मनोज चौधरी को दो गोली मारी गयी थी.

घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।घटना के बाद परिजन मनोज चौधरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गये,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### चैनपुर में 24 मार्च को भी हुआ था डबल मर्डर

**चैनपुर (पलामू) :** 24 मार्च की सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ में कोयल नदी में दो युवकों पर घात लगाए अपराधियों ने हमला किया था. इस हमले में राजेश शाह उर्फ राजेश गुप्ता नाम के युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरे युवक सुजीत भुइयां उर्फ बौधा को अपराधियों ने कोयल नदी के दूसरी छोर पर हत्या कर दी. दोनों युवकों की हत्या की खबर जिले में आग की तरह फैल गई। इस घटना के बाद पलामू पुलिस हरकत में आ गई। राजेश साव का शव चैनपुर थाना की पुलिस ने बरामद किया है जबकि सुजीत भुइयां का शव डालटनगंज टाउन थाना की पुलिस ने बरामद किया. दोनों मृतकों पर पलामू के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज था. इस घटना के बाद अक्रोशित ग्रामीणों ने शाहपुर कोयल पुल लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम किया था। जिसके वजह से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

## इजहार और इश्तियाक के खिलाफ दायर चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची :** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ ईडी के चार्जशीट (आरोप पत्र) पर ईडी की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को संज्ञान ले लिया है। मामले में कोर्ट ने आरोपितों की उपस्थिति के लिए आठ अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ आरोप पत्र दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था।

## लोस चुनावः भाजपा के स्टार प्रचारकों में दीपक और त्रिपाठी शामिल

**रांची :** बिहार में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों के नाम तय किए हैं। इस सूची में कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ झारखंड से राज्यसभा सदस्य तथा बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश को भी शामिल किया गया है। इनके अलावा झारखंड-बिहार के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री एनएन त्रिपाठी को भी जगह दी गई है।

## चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और दिलीप घोष को जारी किया नोटिस

*** कंगना रनौत व सीएम ममता बनर्जी पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से चंद दिन पहले कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और बीजेपी नेता दिलीप घोष को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। जिस पर चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही बीजेपी के नेता दिलीप घोष ने भी ममता बनर्जी पर एक टिप्पणी की थी। जिसकी वजह से उन्हें भी नोटिस भेजा गया है। बीजेपी नेता दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल में कहा था कि दीदी गोवा जाती हैं और कहती हैं, मैं गोवा की बेटी हूं, फिर त्रिपुरा जाती हैं और कहती हैं, मैं त्रिपुरा की बेटी हूं। तय करें कि आपका पिता कौन है। सिर्फ किसी की बेटी बनना अच्छा नहीं है। उनका ये वीडियो खूब वायरल हो गया। जिसके बाद टीएमसी ने दिलीप घोष के बयान की निंदा करते हुए कहा कि पूर्व बीजेपी प्रमुख अपनी पार्टी द्वारा उन्हें उनके वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र से निष्कासित करने के बाद अपनी हताशा व्यक्त कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इसी मामले में दिलीप घोष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

दिलीप घोष से पहले बीते रविवार को जब बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया तो पार्टी ने मंडी से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को टिकट दिया। कंगना रनौत को टिकट देने पर कांग्रेस नेता श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक आपत्तिजनक पोस्ट किया गया। हालांकि उसे बाद में हटा लिया गया। इस मामले में कांग्रेस नेता श्रीनेत ने सफाई भी दी उन्होंने कहा कि जैसे मुझे इस पोस्ट के बारे में पता चला मैंने उसे हटा दिया। जो लोग मुझे अच्छी तरह से जानते हैं उन्हें पता है कि मैं कभी किसी महिला के प्रति ऐसी टिप्पणी नहीं कर सकती हूं। हालांकि चुनाव आयोग ने इस मामले में कांग्रेस नेता श्रीनेत को नोटिस जारी कर दिया है।

**कंगना रनौत को टिकट देने पर कांग्रेस नेता श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक आपत्तिजनक पोस्ट किया गया। हालांकि उसे बाद में हटा लिया गया। इस मामले में कांग्रेस नेता श्रीनेत ने सफाई भी दी उन्होंने कहा कि जैसे मुझे इस पोस्ट के बारे में पता चला मैंने उसे हटा दिया।**

## क्विक न्यूज

### कोलकाता एयरपोर्ट पर दो विमान टकराए, बाल बाल बची 300 यात्रियों की जान

**कोलकाता :** कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया. इस हादसे में 300 यात्रियों की जान बाल बाल बच गई. दो विमान एक ही समय में रनवे पर आ गए. इस दौरान इंडिगो और एयर इंडिया के दोनों विमानों के पंख आपस में टकरा गए. इस घटना के बाद कोलकाता एयरपोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया. दोनों विमानों के यात्रियों को सबसे पहले फौरन नीचे उताया गया. जिसके बाद सभी को दूसरे विमान से उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की गई.

### दुनिया छोड़ दूंगा, पूर्णिया नहीं छोड़ूंगा, बीमा भारती को टिकट मिलने के बाद पप्पू यादव ने ठोकी ताल

**पटना:** लोकसभा चुनाव से पहले पप्पू यादव की मुश्किलें बढ़ गई है. कांग्रेस में विलय के बाद भी पूर्णिया की सीट उनके हाथ से निकल गई. आरजेडी ने यहां बीमा भारती के रूप में अपना उम्मीदवार उतार दिया है. इस पर एक सवाल के जवाब में पप्पू यादव ने कहा कि दुनिया छोड़ दूंगा, पूर्णिया नहीं छोड़ूंगा. पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का विश्वास मेरे साथ है.फैसला उनका करना है. पप्पू यादव ने कहा,लालू यादव मेरे लिए सम्मानित नेता हैं. पिछले एक साल से मैं पूर्णिया में प्रणाम पूर्णिया आशीर्वाद यात्रा के तहत घूम रहा हूं.उन्होंने कहा,पूर्णिया की जनता मुझे भाई-बेटा मान चुकी है. अपना आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है.

### बीजेपी की सातवीं लिस्ट में नवनीत राणा का नाम, महाराष्ट्र एनडीए में मचा बवाल

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी कर दी है जिसमें भाजपा ने अमरावती सीट से नवनीत राणा को टिकट दिया है। अब इसे लेकर महाराष्ट्र एनडीए में विवाद खड़ा हो गया है। अमरावती से बीजेपी ने नवनीत राणा को उम्मीदवारी दी है पर महायुति गठबंधन में राणा को लेकर भारी विरोध सामने आया है। शिंदे शिवसेना गुट के आनंदराव अड़सुल ने कहा मैं भी अब इसी सीट से चुनाव लड़ूंगा। इसके साथ ही प्रहार जनशक्ति के बच्चू कड़ूकाबजी ने भी नवनीत राणा के नाम को लेकर विरोध जताया है। नवनीत राणा अमरावती से सांसद हैं। नवनीत राणा ने 2019 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अमरावती से चुनाव लड़ा था और उन्होंने शिवसेना के आनंदराव अडसुल को हराया था।

### 100 करोड़ की हेरोइन के साथ चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराज्यीय नारकोटिक ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ कर 15 किलो हेरोइन जब्त की है. इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 100 करोड़ रुपये बताई जा रही है. स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह सक्रिय है. गैंग के सदस्य म्यांमार से दिल्ली एनसीआर सहित देश के कई हिस्सों में हेरोइन की सप्लाई करते हैं.पुलिस को 21 मार्च को एक विशेष सूचना मिली थी कि इस कार्टेल के सदस्य दिलीराम, प्रकाश पौडयेल और अर्जुन ने मणिपुर से दाजू कुकी उर्फ राजू से हेरोइन की एक बड़ी खेप ली है. वे हेरोइन की इस खेप को दिल्ली में राजघाट बस डिपो के पास किसी को देने वाले हैं. पुलिस ने जाल बिछाया और ऑटो में बैठकर आईटीओ की तरफ से तीन लोग आए. जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 15 किलो हेरोइन मिली. जिसकी कीमत 105 करोड़ रुपये आंकी जा रही है.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

# अर्जुन मुंडा बने पश्चिम बंगाल के स्टार प्रचारक



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रचार को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई है. पार्टी ने तीन राज्यों के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है. पार्टी ने तय कर दिया है कि बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में कौन से नेता स्टार प्रचारकों की तरह चुनाव प्रचार में जुटेंगे. बिहार के लिए पीएम मोदी, पार्टी चीफ जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, विनोद तावड़े, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, गिरीराज सिंह, नित्यानंद राय, अश्विनी कुमार चौबे, सुशील कुमार मोदी के अलावा और भी कई नाम हैं. बता दें कि बिहार में सात चरणों में चुनाव होंगे. मध्य प्रदेश में पीएम मोदी, पार्टी चीफ जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, शिव प्रकाश, सीएम मोहन यादव, वीडी शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई नेताओं के नाम शामिल हैं.पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी, पार्टी चीफ जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, माणिक साहा, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, शुभेंदु अधिजीबीकारी, मुख्तार अब्बास नकवी सहित कई नेताओं के नाम शामिल हैं. पश्चिम बंगाल में सातों चरणों में चुनाव होने हैं.

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 6 नक्सली ढेर



एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है. मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार जवानों ने बरामद किए हैं. बीजापुर स्क्रजितेंद्र यादव और बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है.बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया,बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिकुरभट्टी और पुसबका गांवों के जंगलों में सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी. इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने दो महिला नक्सली समेत 6 नक्सलियों को मार गिराया है.घटनास्थल से 2 महिला और 4 पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं.मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया. इस ऑपरेशन में जिला रिजर्व गार्ड, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे. इस संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों को यह बड़ी सफलता मिली है. छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुठभेड़ को लेकर कहा, मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, परसो नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की थी, जिसके बाद तलाशी के लिए यह टीम गई थी. नक्सलियों के शव बरामद करने के बाद तलाशी अभियान जारी है. चुनाव का आना-जाना लगा रहेगा, लेकिन यह छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या है, जिसे दूर करना है.

# केजरीवाल मसले को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने जताई नाराजगी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। दरअसल, अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्ट पर वह करीबी नजर रख रहा है। वह निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाइयों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में राज्यों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की उम्मीद की जाती है। यह जिम्मेदारी और भी अधिक हो जाती है, जब आपके साथी देश में भी लोकतंत्र हो। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां गलत मिसाल कायम करती हैं। भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं, जो उद्देश्यपूर्ण और समय पर नतीजे के लिए प्रतिबद्ध है। उस पर उंगली उठाना सरासर गलत है। इससे पहले जर्मनी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया था। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया था और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया था।

# कोई मतदाता नहीं छूटे, इसे बनाएं मूलमंत्र : के. रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ के रजिस्टर के मुताबिक स्वयं मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सेवाओं की उपलब्धता की सतत मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग अथवा 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वैसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक आने-जाने में असमर्थ हों, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु समय रहते मतदान केन्द्रवार सर्वे करा लें ताकि उन्हें कोई अनावश्यक परेशानी नहीं हो। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वालों के लिए सारी तैयारी समय पूर्व कर लें। उन्होंने कहा कि ''कोई मतदाता नहीं छूटे'' इसे अपना मूलमंत्र मानते हुए निर्वाचन प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ें। वे आज निर्वाचन सदन, धुर्वा, राँची से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान एवं दिव्यांग अथवा 85 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं के सुगम मतदान की व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान से संबंधित भारत निर्वाचन आयोगग के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट के प्रबंधन हेतु हरेक जिले में अलग से सहायक निर्वाची पदाधिकारी होने हैं जिनकी जिम्मेवारियाँ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट की गई है।




## पंजाब में आप के इकलौते सांसद भाजपा में हुए शामिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी):** पंजाब में आम आदमी पार्टी को बुधवार को जबरदस्त झटका लगा। पार्टी के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गए हैं। रिंकू को पार्टी जालंधर से टिकट दे चुकी थी। उनके साथ ही जालंधर वेस्ट से आप विधायक शीतल अंगुराल भी बीजेपी में शामिल हुए। इससे पहले शीतल अंगुराल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।दोनों नेताओं के भाजपा में जाने की अफवाहें काफी दिनों से चल रही थी।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

संक्षिप्त खबरें

### होली पर्व के दिन जला गरीबों की झोपड़ी, खाक हुआ समान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती इलाके की खैरादोहर पंचायत की जवाड़ मे होलिका दहन के दिन एक तरफ लोगों खुशियाँ मना रहे थे और वही पर रमेश राम पिता श्री चंद्रदेव राम की घर समीप बच्चों के द्वारा बम पटाखा फोड़ा जा रहा था तभी अचानक खपड़ैल की मकान मे आग लग गई। घर की परिवारों के द्वारा शोर मचाने के बाद ग्रामीणों ने पहुंच कर आग पर काबू किया तब तक 20 बोझा अरहर, खाना - पीना की समान, पुआल के आलावा अन्य समाग्री जलकर खाक हो गई। खैरादोहर पंचायत के आगामी मुखिया प्रत्याशी पंकज कुमार और पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर राम ने परिजनों से मिलकर सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली मुआवाजा दिलाने की बात कहा।

## 26 लाख के नशीले टैबलेट व गांजा के साथ दंपति गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गांजा, नशीले टैबलेट एवं प्रतिबंधित सिरप बेचे जाने की गुप्त सूचना पर पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोर्ट खास गांव से करीब 26 लाख रुपए के गांजा, नशीले टैबलेट एवं प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने विष्णु सिंह (68) एवं उसकी पत्नी फुलेश्वरी देवी (64) को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी गिरफ्तार दंपति के घर कोर्ट खास गांव में की गई, जहां से भारी मात्रा में नशीले टैबलेट, एवं सिरप बरामद किया किया। चार किलो गांजा भी बरामद किया गया। इसके अलावा छोटा तराजू, बुटखारा और 15350 रुपए बरामद किए गए। एसपी रीशमा रमेशन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि आरोपी विष्णु सिंह के खिलाफ लेस्लीगंज थाने में दो मामले दर्ज हैं। उसका पुत्र एनडीपीएस केस में फिलहाल जेल में है। इसका पुत्र उपरोक्त गोरख धंधे में शामिल रहा है और उसके जेल जाने पर उसके मां और पिता ने उसके काले कारोबार को बढ़ा रखा था।एसपी ने जानकारी दी की गिरफ्तार दंपति होलसेलर के तौर पर नशीले पदार्थों की बिक्री करता था और उसके यहां से रिटेल में बेचने वाले खरीद कर ले जाते थे। बरामद सामानों में गांजा 4 किलो 400 ग्राम, प्रतिबंधित सिरप 141 बोतल (प्रत्येक बोतल 400 एमएल की), 4590 टैबलेट, छोटा तराजू 200, 100, 20, 10, ग्राम के बाट 15350 रुपए बरामद किए गए हैं।

## अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धुरकी :** गुप्त सूचना के आधार पर धुरकी पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ रविवार को रात्रि में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की रविवार को रात्रि लगभग रात्रि ढाई बजे सूचना मिली की दो-तीन लोग थाना क्षेत्र अंतर्गत झुनका गांव के बगल के जंगल में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे है। उनके पास अवैध हथियार भी है। जिसके बाद थाना प्रभारी ने तुरंत अपने दल बल के साथ वहां पहुंचे और एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पूछताछ में उसने अपना नाम सत्येंद्र विश्वकर्मा पिता लखन विश्वकर्मा ग्राम झुनका थाना धुरकी बताया है। जब कि दो लोग अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें। थाना प्रभारी ने कहा की उक्त संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत धुरकी थाना कांड संख्या 27/24 दर्ज करके पकड़े हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि भागे हुए दो अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### होली के दिन युवक को जान से मारने का किया गया प्रयास



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जहाँ रंगों का त्योहार होली को लोग अपने अपने ढंग से मनाने में व्यस्त थे वही होली खेलने के दौरान बंशीधर मोहल्ला निवासी नीरज कुमार की तेजधारदार हथियार से हत्या करने की कोशिश किया गया। हालांकि शोर गुल का आवाज सुन कर उसके घर वाले पहुच गए जिससे उक्त युवक की जान बच गया। इस संबंध में युवक नीरज कुमार के पिता जवाहर प्रसाद ने थाने में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। थाने में दिए गए आवेदन में अंकित कुमार, विशाल कुमार और उनका भाई, अमन सोनी, लव कुश एवं एक अज्ञात पर नाम दर्ज आरोप लगाया है। गंभीर रूप से घायल नीरज कुमार को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के पीछे एक मामूली सा विवाद बताया जाता है। इस संबंध में युवक पिता जवाहर प्रसाद ने बताया कि होली के दिन लगभग तीन बजे नीरज अपने घर के बाहर बैठा था तभी दो बाइक पर सवार छः लोगों अचानक पहुच कर नीरज पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बधिर युवक अनुमंडल मुख्यालय से गायब



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना क्षेत्र के जोगियावीर ग्राम निवासी सुनील गुप्ता ने नगर ऊंटरी थाना में आवेदन देकर अपने 17 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। थाना को दिए गया आवेदन में सुनील गुप्ता ने लिखा है कि मैं और मेरा पुत्र कौशल कुमार रेणुकूट से अपने गांव जोगियावीर जाने के दौरान नगर ऊंटरी में अनुमंडल के पास बाथरूम के लिए रुके थे। इस दौरान कौशल कुमार लापता हो गया। कौशल के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र कौशल बोल नहीं पता है। उसने पुलिस से अपने पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है।

## विश्रामपुर पुलिस ने अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा किया बरामद, एक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुलसुलामा गांव में छापामारी कर एक घर से अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने शराब के अवैध कारोबारी एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुसुलमा गांव में सुमारू साह के घर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई। छपेमारी में दौरान घर से 49 पिस 650 एमएल किंगफिशर कंपनी की बियर बोतल और 51 पीस 180 एमएल इंपिरियल ब्लू विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया.अवैध कारोबार में शामिल सुमारू साह को गिरफ्तार भी कर लिया गया। उन्होंने बताया कि कांड संख्या 12/24 धारा -272/273 पीसी और 47(ड्ड) के जहर मामला दर्ज कर अग्रिम करवाई की जा रही है.थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा।विश्रामपुर थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार पनपने नहीं दिया जायेगा। छापेमारी अभियान में कई और पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## हुसैनाबाद क्षेत्र में होली त्यौहार हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव लंगर कोट में दुर्गा मंडप परिसर में ढ़ोल झाल मजिरा के साथ होली गीत पर झुमते हुए होली खेले रघु वीरा अवध में सीता जी के रंग से भईले सारा बोर हो। बुरा ना मानो भाई होली है। वहीं ग्रामीणों एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होलिका दहन एवं होली त्यौहार हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न वहीं मौके पर ग्रामीणों ने मौके पर अखिलेश कुमार पासवान अवध बिहारी सिंह रामवृक्ष सिंह दिनेश्वर चौधरी समाजसेवी पवन कुमार पटेल शिवपूजन चौधरी रामचन्द्र चौधरी बब्लू कुमार पटेल राहुल कुमार ठाकुर अजित कुमार ठाकुर नागेन्द्र सिंह उर्फ टुनू सिंह बिक्रमा पासवान मिथिलेश



कुमार सिंह शंकर चौधरी प्रमोद कुमार चौधरी शंभू चौधरी अर्जुन सिंह गोरख ठाकुर सर्जून ठाकुर उमेश कुमार सिंह पप्पू कुमार सिंह लालमोहन शर्मा हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी नरेश कुमार पासवान सहित अन्य ग्रामीणों ने रंग अबीर गुलाल दुसरे को गले लगाकर भाई चारे के साथ होली त्यौहार संपन्न किया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद शहर के देवरी रोड गैस गोदाम के समीप किराए के मकान में रह रहे 22 बर्षिय सुजीत कुमार पासवान नामक पिता उदय पासवान युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी, बताया जा रहा है कि मोहमदगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह निवासी युवक प्रेम विवाह कर के घर से अलग पत्नी के साथ रह रहा था, प्राप्त जानकारी के अनुसार पति पत्नी में आपसी नोकझोक हुई जिसके बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी, वही युवक के परिजनों ने हत्या किए जाने संबंधित आरोप लगाकर थाना में आवेदन दिया है, सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना पुलिस हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुच कर हत्या है या आत्महत्या की छानबीन में जुट गई है।

### धूमधाम से संपन्न हुई होली का पर्व

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे रंगों की पर्व होलिका दहन से शुरुआत हुआ और बुढवा होली के साथ संपन्न हुई। इसी बीच रंगो की त्यौहार पर लोगों मे काफी उत्साह देखने के मिला और बच्चे लेकर बढे व महिलाये भी एक दूसरे की रंग लगाकर खुशी का इजहार किया। जगह जगह पर गीत संगीत और नाच गा कर अपना खुशी का इजहार किया। होली दहन के तत्पश्चात तीसरे दिन भी गाँव टोले कस्बे मे बच्चे की वर वधु बना कर पूरे गाँव भ्रमण कराया और बाराती बनकर लोगों ने जमकर डांस किया, और होली पर्व की लुत्त उठाया और वर वधु को आशीर्वाद भी दिया।

### धूमधाम से मना रंगो का त्यौहार होली

**नीलांबर पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंगो का त्यौहार होली होलिका दहन से शुरू हुई और बुढ़ होली के साथ सम्पन्न हुई इस बिच होली को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखी गई बच्चे से लेकर बूढ़े और महिलाएं एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी इजहार किया तो वहीं कई जगह पर जमकर गान बजान किया। बुढ़ होली बच्चो को वर वधु बनाकर गांव में घुमाया और सभी लोग बराती बन कर खूब डांस किए और लोगो ने वर वधु को जमकर आशीर्वाद दिया।

### चोरों ने स्कूल को बनाया निशाना, बैट्रा, इन्वर्टर, टीवी किया चोरी

**कुंदा (चतरा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च सह मध्य विद्यालय बौधाडीह से चोरों ने स्कूल के ग्रिल को उखाड़ कर अंदर एक दरवाजा का ताला तोड़कर एक इर्न्वटर, एक टीवी, बुफर, चार बॉक्स व बैटरी चुराकर ले गए। कुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुँचकर मामले की जांच पड़ताल किया।स्कूल के शिक्षक राजीव रंजन के शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।अध्यक्ष ने बताया कि बच्चे स्कूल के अंदर पानी पीने आया उसी ने जानकारी दी।अध्यक्ष ने स्कूल खोला तो देखा कि ग्रिल कमरों के ताले टूटे हुए मिले। बताते चले कि होली को लेकर स्कूल इन दिनों बंद था।इन्होंने बताया की बिभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया, बैट्रा, इनवर्टर आदि गायब मिले। पुलिस ने सचिव के शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ समान बरामद किया गया है। चोरो की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## खरौन्धी पुलिस ने शराब को लेकर चलाया सघन जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौन्धी :** उच्च पदाधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध शराब को लेकर खरौन्धी पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान उन्होंने कई गांव मे जावा महुआ तथा शराब बनाने वाला उपकरण को भी नष्ट किया। जिसमें 50 किलोग्राम महुआ 10 लीटर शराब को नष्ट किया गया। वही छापेमारी अभियान के दौरान थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने कहा कि जो व्यक्ति इस तरह से अवैध शराब बनाकर बिक्री करेगा। उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब जो बनाकर बिक्री करेगा उसे किसी भी हाल में नहीं बक्शा जायेगा। साथ ही साथ उन्होंने खरौन्धी थाना क्षेत्र वासियों से अपील किया कि ऐसे लोगो की सूचना पुलिस को अवश्य दे। ऐसे लोगो पर कठोर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। वही होली महापर्व को लेकर थाना प्रभारी ने खरौन्धी थाना क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।छापेमारी अभियान में रवि कुमार केसरी, निरंजन कुमार, सहित सभी पुलिस के जवान मौजूद थे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच मनाया गया होली का पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्रो में होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच हर्सोल्लस के साथ मनाया गया। बच्चों ने गांवों और चौक-चौराहों पर वहीं कुछ युवाओं ने होली को हुड़दंग के साथ मनाया. होली के दिन चौक-चौराहे, गली-गुच्चे, सड़के तथा क्षेत्र का हर गांव गुलजार रहा। लोगो ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल तथा रंग लगाकर होली की बधाई दी। बच्चें, बूढ़े व महिलाओं ने भी जमकर होली खेली। लोग विभिन्न रंगों में रंगे नजर आये.इस दौरान घरों व मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुयी. गांव-गांव में होली के गीत गुंजयमान रहा। इस अवसर पर कई गांवों में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इधर पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे तथा रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में गश्ती करती रही ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के विभिन्न गांवो में रंगों का त्योहार होली धूम धाम से मनाया गया।लोग गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर रंगों का त्योहार होली मनाये।वही गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में होली त्यौहार में जुलूस निकालकर होलिका दहन स्थल पर पहुंचे। जहां होलिका दहन के राख को अपने माथे में तिलक के रूप में लगाये। इस दौरान गांव में लोग अपने-अपने मोहल्ले में एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाये। प्रखंड़ में होली का त्योहार शांति पूर्ण मनाने को लेकर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। सभी दंडाधिकारी अपने आने क्षेत्र में मुस्तैद दिखे। वही सीओ राकेश सहाय व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने प्रखंड़ क्षेत्र में घूम घूम कर जायजा लेते रहे।

### होली त्यौहार में अलग-अलग गांव में हुआ आधा दर्जन बाईक दुर्घटना, सभी घायल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत होली महापर्व में अलग-अलग गांवों में बाइक दुर्घटना में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज प्राथमिक उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जबकि तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए चतरा व हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायलों में नयाखाप के रंजन यादव(17), गिद्धौर के शुशीला देवी (42), प्रेम यादव (65) सहित अन्य थे।

## एसडीपीओ आवास पर होली मिलन समारोह का हुआ अयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के आवास पर होली मिलन समारोह का अयोजन किया गया। इस मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस प्रशासन के अलावा मीडियाबंधु के लोग शामिल हुऐ, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में होली काफ़ी उत्सव व आपसी प्रेम के साथ संपन्न हुआ। ऐसे भी होली पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है, यह त्योहार नए वर्ष के आगाज के साथ शुरु होता है, जिसे हम सब मिलकर आपसी मनमुटाओ को त्याग कर रंग के सरोबार का आगाज करते है। इस मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ छतरपुर नौशाद आलम, हुसैनाबाद बीडीओ



रौशन कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक अंचल, आशुतोष प्रताप नारायण, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एसआई शशि शेखर पांडेय, रंजन टूटी, युवा समाजसेवी प्रिज्म केशरी, पत्रकार सतेंद्र कुमार चंदेल, सैयद नौशाद, संजय ओझा, धनंजय कुमार, अखिलेश कुमार, जीतेंद्र रावत, गौतम पटेल, समेत अनुमंडल क्षेत्र के कई पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद थे।

## व्यापारियों ने प्रशासन के साथ जमकर खेली होली, होली के गीतों पर लगाए ठुमके

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई की ओर से मंगलवार को शहर में मुख्य बाजार स्थित गुलाब मेमोरियल मार्केट परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक शामिल हुए। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के व्यापारियों ने एकत्रित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की मस्ती में डूबे दिखे और एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह के दौरान व्यापारी बंधुओ में एक दूसरे को गुलाल लगाया और प्रेम पूर्वक गले मिलते हुए चेंबर के इस होली मिलन समारोह के आयोजन को सफल बनाया। वही प्रशासनिक व चेंबर के अधिकारियों ने पारंपरिक गीतों गाकर



झूमते नाचते लोगों का उत्साह इस दौरान देखते ही बन रहा था। मौके पर उपस्थित एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि सत्य पर असत्य की जीत के साथ अबीर, गुलाल और रंगों का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह होली मिलन समारोह अपने समाज के लोगों को जोड़ने का एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने कहा कि हम शासन और प्रशासन के बीच सामंजस्य का कार्य करने का प्रयास करते हैं। अंत में ढोल नगाड़े के साथ पूरे शहर का भ्रमण कर होली मनाई गई। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, प्रतिष्ठित व्यवसाई अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल बबलू, उमेश कुमार चाहत, कमलेश कुमार, आनंद जायसवाल, विनोद कसेरा, अनूप निराला, रंजन छोटू, राजन सोनी, रूपेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, उदय जायसवाल, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, संतोष कुमार, मिक्की जायसवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### होली के दौरान रिम्स में 533 लोगों ने कराया इलाज

**रांची :** राजधानी रांची के रिम्स में होली के दौरान 25 और 26 मार्च को 533 मरीज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे थे। रिम्स से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को सेंट्रल इमरजेंसी में 203, न्यूरो में 24, ऑर्थो में 10, सर्जरी में 23 और 26 मार्च को सेंट्रल इमरजेंसी में 205, न्यूरो में 23,ऑर्थो में 13 एवं सर्जरी में 32 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। रिम्स के पीआरओ डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया कि होली के दौरान दो दिनों में रिम्स में 533 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे थे। इसमें कुछ मरीज दुर्घटना में घायल हुए थे जबकि दूसरों को अन्य समस्याएं भी थी।

### राज्य में मॉर्निंग कोर्ट एक अप्रैल से

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में डे कोर्ट में सुनवाई हो रही है।

### एसएसपी आवास में जमकर खेली गई होली

**रांची।** रांची एसएसपी के आवास में जमकर खेली गई होली । वहीं एसएसपी चंदन सिन्हा ने होली की बधाई दिया । इस मौके पर पत्रकार , थानेदार, सिपाही सभी एक साथ एसपी चंदन सिन्हा के आवास में सिटी एसपी, डीएसपी, विभिन्न थानों के थानेदार सिपाही एवं पत्रकार का काफी संख्या में मौजूद थे।

# मतदान प्रक्रिया में अपवर्जित समूहों के निर्वाचकों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सभी दिव्यांग शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण, पचासी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाता, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे शिशुओं की माताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह समान वैधानिक अधिकार प्राप्त है। चुनाव की प्रक्रिया इन्हें लोकतंत्र में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए इनके लिए अनिवार्यरूपेण हरेक मतदान केन्द्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन धुर्वा के सभागार में राज्य के सभी जिलों से आए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए 'अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान' विषयक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कही। रवि कुमार ने कहा कि ऐसे नागरिकों को समान भागीदारी के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी बल दिया गया है। राज्य के सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं। उन्हें अपने स्तर से हरेक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नामित कर गैर-राजनैतिक एवं निरपेक्ष स्वयंसेवी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों आदि की मदद से अपवर्जित समूह के योग्य नागरिकों के डोर टू डोर सर्वे, छूटे हुए अर्हता प्राप्त नागरिकों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने तथा मतदान में इनकी सुगमता के लिए समयबद्ध रूप से काम करना है।



रवि कुमार ने कहा कि अपवर्जित समूहों के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र तक स्वयं आने-जाने में अक्षम हों उन्हें मतदान केन्द्र पर आने-जाने की स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्र में शेड, कुर्सी-बेंच, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाना है।

साथ ही यदि अपवर्जित समूह के कोई मतदाता जो चुनाव सिंबल खुद नहीं पहचान पाएं वहां मतदान केन्द्र के पीठासीन पदाधिकारी उन्हें सहायक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी किशोर को वोटिंग के लिए साथ लिए जाने की अनुमति देंगे। प्रशिक्षण सत्र में निःशक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ ने निःशक्तता आयोग द्वारा मतदाता के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने मतदाता सूची एवं मतदान के बारे में बताया। उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप कार्यक्रम, अच्छे कार्यों के लिए बीएलओ को सम्मानित करने आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। निदेशक समाज कल्याण विभाग शशि प्रकाश झा ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा में पेयजल, बिजली, हेल्प.डेस्क, पोस्टर.साईनेज, रैंप, दिव्यांगजनों के लिए वॉलेंटियर की उपलब्धता के साथ मतदान केंद्रों पर बीएलओ की सहायता के लिए चयनित स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की जानकारी साझा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे द्वारा मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं दिव्यांग,वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए यातायात की सुविधा, वोलेंटियर्स एवं मेडिकल किट आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार द्वारा सोशल मीडिया, सक्षम ऐप, निःशक्तता के लिए सोशल मीडिया के बारे में बिंदुबार जानकारी साझा की गयी।

## आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड का गठन हो गया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार 15 सदस्यीय संसदीय बोर्ड का गठन किया गया। पार्टी के संसदीय बोर्ड का बैठक 29 मार्च, 2024 को पूर्वा 10 बजे से हरमू, राची स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई है।

**देखें संसदीय बोर्ड में कौन-कौन हैं शामिलः** सुदेश कुमार महतो,चन्द्र प्रकाश चौधरी, राम चन्द्र सहिस, डोमन सिंह मुण्डा,संजय बसु मल्लिक, मुकुंद चन्द्र मेहता,लम्बोदर महतो, देवशरण भगत,उमाकांत रजक, कुशवाहा शिवपूजन मेहता,अकिल अख्तर,हसन अंसारी, स्वपन सिंहदेव,राधेश्याम गोश्वामी, राजेंद्र मेहता को मौका मिला।

## झारखंड फुटपाथ संघ के नेता जितेंद्र गुप्ता ने जमकर खेली होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची में 2 दिनों तक जमकर होली खेली गई । झारखंड फुटपाथ संघ के नेता जितेंद्र गुप्ता अपने आवासीय परिसर में अपने अपार्टमेंट के लोगों के साथ अबीर गुलाल खेला और सबको होली की बधाइयां दी । इस मौके पर कर्बला चौक और आसपास के लोगों को भी अबीर लगाकर शांति का संदेश दिया। इस मौके पर जीत गुप्ता, गोपाल , अभिनव, अंकित गुप्ता, रवि कुमार ,प्रकाश गुप्ता, श्याम, चेतन कुमार ,मन्नत कृष्ण, गुप्ता, बिंदु ,तारा देवी , ममता कुमारी, नीतू कुमारी शामिल हैं।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी पर सीईओ लेंगे फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी(सीईओ) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी पर फैसला लेंगे। चुनाव समाप्ति तक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देंगे। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आइजी अभियान सह-स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया है।





झारखंड के विभिन्न जिलों के एसएसपी, एसपी, पुलिस के अन्य विंग के एसपी और समादेष्टा को पत्र भेज कर अवगत करा दिया गया है। भेजे गये पत्र के अनुसार 16 मार्च को लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई। चुनाव की घोषणा के साथ पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा आम चुनाव 2024 की समाप्ति तक विधि-व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी उक्त अवधि में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव से आकस्मिक अवकाश, मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति के बाद ही अवकाश में प्रस्थान करेंगे या मुख्यालय छोड़ेंगे।

साथ ही अपने अधीनस्थ निर्वाचन सम्बद्ध सभी पुलिस पदाधिकारियों के अवकाश की सूचना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।

## कांग्रेस के मंत्री आलमगीर दिल्ली रवाना झारखंड का टिकट होगा फाइनल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस ने अब तक उम्मीदवारों की 7 लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें उसने 195 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। सीडब्ल्यूसी की बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता व झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में झारखंड से उम्मीदवारों के नामों का एलान रात तक संभवतः हो जाएगा। कांग्रेस व झामुमो में पहले ही सीट शेयरिंग को लेकर फार्मूला फाइनल हो गया है। कांग्रेस 6 व झामुमो 5 सीट पर लोकसभा का चुवान लड़ेगी। एक-एक सीट राजद व माले को दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजद अब किसे टिकट देता है यह उसके पार्टी का निर्णय होगा। लेकिन पलामू सीट को लेकर महागठबंधन की ओर से पहले ही फाइनल कर दिया गया है। आलमगीर आलम ने कहा कि निश्चित ही इस बार बदलाव आएगा। बीजेपी सरकार से जनता त्रस्त है। बेरोजगारी चरम पर है। झारखंड में भी महागठबंधन 2019 के चुनाव से बहुत ही अच्छा परिणाम देगी। कांग्रेस ने मंगलवार देर रात 7वीं लिस्ट में 5 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया।

## आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ सरहुल शोभायात्रा में होगा शामिल : फूलचंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में सरहुल शोभायात्रा को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी जबकि 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को केंद्रीय सरना समिति का बैठक केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में हुई। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। रांची में पहली बार 1970 में हातमा सरना स्थल से सिरमटोली तक कार्तिक उरांव और डॉ. रामदयाल मुंडा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई थी।



जुलूस में शामिल होने वाले के लिए बस, लाइट, शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। शोभायात्रा पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा हो इसके लिए सरकार से मांग की जाएगी। मौके पर जगलाल पाहन ने कहा कि तीन दिवसीय प्रकृति पर्व सरहुल मनाया जाना है। 10 को सरना धर्मावलंबी उपवास, 11 को सरहुल शोभायात्रा एवं 13 अप्रैल को घरों में फूलखोंसी कार्यक्रम होगा। शोभायात्रा दिन एक बजे हातमा सरना स्थल से सिरमटोली सरना तक जाएगी। इस दौरान आदिवासी समाज सिरमटोली में माथा टेकेंगे और अपने घर परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

## खनिज विभाग के बड़ा बाबू ने किया सुसाइड, फ्लैट के कमरे में मिला शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने ही घर में सुसाइड कर लिया है। मृतक की पहचान ज्योति प्रकाश के रूप में हुई है। ज्योति प्रकाश झारखंड खनिज निगम में कार्यरत थे। झारखंड खनिज निगम में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत ज्योति प्रकाश ने अपने ही फ्लैट के कमरे में आत्महत्या कर ली है। ज्योति प्रकाश बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड स्थित आरजे अपार्टमेंट में सपरिवार रहते थे? मंगलवार की रात ज्योति प्रकाश खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। बुधवार की सुबह जब उनके परिजन उन्हें जगाने गए तो ज्योति का कमरा अंदर से बंद था। ज्योति की पत्नी ने दरवाजा काफी खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए ज्योति की पत्नी ने आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया.,अंदर का दृश्य भयावह था, ज्योति का शव कमरे में मिला। ज्योति को इस हाल में देख कर घर में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय ज्योति प्रकाश रांची के नेपाल हाउस स्थित झारखंड खनिज निगम में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर उनकी नौकरी लगी थी। मामले की जानकारी मिलते ही बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि घरेलू विवाद और डिप्रेशन आत्महत्या की वजह बतायी गई है.कमरे की तलाशी के दौरान कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## हॉर्स ट्रेडिंग मामले में गृह विभाग के अपर सचिव छह अप्रैल को एसीबी की अदालत में रखेंगे पक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यसभा चुनाव-2016 में हुए हॉर्स ट्रेडिंग मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने बुधवार को गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को छह अप्रैल को उपस्थित होकर पक्ष रखने की तिथि निर्धारित की है। मामले के अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट तैयार करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह कोर्ट से किया था। इसके बाद अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था और अपना पक्ष रखने को कहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च, 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। इन पर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगा था। चुनाव आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच कराई थी। आयोग ने प्रथम दृष्ट्या आरोप को सही पाते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। तत्कालीन हेमंत सरकार ने 14 फरवरी, 2020 को एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। वे 15 महीने से अधिक समय तक निलंबित रहे। तब वे सीआईडी के एडीजी थे।

उनके खिलाफ राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को लालच देने और उनके पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को धमकाने का आरोप था।

## रांची में महिला ने की खुदकुशी

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णापुरी स्थित घर में एक महिला ने फंदे से लटक कर बुधवार को खुदकुशी कर ली। महिला की शिनाख्त संध्या देवी (24) के रूप में हुई है। वह टिंकू यादव की पत्नी थी। सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। परिजनों के बयान पर मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## प्रोजेक्ट इंपैक्ट की आंकलन शीट भरने में लापरवाह प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का रुकेगा वेतन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लागू किये गए प्रोजेक्ट इंपैक्ट के आंकलन पत्र भरने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। साथ ही उन शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का वेतन भी रोका जाएगा। स्कूल 28 मार्च की शाम पांच बजे तक प्रोजेक्ट इंपैक्ट की आंकलन शीट भरकर जमा करें। यह बातें राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट की असेसमेंट शीट को केवल भरना नहीं है। असेसमेंट शीट में दिए गए मानकों के आधार पर स्कूलों में वातावरण विकसित हो, यह भी सुनिश्चित करना है। स्कूलों में केवल पढाई नहीं, पाठ्येतर गतिविधियां भी जरूरी है। मई महीने से राज्य के सभी स्कूलों का राज्यस्तरीय टीम द्वारा औचक निरिक्षण किया जायेगा। आंकलन शीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव स्कूलों को राज्यस्तर पर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही लास्ट फाइव परफॉर्म करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शिक्षक और प्रधानाध्यापक आपसी समन्वय से कार्य बाटें:** आदित्य रंजन ने कहा कि शिक्षक और प्रधानाध्यापक आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिम्मेदारी पूर्वक प्रोजेक्ट इम्पैक्ट को लागू करवाएं। जिम्मेदारी रजिस्टर को शुरू करके अपने अपने कार्यो को बराबर बांटे। प्रतिदिन के हिसाब से जिम्मेदारी तय करे।

**हॉउस का नाम भौगोलिक विशेषताओं पर रखें:** आदित्य रंजन ने कहा कि हाउस का नाम राज्य और जिले की भौगोलिक विशेषताओं (ज्योग्राफिकल फीचर) के आधार पर रखें। हॉउस का नाम निर्धारित करते समय उस जिले के प्रमुख स्थलों, नदियों, पर्यटन केन्द्रों का नाम शामिल करें। एक जिम्मेदार शिक्षक को हॉउस प्रमुख बनाया जाये। एक हाउस एक सप्ताह तक पूरे प्रातः कालीन सभाओं की जिम्मेदारी लेगा। हॉउस का उद्देश्य बच्चों में जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करना है, ताकि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो। शिक्षक टोला टैगिंग लगातार करते रहे।

**प्रतिदिन चेतना सत्र अनिवार्य:** आदित्य रंजन ने कहा कि कक्षाओं में आउटपास सिस्टम लागू करें। एक छात्र दूसरे छात्र के कक्षा में आने के बाद ही बाहर जा सकेगा।

## संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर पर बीएयू को मिला ट्रेडमार्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) द्वारा विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का वर्षभर लाभकारी और टिकाऊ उत्पादन किया जा सकता है। केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क स्वीकृत कर दिया है। छत विस्थापित पोली हाउस को ट्रेडमार्क प्रदान किए जाने संबंधित आवेदन को महानियंत्रक द्वारा प्रोसेसिंग के लिए स्वीकार कर लिया गया है। बीएयू में आईसीएआर के सहयोग से चल रही कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक अभियांत्रिकी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद दोनों प्रौद्योगिकी विकसित की है। डॉ प्रमोद राय ने बताया कि खेती वाली सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता आनुवंशिक सामग्री, फसल प्रबंधन और सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन द्वारा प्रभावित होती है। मृदा एवं वायु तापक्रम, प्रकाश गहनता एवं गुणवत्ता, सापेक्षिक आद्रता, कार्बन डाइऑक्साइड आदि सूक्ष्म जलवायु पैरामीटर का प्रबंध संरक्षित कृषि तकनीक से होता है। संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर का चयन खेती की जाने वाली सब्जी की लाभप्रदता, टीकाऊपन, स्थिर लागत, संचालन लागत और कार्बन फुटप्रिंट को प्रभावित करता है। मिट्टी और हवा के उच्च तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता के कारण गर्मी के महीना मार्च से मई के दौरान टमाटर और शिमला मिर्च की खेती में बहुत समस्याएं आती हैं। सनबर्न के कारण उत्पादित फल का 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावित हो जाते हैं। गर्मी के महीनों में स्थाई ढांचे वाले शेड नेट में टमाटर और शिमला मिर्च की खेती करके समस्या को कम किया जा सकता है।



## श्री महावीर मंडल, रांची द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन के साथ हनुमान ध्वजा लगाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पुजारी शारदा मिश्रा द्वारा विधिवत श्री महावीर मंडल, रांची के पदाधिकारियों एवम श्री राम भक्तों के सदस्यों के सानिध्य में श्री हनुमान ध्वजा का विधिवत पूजन कराया गया। इस अवसर पर झंडा पूजन सभी श्री राम भक्तो ने किया । इसी के साथ मंदिर परिसर में विशेष आरती श्रद्धालु भक्तों ने हनुमान जी की की। पूजन के बाद मंदिर परिसर में श्री हनुमान ध्वजा को सभी भक्तों ने मिलकर लगाया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ,उपाध्यक्ष राजा सेनगुप्ता ,मंत्री दीपक ओझा, किशोर साहू, राजीव रंजन मिश्रा,सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास ,कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा , रोशन अग्रवाल, गोपाल पारीक,शंकर प्रसाद,विनोद कुमार, विष्णु प्रसाद लीलू, शंकर साहू, नरेश ठाकुर,विजय गुप्ता, सुरेंद्र राय, अन्नू कुमार, प्रेम चौधरी, नितिन शिरमोर, राजीव पांडेय, राजीव चौधरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पहले मंगलवारी को प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में श्री चैती दुर्गा पूजा महा समिति के कई श्री राम भक्त अखाड़ाधारी आये।यहाँ उन्होंने वीर बजरंगबली का पूजन किया संग ध्वजा का पूजन किया ।इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक झंडाधारीयो, अखाड़ाधारियो को माला पहनकर उनका स्वागत और अभिनंदन भी किया गया।

## 13 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली के द्वारा 13 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम सुगम टिका गांव के बरलंगा पंचायत में समापन समारोह किया गया ।मुख्य अतिथि श्री हरीबोल महतो पैक्स अध्यक्ष , समाजसेवी नंदलाल बेदिया, सूरज कुमार जी के द्वारा 34 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। अथिति सभी प्रशिक्षणार्थियों को यह संदेश दिया की शादी विवाह के मौके पर कॉस्ट्यूम ज्वैलरी का बहुत मांग है प्रशिक्षण के बाद आप सभी आत्म विश्वास के साथ अपना रोज़गार शुरू करे जिस से परिवार का आय बढ़ेगा । रुडसेट संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार ने अथिति का धन्यवाद दिया।

## बेड़ो में रंगो का त्योहार दो दिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड़ व आस पास के क्षेत्रो में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष दो दिन सोमवार और मंगलवार को लोगों ने रंगों के इस महापर्व का जमकर मजा लिया। लोगों ने रविवार की रात्रि विधि विधान से होलिका दहन किया गया। वहीं कई जगहो में सोमवार की सुबह से ही लोगों ने रंग खेलना शुरू कर दिया। मंगलवार को भी लोग रंगों से सरोबोर रहे। हर एक के चेहरे पर रंग व गुलाल लगे रहे। इधर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों व चौक-चौराहों पर होलियाना नजर आया। इस अवसर पर लोगों ने घरों में एक-दूसरे को रंग लगाकर अपने खुशियों का इजहार किया। गांवों में लोगो के घरों में एक से बढ़कर एक पकवान बनाकर खाया व खिलाया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले मिलकर बधाई दी। वहीं शाम में लोगों ने रंग-अबीर गुलाल खेले एवं एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। बच्चों में इस पर्व के प्रति विशेष उत्साह देखा गया। इधर पाकलमेड़ी गांव के लोग मिट्टी से जुडे है, जो होली में बच्चे क्या बुड़े सभी रंगो के साथ खेत में मिट्टी का घोल तैयार कर डिजे के धुन में मिट्टी की होली खेले।

## आचार संहिता के मद्देनजर रखते हुए बुढ़मू थाना परिसर में हथियार जमा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर बुढ़मू थाना परिसर में अंचलाधिकारी सचिचानंद वर्मा, बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार, एएसआई संतोष यादव,के द्वारा आर्म्स लाइसेंस धारकों का लाइसेंस सत्यापन किया गया जिसमें 12 हथियार सहित लाइसेंस का सत्यापन किया गया, एवं हथियार को जमा ले लिया गया। अभी और 10 हथियार सहित लाइसेंस को जमा लेना और सत्यापन करना बाकी है, और शेष बचे सभी लाइसेंस धारकों से थाना प्रभारी रामजी कुमार ने अनुरोध किए हैं की 30.03. 24 तक अपना लाइसेंस का सत्यापन करवा लें और अपना लाइसेंस और हथियार थाना या पुलिस केंद्र में जमा कर दें।

## बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार लागतार चुनाव को लेकर दिख रहे एक्शन में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार ने बतलाए की क्षेत्र में किसी प्रकार का उपद्रवियों या पहले से संलिप्त घटना में कोई अपराधी मिलता है तो किसी भी कीमत में उसे बक्शा नही जाएगा उन्होंने बताया कि बुढ़मू थाना क्षेत्र के बुढ़मू थाना अंतर्गत वर्षो से लूट कांड में फरार वारंटी जलेंदर गंझू, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता मोगल गंझू, पता उलातू, थाना बुढ़मू का रहने वाला को आज थाना प्रभारी रामजी कुमार के नेतृत्व में पुलिस के टीम ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## मतदानकर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):**लोक सभा आम चुनाव 2024 के मद्येनजर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, श्याम नारायण राम, प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए, आलोक शिकारी कच्छप सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उनके कार्य एवं दायित्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद कलेक्शन सेंटर तक सभी कार्यो के निष्पादन से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में खूंटी, मुरहू और रनिया प्रखंड के मतदानकर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। ईमानदारी और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव संबंधित अपने कार्य तथा दायित्व का सफल संचालन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, मो परवेज ने मतदानकर्मियों को बताया कि 11-खूंटी लोक सभा (अजजा) निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा 18 अप्रैल को अधिसूचना निर्गत की जाएगी। नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशन की संवीक्षा की अंतिम तारीख 26 अप्रैल, अभ्यर्थिताएं वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल, मतदान की तारीख 13 मई और 04 जून मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। एएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोरपा कुमुद कुमार झा द्वारा मतदानकर्मियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान प्रक्रिया और कलेक्शन सेंटर तक कार्य निष्पादन के संबंध में बिंदुवार विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। हम सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होगा और तटस्थ होकर अपने कार्यो का निष्पादन कराना होगा। उन्होंने मतदानकर्मियो को निर्वाचन कार्य के दौरान आने वाली विविध समस्याओं की जानकारी दी। साथ ही निराकरण उपाय बताया गया। उन्होंने मॉक पोल की आवश्यकता और प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पी1, पी2 एवं पी3 के कार्य और जबावदेही की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विविध प्रपत्रों को भरने, पैकेटिंग करने की चर्चा करते हुए चैलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट एवं प्रॉक्सी वोट के संबंध विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर देवेंद्र गोप, विष्णुनंद तिवारी एवं प्रदीप ओझा, श्रवण बारला द्वारा मतदान कर्मियों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं संचालन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन के दौरान उपयोग लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया।

# समाहरणालय सभागार में जिला स्क्रीनिंग शस्त्र समिति की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्क्रीनिंग शस्त्र समिति की बैठक की गई। जिला स्तर पर प्राधिकृत दंडाधिकारी/संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी अनुज्ञसिधारी के शास्त्र का किया गए सत्यापन की थानावार समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देश दिया गया कि जिला के निर्गत आदेश पर पुनः अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा शास्त्र अनुज्ञसिधारीयों का सत्यापन किया जाएगा व उपरांत शास्त्र संबंधित थाना /गन हाउस में जमा करने आदेश निर्गत होगा। लाइसेंसधारी द्वारा जिला से अन्यत्र निवास करने पर वर्तमान पता पर पत्राचार किया जाय। साथ ही निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द निश्चित रूप से सभी थाना प्रभारी संयुक्त स्त्यापन जांच प्रतिवेदन दें।

मौके पर पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिले के वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

स्थैतिक निगरानी दल को सभी चेक पोस्टों पर छोटे - बड़े वाहनों की जांच करने एवं वाहन जांच पंजी का सही से संधारण का निर्देश दिया गया। कहा कि जांच के दौरान अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो अविलंब अपने संबंधित पदाधिकारी/जिला नियंत्रण कक्ष को उसकी सूचना दें। साथ ही, इसका दैनिक प्रतिवेदन भी ससमय भेजें। साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी विशेष निगरानी रखी जाय एवं इससे संबंधित सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को ससमय उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप एवं 1950 हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों को उड़न दस्ता दल ससमय निष्पादन करेगी।

उपायुक्त द्वारा उपस्थित प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लगातार जांच की जाय एवं विभिन्न माध्यमों से सूचना संग्रहित कर नगद राशि एवं जब्ती की कारवाई की जाय। अवैध शराब, हथियार, गोली, विस्फोटक, मादक पदार्थ एवं कैश की रोकथाम व बरामदी की दिशा में चेकपोस्टों पर जांच की जाय। साथ ही उत्पाद अधीक्षक को निर्देशित किया कि लगातार अवैध शराब के स्थानों पर छापामारी कर शराब की जब्ती सुनिश्चित की जाय।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय पर सतत् निगरानी एवं अनुश्रवण रखने हेतु एफएसटी/एसएसटी/वीएसटी/वीवी टी टीमों का गठन किया गया है। उड़न दस्ता दल , स्थैतिक निगरानी दल , वीडियो निगरानी दल , वीडियो अवलोकन दल आदि के कार्य/दायित्व एवं प्रतिवेदन समर्पित करने के आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## समीक्षा बैठक सह आजसू पार्टी का होली मिलन समारोह संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के राजाउलातु पंचायत अन्तर्गत वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सभागार में प्रखण्ड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा के अध्यक्षता में 17/03/2024 को राँची लोक सभा स्तरीय पंचायत प्रभरी एवं ग्राम प्रभारीयों के प्रशिक्षण शिविर को लेकर समीक्षा बैठक की गई, साथ हीं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नामकुम प्रखण्ड प्रभारी सह केन्द्रीय सचिव श्री रामदुर्लभ सिंह मुण्डा,केन्द्रीय महासचिव रामजी यादव,केन्द्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव,केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरांव,राँची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,माथुर प्रसाद, नामकोम प्रखण्ड प्रवक्ता विवेक कुमार गोप,उपाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो,जयपाल सिंह मुण्डा ,सचिव विशाल कुमार सिंह राणा,अमर कुमार तिवारी,सोनू कुमार सिंह,राजकुमार यादव, धीरज नाग,पंकज केरकेट्टा,ललित महतो,रीणा बैठा आदी दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंगों का त्योहार होली धुमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी में रंगों का त्योहार होली शांति एवं सौहार्द पूर्ण सम्पन्न हुआ। होली मे सभी एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुब थिरके महिलाएं भी अपनी टोली बनाकर एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली के गानों में झुमने लगे। बहुत ही सुन्दर तरीके से त्योहार को मनाया गया। होली का त्योहार 24 एवं 25 दो दीन होने से महिलाएं और पुरुष और भी रंगों की मस्ती में डुबे रहे।सुबह से शाम तक रंग खेलने का सिलसिला चलता रहा।एक दुसरे के घरों में जाकर रंग लगाकर बड़ों का आशिर्वाद लिया,और छोटों को सम्मान दिया। सभी के घर जाकर पकवान का भी लुफ्त उठाया। पुरा क्षेत्र होली के गानों से गुंज उठा एवं अबीर गुलाल के रंगों से रंगमय हो गया।सिल्ली मुरी के पुलिस प्रशासन दिन भर क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए किसी प्रकार का अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर पुलिस 24 घंटा गस्ती करते रहे।

## राहे के सोसो गांव में आदिम जनजाति बिरहोर बच्चे की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राहे :** रांची जिला अंतर्गत राहे प्रखंड क्षेत्र के बंशिया पंचायत अंतर्गत सोसो गांव में बिरहोर जनजाति के परिवारों के कई सदस्य दूषित जल पीने से बीमार हो गए इनमें से तीन बच्चों को सिल्ली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया जहां इलाज के क्रम में चितरंजन बिरहोर के तीन वर्षीय पुत्र राकेश बिरहोर की मौत हो गई वहीं सीताराम बिरहोर के तीन वर्षीय पुत्र राकेश बिरहोर और चहबोर बिरहोर के दो वर्षीय पुत्र बादल बिरहोर इलाजरत हैं।इधर इस घटना के बाद पुरा प्राशासनिक तंत्र में खलबली मच गई और प्रशासन हरकत में आई आनन-फानन राहे प्रखंड के प्रभारी अंचलाधिकारी और सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पुरी मेडिकल टीम के साथ सोसो गांव पहुंचे बिरहोर जनजाति के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और नदी कुंआ डाड़ी चापानल के पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है।गांव के फागु बिरहोर ने बताया कि गांव में पेयजल के लिए भारी समस्या है एक जलमीनार है जो दो साल से बंद पड़ा है पानी नहीं निकलता जिसकी सूचना पेयजल विभाग को दी गई थी विभाग के लोग आए देख कर गए पर अब तक कुछ नहीं हो पाया,दो चापानल हैं पर उसकी भी स्थिति अच्छी नहीं है थक हार कर हम सब दूषित जल पीने को मजबूर हैं।इधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या देखने से यही लगता है कि दूषित जल का सेवन करने से लोग बीमार हो रहे हैं ज्यादातर बीमारी पेट से होती है जिसका कारण दूषित जल का प्रयोग करना है ।

## बचरा बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह का हुआ समापन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी में रमजान के मौके पर चल रहे नमाज ए तरावीह का मंगलवार की रात को समापन किया गया।चतरा जिला के लावालौंग के मझडीहा से आये हुए हाफिज नेहाल अख्तर के द्वारा मुकम्मल तरावीह पढ़ाई गई।जानकारी के अनुसार सोमवार 11 मार्च की रात से रमजान का चांद दिखने के साथ ही बसंत विहार कॉलोनी में नमाजे तरावीह की शुरुआत की गई थी,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।बंसत विहार कालोनी मे रहने वाले सीसीएल कर्मियो एंव उनके आश्रितो के लिए प्रत्येक वर्ष कालोनी मे तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है।तरावीह के समापन पर मिलाद उन नबी कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें रमजान महीने में तरावीह की नमाज की विशेषता पर प्रकाश डाला गया।इस मौके पर नात शरीफ व तकरीर भी पेश किया गया।अंत मे क्षेत्र एवं राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर,मगध खान प्रबधंक मोहम्मद अकरम,सिविल अधिकारी असलम आजाद,इस्लाम अंसारी,अब्दुल कुदुस,आबिद हुसैन,असलम आजाद, जसउद्दीन अंसारी,मुस्तकीम अंसारी,खुर्शीद आलम, अमजद अली,मो. मन्जुर,मो. नेजाम,जसीक अंसारी, रियाज अंसारी,मो. कलामउदीन,जमाल खान, दिलनवाज अंसारी, शाकिरउद्दीन अंसारी,कूदूस खान,जावेद अख्तर,मो. आशिक,मो. फारूक,खुर्शीद खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के बिलारी गांव मे मटका फोड़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव मे होली पर्व के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।डा.भीम राव अम्बेडकर क्लब बिलारी के तत्वधान में होली के अवसर पर आयोजित मटका फोड़ कार्यक्रम मे काफी संख्या मे लोग शामिल हुए।इस दौरान क्लब के युवाओ ने होली के गीतो पर नाचते गाते और झुमते हुए मटका फोड़ा।क्लब के एस. कुमार ने मटका फोड़ कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया।आयोजन समिति द्वारा पुरूस्कार राशि देकर प्रतिभागी युवक को सम्मानित किया।आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रत्येक साल होली के अवसर पर डा.भीम राव अम्बेडकर क्लब बिलारी के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जिसमे क्लब के युवा उत्साह के साथ भाग लेते हैं।इस मौके पर आयोजन समिति के कामेश्वर राम,मुंशी राम,गुलाबचंद राम,सुखदेव राम,नागेश्वर राम,संजय राम, नरेश राम,ललन राम,सुनील राम,बिनोद कुमार,मनोज कुमार,राजू राम,उमेश राम, गणेश राम,कृष्णा राम,पंकज राम,कैलाश राम,भुनेश्वर राम, रामेश्वर राम,विश्वनाथ राम, जितेंद्र कुमार,सुरेश राम, अनिल राम,भोला राम,मोती लाल,राजेंद्र राम,संजय राम, नरेश राम,मुनेश्वर राम,लक्ष्मण राम,सुनील राम,दिनेश राम सहित काफी संख्या मे स्थानीय लोग मौजुद थे।

## डीआईजी ने किया अंतरराज्य बॉर्डर का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय रांची ,के द्वारा मंगलवार को अंतरराज्य बॉर्डर मुरी पुरुलिया, श्याम नगर, सोनाहातू बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया, एवं बॉर्डर पर मौजूद पदाधिकारी एवं बल को 24 घंटे सीमा से आने जाने वाली हर वाहन को जांच करते हुए मादक पदार्थ, शराब, कैश,एवं अन्य चुनाव को प्रभावित करने वाले वस्तु पर विशेष नजर रखते हुए चुनाव से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक महोदय सिल्ली रणवीर सिंह, मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह,सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार, समेत सोनाहातू थाना उपस्थित थे।

# होली मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के द्वारा रामपुर बाजार के पास रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, सचिव नन्हे कच्छप ने सभी को रंग अबीर-गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दिए। मौके पर अमर माहतो, शंकर तांती, उत्तम गोप,अनुज सिंह मुंडा,सुकरा मुण्डा, सुरेंद्र मुण्डा,मंगल मुण्डा, प्रकाश लकड़ा,टियोफिल सांगा,पतरू नायक,छोटू लकड़ा, बिट्टू तिर्की, दिलीप कुंडू,चामू बेग, लक्ष्मण लकड़ा,सुनील लकड़ा उपस्थिति थे।

## पिपरवार कोयलांचल में उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई होली

# रंगो से रंगा कोयलॉचंल क्षेत्र, जमकर उड़े अबीर गुलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में रंगो का त्योहार होली पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।कोयलांचल क्षेत्र मे जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया,पुरा इलाका रंगो. से रंग गया।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण इलाको सहित आवासीय कालोनी परिसर मे जमकर उत्साह देखा गया,युवक और बच्चो की टोली घुम घुमकर सभी को रंग लगाया,बच्चो मे होली का गजब उत्साह देखा गया,बच्चो ने सभी को रंग लगाया और जमकर होली खेला।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में इस बार सोमवार और मंगलवार लगातार दो दिनों तक लोगों ने होली खेली।

होली के रंग मे सभी डूबे रहे,देर रात तक इसका उत्साह जारी रहा,सभी लोगो ने एक दुसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। देर रात तक लोग एक दुसरे के घर जाकर रंग लगाया और गले मिलकर होली की बधाई दी,वही स्वादिष्ट पकवान का भी आनन्द उठाया।बच्चो ने बड़ो को रंग लगाकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया,वहीं बड़ो ने भी छोटो को रंग लगाकर स्नेह और आर्शीवाद दिया।वही सीआईएसएफ कैंप में सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस ने सभी अधिकारियों जवानों को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर सीआईएसएफ के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।क्षेत्र के बचरा, राय, चुरी, पुरानीराय, बमने, बचरा बस्ती, बेंती, बिजैन,बहेरा, कल्याणपूर, कारो,किचटो, बिलारी, बुण्डु, चिरैयाटांड़, हफुआ,राजधर सहित सभी जगहो पर उत्साह और उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया गया।वही होली को लेकर मीट मुर्गा और शराब की दुकानों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।कोयलांचल क्षेत्र के मीट व शराब की दुकानों में होली पर जमकर मीट और शराब की खरीदारी की गई।



**होलिका दहन मे हुई आतिशबाजी :** होली पर्व के पूर्व रविवार की रात को पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र में होलिका दहन का आयोजन किया गया,जिसमे आतिशबाजी भी की गई।क्षेत्र के बचरा अशोक विहार कालोनी,बंसत विहार कालोनी,वनबीआर कालोनी, माईर्न्स कालोनी सहित बचरा बाजारटांड़ व सभी कालोनी और ग्रामीण क्षेत्रो मे होलिका दहन किया गया।होलिका दहण के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई।

**सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतेजाम :** होली को लेकर पिपरवार मे सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।थाना क्षेत्र के सभी मुख्य चौक और बाजारो में जवानो को तैनात किया गया था।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय क्षेत्र मे घुमकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।शरारती तत्व और मनचलो पर कड़ी नजर रखी गई।थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारगी के साथ मनायी गई,कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नही है।पिपरवार पुलिस दिन भर थाना क्षेत्र में गश्त करती रही।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मनीष प्रसाद एसएपी भारतीय उपमहाद्वीप के अध्यक्ष व मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किए गए



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैप ने आज मनीष प्रसाद को सैप भारतीय उपमहाद्वीप का प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा की। वो कुलमीत बवा के स्थान पर आए हैं, जो अब पूरे विश्व में ग्राहकों के बीच एसएपी बिजनेस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म (एसएपी बीटीपी) की वृद्धि और इसे अपनाए जाने का दायित्व संभालेंगे।टेक्नोलॉजी के दिग्गज और एसएपी में एक अनुभवी बिजनेस लीडर, मनीष ने भारत में मैटल, माइनिंग, और ऑटोमोटिव उद्योग के अग्रणी संगठनों के लिए महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली परिणाम उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मनीष ने कहा, भारत में डिजिटल परिवर्तन के सफर का महत्वपूर्ण क्षण चल रहा है, और यहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी विकसित होती टेक्नोलॉजीज़ को अपनाया जा रहा है। इसलिए यहाँ अभूतपूर्व संभावनाओं का युग शुरू हो रहा है।

## इवास इलेक्ट्रिकल्स ने पेश किया एनर्जी-एफिशिएंट मैग्नस बीएलडीसी फैन कलेक्शन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की लीडिंग कंस्ट्रक्शन मैटेरियल कंपनी इंफ्रा.मार्केट द्वारा संचालित इवास इलेक्ट्रिकल्स ने अपना लेटेस्ट इनोवेशन - मैग्नस बीएलडीसी फैन रेंज लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक सीरीज भारत में पहली बार फोटॉन ऑर्ब सीव (पीओएस) तकनीक पेश करती है, जो सीलिंग पंखों में एक नया मानक स्थापित करती है। बेहतरीन एयर-डिलिवरी की क्षमता और एनर्जी की बचत करने वाली 32डबल्यू ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) मोटर डिजाइन के साथ, मैग्नस आपके घर के अनुभव को बदल देता है।इवास इलेक्ट्रिकल्स के प्रेसिडेंट, रोहित माथुर ने कहा कि यह इनोवेशन के प्रति हमारे समर्पण का एक सच्चा उदाहरण है। हम मैग्नस सीरीज पेश करते हुए रोमांचित हैं। पीओएस टेक्नोलॉजी का एकीकरण सिर्फ एक सुविधा नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों को कूलिंग समाधान से भी कुछ अधिक प्रदान करने की हमारी सोच का प्रमाण है। अपनी तकनीकी क्षमता, शानदार डिजाइन और कॉस्ट-एफिशिएंट (लागत-कुशल) सुविधाओं के साथ, यह रेंज पर्यावरण के लिहाज से भी टिकाऊ है, जो हमारे ग्राहकों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करती है। हरीश इलेक्ट्रिकल्स के ओनर अंकुर चौधरी ने कहा कि मैग्नस निश्चित रूप से हाई क्वालिटी, एनर्जी की कम खपत और एयर फ्लो से प्रभावित करता है; वहीं हाई टेक बीएलडीसी मोटर के साथ नई पीओएस टेक्नोलॉजी का समावेश इसकी प्रीमियम अपील को बढ़ाता है।

## देश के दिल में बसी धुन, नमक हो तो टाटा का टाटा नमक




**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के आयोडीन युक्त नमक के अग्रणी ब्रांड, टाटा साल्ट ने अपनी मशहूर जिंगल, नमक हो टाटा का, टाटा नमक के साथ एक अनूठा अभियान शुरू किया है । विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर शुरू किया, यह अभियान देश का नमक के रूप में ब्रांड की सर्वव्यापकता का प्रदर्शन करता है, और नये और युवा भारत की नब्ज़ पर भी हाथ रखता है। नमक हो टाटा का, टाटा नमक जिंगल का नया रूप उपभोक्ताओं को आश्चर्यचकित और खुश करेगा; यह देश भर में हर घर में अपनी स्थायी उपस्थिति को नए परिप्रेक्ष्य में पेश करता है। दीपिका भान, अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स - इंडिया, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने इस अभियान पर अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद और ज़िम्मेदार ब्रांडों में से एक है। समय के साथ देश का नमक की अपील, उपभोक्ताओं के साथ और मजबूत हुई है। ओगिल्वी के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर(वेस्ट), अनुराग अग्निहोत्री ने कहा, हमारे देश के अधिकांश लोगों के लिए, नमक का मतलब टाटा साल्ट है और टाटा साल्ट का मतलब है, भरोसा।

## द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन में नए ग्राहकों और विक्रेताओं की संख्या में दोगुना बढ़त दर्ज

**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के तेजी से बढ़ रहे हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी ने 12 से 17 मार्च के दौरान द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान ग्राहकों को किफायती कीमतों पर जोरदार उत्पाद उपलब्ध कराए गए। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शॉप्सी ने ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन के दौरान 16 करोड़ प्लस उत्पादों को फ्री डिलीवरी तथा आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराया। द ग्रैंड शॉप्सी मेला के चौथे एडिशन में दैनिक मांग और नए ग्राहकों में 2 गुना बढ़त दर्ज की गई। शॉप्सी ने सेल इवेंट के दौरान प्रमुख रूप से योगदान करने वाले टियर 2 तथा टियर 3 शहरों, जैसे कटक, गोवाहाटी, गोरखपुर और मैसूर में ग्राहकों की मांगों में बढ़त दर्ज की है। 41 प्रतिशत नए यूज़र्स ऐसे थे जिन्होंने पहली बार शॉप्सी पर खरीदारी की जबकि 60 प्रतिशत ग्राहक देश के टियर 3 प्लस शहरों से आए थे। टियर 2 प्लस शहरों के प्रमुख ग्राहकों ने इस इवेंट के दौरान चॉपर्स, बच्चों के कपड़ों, ईयरबड्स तथा फैशन वियरेबल्स की खरीदारी की और पुरुषों की श्रेणी में टीशर्ट तथा जूते जबकि महिलाओं की श्रेणी में कुर्तियां, साड़ियां और ईयररिंग्स की सबसे ज्यादा बिक्री हुई।

## क्रिकेट प्रेमियों के लिए थम्स अप का नया कैंपेन तूफान लॉन्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोका-कोला कंपनी का भारत का घरेलू बेवरेज ब्रांड, थम्स अप आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने नए कैम्पेन, वर्ल्ड कप का तूफानी टूर के अंतर्गत थम्स अप ब्रांडेड विशेष चार्टर्ड विमान तूफ़ान लॉन्च करने के लिए उत्साहित है। आईसीसी टी20 विश्व कप के आधिकारिक बेवरेज पार्टनर के रूप में, थम्स अप ने प्रशंसकों से अपने लगाव को फिर से परिभाषित किया है और स्पोर्ट की दुनिया में प्रशंसकों के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। इस साल, थम्स अप क्रिकेट प्रेमियों को एक विशेष थम्स अप प्लेन पर एक जीवनकालिक रोमांच में वेस्ट इंडीज लेकर जा रहा है। यह अभियान क्रिकेट प्रेमियों को शानदार अनुभव प्रदान करेगा। इस अभियान में भारत की पसंदीदा क्रिकेट-जोड़ी युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं को थम्स अप पैक को स्कैन करने और तूफान पर सीट जीतने का मौका पाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। विगत 1 मार्च से शुरू यह अभियान आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। उपभोक्ता वेबसाइट पर पंजीकरण करके वेस्टइंडीज में आइसीसी टी20 वर्ल्ड कप की यात्रा जीतने का मौका पा सकते हैं। इस कैंपेन को 500 एमएल और उससे बड़े साइज़ के सभी पैक्स पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जो लाइव क्रिकेट ऐक्शन से परे एक खास अनुभव प्रदान करेगा।

## लाइसेंसी शस्त्र का सत्यापन थाना स्तर पर 28 मार्च से 30 मार्च तक कराने का निर्देश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले के सभी आर्म्स लाइसेंस होल्डर के आर्म्स का सत्यापन थाना स्तर पर कराया जाना है ताकि लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादन कराया जा सके।पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी शस्त्र लाइसेंसधारी अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति में अंकित शस्त्र को सम्बंधित थाना में दिनांक 28/03/2024 से 30/03/2024 तक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारक जिनका शस्त्र अनुज्ञप्ति अन्य राज्य / जिले से निर्गत है किन्तु उनके शस्त्र अनुज्ञप्ति का ईन्द्राज पूर्वी सिंहभूम जिला के पंजी में संधारित नही है परन्तु वर्त्तमान में उनका आवासन पूर्वी सिंहभूम जिला में है। वैसे अनुज्ञप्तिधारक भी उपरोक्त निर्धारित तिथि को ससमय सम्बंधित थाना में उपस्थित होकर अपने शस्त्र अनुज्ञप्ति तथा शस्त्र का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि में अपने शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने पर जॉच के क्रम में दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी द्वारा शस्त्र जब्त किया जायेगा एवं उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी व एसएसपी ने प्रखंड मतदान केंद्र व चेकनाका का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा पोटका एवं जमशेदपुर सदर प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक की गई। अब तक किए गए चुनाव कार्यो के अद्यतन प्रतिवेदन की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पोटका प्रखंड में हुई बैठक में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग उपस्थित थे तथा जमशेदपुर सदर प्रखंड की बैठक में सिटी एसपी मुकेश लुणायत उपस्थित थे। वहीं पोटका प्रखंड अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, पोटका और जुड़ी हाई स्कूल, पोटका तथा जमशेदपुर सदर प्रखंड अंतर्गत आरईओ कार्यालय, खासमहल कीताडीह का निरीक्षण किया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा पोटका प्रखण्ड में हाता-चाईबासा मार्ग में अवस्थित चेकनाका का निरीक्षण किया गया। अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या अन्य फ्रीबिज का अवैध परिवहन नहीं होने पाये इसके लिए तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल को छोटे ङ्क बड़े वाहनों की जांच गहनतापूर्वक करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के वाहन जांच पंजी की जांच की। अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री व राशि पाई जाती है तो नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई करने की बात कही।मौके पर एसओआर, एडीएम, डीटीओ, एसडीएम धालभूम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ घाटशिला, थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व रंगमंच दिवस पर करीम सिटी कॉलेज में अजब मदारी गजब तमाशा का प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रोमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) के तत्वाधान में विश्व रंगमंच दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध नाटककार अख्तर अली द्वारा लिखित नाटक अजब मदारी गजब तमाशा का प्रदर्शन किया गया, जिसका निर्देशन शिवलाल सागर ने किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि नाटक साहित्य का एक ऐसा रूप है जिसमें हमारा जीवन पूर्णतया प्रतिबिंबित होता है।नाटक के मुख्य भूमिका में अनिकेत कर्ण तथा अनिकेत जायसवाल ने निभाई और आकाश दास, प्रिया कुमारी, आकाश कुमार सिंह, आयुष बनर्जी आयुष मित्रा एंव ऋषभ राज ने भाग लिया। डॉ बी एन त्रिपाठी, डा अफसर काजमी, डॉ यहिया इब्राहीम, डॉ तनवीर जमाल काजमी, डा फिरोज़ इब्राहीम के अलावा कॉलेज के कई प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## विद्यापति टावर रामनगर में होली उत्सव धूमधाम से मनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विद्यापति टावर,रामनगर, कदमा, होली उत्सव में बड़ी धूमधाम से मिलन समारोह की जिसमें संस्कृत कार्यक्रम और नृत्य प्रतियोगिता और भी बहुत सारे कार्यक्रम करके सारे फ्लैट की महिलाओं ने बड़े उत्सव से होली उत्सव को मनाया। मौके पर विद्यापति टावर रामनगर कदमा के लक्ष्मी सिंह, अर्चना सिंह, दीपा श्रीवास्तव, निक्की झा, सोनाली पाल, ललिता मिश्रा, नीलम अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## दंत चिकित्सक डॉ. दीपाली ने पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में विद्यार्थियों को किया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला के संस्थापक सह पूर्व सचिव स्वर्गीय बीटी महतो की छोटी पुत्री सह दंत चिकित्सक डॉ. दीपाली महतो ने बुधवार को इंटर कॉलेज, जाल्ला में स्वच्छता के संदर्भ में शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। डॉ. दीपाली ने दांतो की साफ-सफाई के बारे में प्रेक्टिकल के रूप में जानकारी साझा की। उन्होंने दांतो में होने वाले रोगों के उपचार व अन्य उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ज्यादा परेशानी होने पर चिकित्सक के पास दिखाने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के प्रयोगशाला, पुस्तकालय व वर्ग कक्ष को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार महतो समेत सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

## कुआं से एक 6 वर्षीय बच्चे का लाश बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के धुंधाडीह और लाबा गांव के बीच खेत में बने एक कुआं से मंगलवार को 6 वर्षीय हाराधन गोप का तैरता हुआ लाश बरामद किया गया। ईचागढ़ पुलिस द्वारा लाश को कुआं से उठाकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हाराधन गोप घर से खेलने निकला था और शाम तक घर नहीं लौटने से परिजनों द्वारा अगल बगल खोजबीन किया गया, लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चला। दो दिन पहले ईचागढ़ थाना में मृत बच्चे के पिता कर्ण गोप द्वारा गुमशुदगी का सुचना दर्ज कराया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया कुआं में गिरने से मौत हुई प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर तहकीकात जारी है एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

## लावा व माचा गांव में हरिनाम संकीर्तन शुरू, झामुमो नेता आस्तिक महतो ने लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लावा गांव स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर में नवरात्रि हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ मगलवार की सुबह हुआ। इसमें पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के विभिन्न जिलों से 11 कीर्तन मंडली शामिल होंगी। इसमें महादेव पाल (तेंतुलचिटा), विकास गोप (मन बोदराडीह), प्रभाकर महतो (तुईडांग), नेपाल सिंह (महाड़ा), विकास महतो (वैद्यनाथपुर), डुलु दास (लावा), महादेव एवं प्रेमचांद महन्त (सुंदरपुर), छुटुलाल महतो (चंदनपुर), लालमोहन महतो (भवानीपुर), अर्जुन एवं नंदू भगत महिला संप्रदाय (चैनमुंडी), अष्टसखी महिला संप्रदाय (सारेंगा) शामिल हैं। पहले दिन शाम को झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो व जिला परिषद के पूर्व सदस्य स्वपन कुमार महतो ने मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान आस्तिक महतो ने ग्राम प्रधान बृंदावन दास समेत कमेटी के अन्य सदस्यों से मिलकर धार्मिक अनुष्ठान के इस आयोजन की सराहना की। मौके पर मनोज महतो, नकुल महतो, कैलाश महतो, श्यामल गोराई, दुलाल कुंभकार, घनश्याम गोराई, तपन गोराई, कालीपद सहिस, प्रवीण मल्लिक, लक्ष्मीकांत गोराई, बिरिंची गोराई, जयदेव मल्लिक, दीपक गोराई व प्रशांत मल्लिक आदि मौजूद थे।

## ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट ने उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ मनाई फूलों की होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** होली के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की रोजेदारों की एक टीम जिसमें आजाद नगर थाना शांति समिति के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, समाजसेवी सैयद मंजर अमीन, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज के रिटायर्ड सैयद आसिफ अख्तर, ने उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर, सिटी एसपी मुकेश लुनायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, तथा सीसीआर डीएसपी अंजनी कुमार तिवारी को होली की शुभकामनाएं और मुबारकबाद देने पहुंचे, सारे पुलिस पदाधिकारियों को खुशबूदार फूलों की पंखुड़ियां डालकर होली मनाई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने होली को सद्भावना का पर्व बताते हुए आए हुए मुस्लिम समाज के लोगों को मुबारकबाद दिया।

## कदमा के लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला मे होली मिलन समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा के उलियान स्थित श्री श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला मे सोमवार की शाम को आयोजित हुए रंगारंग भव्य होली मिलन समारोह में उत्साह के साथ मारवाड़ी समाज के लोागें ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही फूलों से होली खेली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए और दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। मंदिर कमेटी के महामंत्री अशोक मोदी ने समारोह का सफल संचालन करते हुए अपने स्वागत भाषण मे मुख्य अतिथि बन्ना गुप्ता सहित समारोह मे उपस्थित सभी समाज बन्धु गण का अभिनंदन किया। श्री श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के बच्चों के द्वारा विभिन्न रूप मे फेन्सी ड्रेस तथा महिलाओं द्वारा एकल एवं सामुहिक रूप मे राजस्थानी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी। स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल एंड टीम के द्वारा भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसे सफल बनाने मे प्रमुख रूप से अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, निर्मल मित्तल, नरेश मोदी, सांवरमल शर्मा, महावीर गुप्ता, अजय हरुपका, बबलू आगीवाल, पवन अग्रवाल, ललित अग्रवाल, उषा शर्मा, मंजू, रीमा, अंजू, राकेश, दीनू, शशि, बिनोद ,भूपेश, बुल्ला, राजेन्द्र मोदी, कमल हरुपका, अशोक अग्रवाल सहित निर्णायक भूमिका में छाया गुप्ता और रेखा मित्तल आदि का योगदान रहा।

## गम्हरिया व आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली, खूब उड़े रंग व गुलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को विभिन्न प्रकार के रंगों से रंगकर व गले मिलकर होली की बधाई देते हुए उनके जीवन को रंगीन बनाने की कामना की गई। इस पर्व के मौके पर बच्चो, युवाओं व महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। आपसी भेदभाव भुलाकर सभी एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली के सरोबार में डूबे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में होली का विशेष उत्साह देखा गया। होलिका दहन के साथ ही होली का उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा था।होलिका दहन के दूसरे दिन सुबह से ही लोग एक-दूसरे पर रंग लगाने के लिए टूट पड़े। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान, सभी होली के रंग से सराबोर थे। वहीं, इस अवसर पर घरों में बने पुआ, पकवान समेत अन्य व्यंजनों का भी लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। कई जगहों पर टोली में जुटकर लोग होली गीत गाते नजर आए। इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक व्यवस्था की गई थी। विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था। इस दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## पीडीजे एवं सदर एसडीओ ने ओल्ड एज होम में रह रहे वृद्धों के साथ मनाया होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला जिला मुख्यालय के साहिबगंज स्थित फ्यूरिडा संस्था द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में कई वृद्ध विगत कुछ वर्षो रहते आ रहे हैं। जो पर्व त्योहारों में भी अपनों से दूर रहते हैं। होली के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरायकेला विजय कुमार, एसडीओ सरायकेला सुनील कुमार प्रजापति के साथ मिठाइयां और अन्य दूसरे सामान लेकर उनके बीच पहुंचे। वृद्धाश्रम के वृद्धो के चेहरे इन्हे देख खुशी से चमक उठे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और सदर एसडीओ ओल्ड एज होम में रह रहे वृद्ध लोगों से फूलों के साथ होली मनाया और उन्हें मिठइयां खिलाई। इस अवसर पर फ्यूरीडा संस्था के अध्यक्ष भास्कर कुमार एवं अन्य न्यायालय कर्मी भी उपस्थित थे। पीडीजे नेवृद्ध जनों के स्वास्थ्य के संबंध भी जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि साप्ताहिक रूप से एक डॉक्टर को ओल्ड ऐज होम भेजा जाय।

## टाटा स्टील की टाटा पावर के साथ कैप्टिव क्लीन एनर्जी डील 2023 के शीर्ष डील में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्टील कंपनी, टाटा स्टील ने आज घोषणा कर कहा कि इंडिया बिजनेस लॉ जर्नल ने टाटा पावर के साथ उसकी 966 मेगावाट राउंड-द-क्लॉक (आरटीसी) ग्रुप कैप्टिव डील्स को 2023 की शीर्ष डील की सूची में शामिल किया है।ग्रुप कैप्टिव योजना के तहत, यह भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक राउंड-द-क्लॉक हाइब्रिड रिन्यूएबल पावर परियोजनाओं में से एक है और इसे टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की सहायक कंपनी टीपी वर्धमान सूर्या द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। यह मेगा डील, जिसे 2023 के 50 बेहतरीन डील में से एक माना गया है, हरित ऊर्जा समाधान अपनाने और बेहतर कल को सक्षम बनाने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।बता दें कि इंडिया बिजनेस लॉ जर्नल भारत की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में से एक है, जिसका संदर्भ कानूनी पेशेवर, कानूनी और विनियामक मामलों को समझने, प्रमुख व्यावसायिक सौदों का विश्लेषण करने, कानूनी और विनियामक परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए लेते हैं।

## होली में शराब के लिए पैसे मांगने से इंकार किए जाने पर उपद्रवियों कई वाहनों के शीशे फोड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** होली के दौरान शराब के लिए पैसे मांगने से इंकार किए जाने पर उपद्रवियों द्वारा गम्हरिया प्रखंड परिसर में खड़े जनवितरण प्रणाली के कई वाहनों के शीशे फोड़ दिया गया। इस सम्बंध में वाहन चालक राजेश रजक ने बताया कि होली का पर्व मनाने के लिए कुछ असामाजिक युवकों द्वारा शराब पीने के लिए उससे जबरन पैसे मांगा जा रहा था। चालक ने अपनी मजबूरी बताते हुए पैसे देने में असमर्थता जाहिर की। इसके बाद युवकों द्वारा वहां खड़े तीन-चार वाहनों के शीशे फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। विदित है कि उन वाहनों से पीडीएस डीलरों के यहां गोदाम से खाद्यान्न की आपूर्ति की जाती है।

## गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए पारित हुआ प्रस्ताव

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमास और इस्राइल के बीच तत्काल युद्धविराम के लिए एक प्रस्ताव पेश किया गया, जो पारित हो गया।अमेरिका एकलौता देश था जो युद्धविराम के प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। अमेरिका के इस रुख को लेकर इस्राइल ने नाराजगी भी जताई है। इस बीच, अमेरिका द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव पारित करने की अनुमति देने के बाद इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की वाशिंगटन यात्रा रद्द हो गई है। इन तमाम घटनाक्रमों ने दोनों देशों के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ा दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। प्रस्ताव में मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के साथ-साथ तमाम बंधकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की बात कही गई है। इससे पहले अमेरिका द्वारा प्रस्तावित एक मसौदे को रूस और चीन ने वीटो कर दिया था।मोजाम्बिक के राजदूत पेरो अफोंसो ने यूएन सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित अस्थाई सदस्य देशों की ओर यह प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें मुख्य रूप से तीन मांगें की गई थीं। प्रमुख मांग में गाजा में युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता का प्रावधान शामिल है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 14 वोट डाले गए, जबकि अमेरिका ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव के मसौदे में स्थाई युद्धविराम शब्द का इस्तेमाल किया गया था, जिसे बदल कर तुरंत युद्धविराम कर दिया गया। 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हमास के हमलों और उसके बाद गाजा में इस्राइल की जवाबी कार्रवाई के बाद से अब तक सुरक्षा परिषद में इस विषय पर कई प्रस्ताव लाए जा चुके हैं। मगर, सुरक्षा परिषद के कुछ स्थाई सदस्य देशों (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, अमेरिका) ने अपने वीटो अधिकार के जरिये नकार दिया। इस प्रस्ताव में 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने में युद्धविराम लागू किए जाने की मांग की गई है। साथ ही इस्राइल पर हमलों के दौरान बंधक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग की गई है। वहीं, गाजा में जरूरतमंद आबादी तक मानवीय सहायता पहुंचाने पर बल दिया गया है।रमजान के महीने के लिए तुरंत युद्धविराम की मांग की गई है, जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाना होगा। साथ ही इससे एक स्थाई, सतत युद्धविराम का मार्ग प्रशस्त होगा।सभी बंधकों की तत्काल और बिना किसी शर्त के रिहाई की जानी होगी। बंधकों की चिकित्सा और अन्य मानवतावादी आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। हिरासत में रखे गए सभी बंदियों के संबंध में सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने तयशुदा दायित्वों का निर्वहन करना होगा।गाजा में मानवीय सहायता का प्रवाह जल्द से जल्द बढ़ाने पर बल दिया गया है ताकि पूरी गाजा पट्टी में आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके। मानवीय सहायता के मार्ग में आने वाले सभी अवरोधों को दूर करने की मांग की गई है।दरअसल, 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल में हमला किया था। इन हमलों में 1,200 से अधिक लोगों की जान गई थी और 240 को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इस्राइली कार्रवाई में अब तक 32 हजार फलस्तीनी मारे गए गए हैं और हजारों अन्य लोग घायल हुए हैं।यूएन ने कहा है कि गाजा में जारी लड़ाई और इस्राइली बमबारी के बीच जल और विद्युत व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके अलावा यहां मानवीय सहायता को प्रभावित इलाकों में पहुंचाने के मार्ग बंद हैं।गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। इस प्रस्ताव से इस्राइल ने अलग रुख अपनाया है। यूएन में इस्राइली राजदूत गिलाद ऐर्दान ने सुरक्षा परिषद को ही कठघरे में खड़ा किया और सवाल किया कि पीड़ितों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में हुए घातक हमले की निंदा की गई थी, मगर सुरक्षा परिषद 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले की निंदा करने में परिषद विफल रही है। उनके अनुसार सुरक्षा परिषद ने संहार की निन्दा करने से मना कर दिया, जोकि शर्मनाक है। इसके अलावा इस्राइल ने अमेरिका के रुख को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने प्रस्ताव पर अमेरिका के दूर रहने को इसमें वीटो करने में अमेरिका की विफलता बताया है। कहा गया कि यह अमेरिका की पिछली स्थिति से स्पष्ट रूप से पीछे हटना दिखाता है। इसके साथ ही नेतन्याहू के कार्यालय ने यह भी कहा कि अमेरिका की नई स्थिति के मद्देनजर नेतन्याहू अमेरिका में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजेंगे। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइली अधिकारियों से मिलने का अनुरोध किया था। इस बैठक में दक्षिणी गाजा में राफा पर जमीनी आक्रमण की इस्राइली योजनाओं पर चर्चा होनी थी। अब व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि नेतन्याहू के फैसले से अमेरिका निराश है।

### स्वतंत्रता के बाद हमारे देश में 17 आम चुनाव तथा लगभग 400 विधानसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं

# विश्व की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में सबकी जिम्मेदारी

**अवधेश वुमार**

> मुख्य चुनाव आयुत्त राजीव वुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विश्व के कई महाद्वीपों की जनसंख्या से ज्यादा हमारे देश के मतदाताओं की संख्या है। वुल मतदाताओं की संख्या 96 .88 लाख करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 49 .7 करोड़ तथा महिला 47 .01 करोड़ हैं। इस चुनाव में 10 .5 लाख मतदान वेंद्र होंगे जहां 55 लाख से ज्यादा इवीएम में लोग वोट डालेंगे। विश्व के किसी कोने के आम व्यत्ति को एहसास भी नहीं होगा कि इतना बड़ा चुनावी व्यवस्था और तंत्र कहीं संभव है। वास्तव में भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा चुनाव पर हमेशा से विश्व की दृष्टि रही है।

चुनाव आयोग द्वारा मतदान तिथियों की घोषणा के साथ लोकसभा चुनाव की औपचारिक शुरुआत हो गई है। जैसा मुख्य चुनाव आयुत्त राजीव वुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विश्व के कई महाद्वीपों की जनसंख्या से ज्यादा हमारे देश के मतदाताओं की संख्या है। वुल मतदाताओं की संख्या 96.88 लाख करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़ तथा महिला 47.01 करोड़ हैं। इस चुनाव में 10.5 लाख मतदान वेंद्र होंगे जहां 55 लाख से ज्यादा इवीएम में लोग वोट डालेंगे। विश्व के किसी कोने के आम व्यत्ति को एहसास भी नहीं होगा कि इतना बड़ा चुनावी व्यवस्था और तंत्र कहीं संभव है। वास्तव में भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा चुनाव पर हमेशा से विश्व की दृष्टि रही है। विश्व के नेताओं और विश्लेषकों में आज भी ऐसे लोग हैं जो भारत के इतने बड़े चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर आार्यं व्यत्त करते हैं। स्वतंत्रता के बाद हमारे देश में 17 आम चुनाव तथा लगभग 400 विधानसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अगर छोटे चुनावों को देखें तो 16 राष्ट्रपतियों एवं उपराष्ट्रपतियों का चुनाव भी इसी तरह संपन्न कराया जा चुका है। निाति रूप से इसमें चुनाव आयोग की प्रमुख भूमिका होती है लेकिन देश का राजनीतिक प्रतिष्ठान और मतदाताओं का अपनी व्यवस्था के प्रति सम्मान एवं अनुशासन नहीं हो तो यह संभव नहीं हो सकता। वास्तव में हम अपनी व्यवस्था, राजनीतिक दलों, मतदाताओं की सोच और व्यवहार की आलोचना करते हैं पर संसदीय लोकतंत्र का जो ढांचा, उससे जुड़ी हुई जो व्यवस्थाएं हमारे समक्ष उपस्थित हैं और विश्व समुदाय की प्रशंसा पाती हैं वह इनके बगैर संभव नहीं हो सकता। इस चुनाव की विशेषता यह है कि पहली बार एक करोड़ 82 लाख मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे। 20 वर्ष से 29 वर्ष के बीच के मतदाताओं की संख्या 19 करोड़ 74 लाख है। इतनी बड़ी युवा आबादी किसी देश का भविष्य होती है और मतदान द्वारा भविष्य के सत्ता और विपक्ष की भूमिका तय करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका



होती है। कोई भी व्यवस्था संपूर्ण रूप से दोषरहित नहीं होती। कितु इतनी संख्या में मतदाताओं को संभालने के लिए लगभग 1.5 करोड़ चुनाव अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों के साथ 2100 पर्यवेक्षकों की भूमिका होती है। वुल 3 लाख 40 हजार से अधिक सुरक्षा बल के जवान तैनात होंगे, जिनमें सबसे ज्यादा पामि बंगाल में 92,000 तथा उसके बाद जम्मू कश्मीर में 36,000 होंगे। इसलिए हमारी वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन में इन सबकी भूमिका स्वीकार करनी होगी। लोकसभा चुनाव हम सबको अपने उत्तरदायित्वों का भान कराता ही है यह अवसर इसका भी अहसास कराता है कि जिन्हें हम हर स्तर पर सत्ता शीर्ष पर देखते हैं केवल उनकी ही भूमिका हमारी व्यवस्था तंत्र को आगे ले जाने और बनाए रखने में नहीं होती। भारी संख्या में लोग समय-समय पर इसमें योगदान करते रहते हैं। यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की संवेदनशीलता है जिसमें चुनाव आयोग यहां तक घोषणा कर चुका है और इसकी व्यवस्था भी है कि जो मतदाता मतदान वेंद्रो तक पहुंचने की स्थिति में नहीं हैं वह घर से मतदान का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें उपलब्ध होगा। अगर कहीं एक मतदाता ऐसा होगा तो उसके भी मतदान की व्यवस्था कराईं जाएगी। यह पहली बार होगा जब पचासी से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग वाले अपने घर से मतदान कर सवेंगे। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के 82 लाख पंजीवृत मतदाता है, जबकि 2.38 लाख मतदाताओं की उम्र 100 वर्ष से अधिक है। यानी इन मतदाताओं ने अपने देश का पहला आम चुनाव भी देखा होगा या इनमें से वुछ नहीं मतदान भी किया होगा। 88.35 लाख दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है। व्यवस्था में कमियां हैं कितु यही इन सारे लोगों को लोकतांत्रिक प्रायिा का अंग बनाने की तैयारी भी दिखाता है। यही अप्रोच हमारे चुनाव प्रणाली को आज काफी सहज, सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने में प्रमुख कारण रहा है। अगर एप्रोच में संवेदनशीलता और स्पंदनशीलता नहीं हो तो न इतना ज्यादा मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और न ही सुरक्षा से लेकर मतदान को भ्रष्टाचार व कदाचार से मुत्त रखने के लिए इतना भारी भरकम तंत्र उपयोग में लाया जाता। एक समय था जब भारत में महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम होता था। कितु अब यह स्थिति बदली है। विधानसभाओं से लेकर लोकसभा चुनावों में अनेक स्थानों पर मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा रही है। वैसे भी 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा हो गई है। यानी महिलाओं में भी स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीवृत कराने की जागरूकता बढ़ी है। इसकी कल्पना काफी पहले नहीं थी। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि लगातार आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। यह सब यूं ही नहीं हुआ है। चुनाव आयोग और अन्य संस्थाएं मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हैं तो इसके साथ अगर मतदाताओं को अपनी सुरक्षा का विश्वास नहीं हो तो काफी संख्या मतदान वेंद्रों तक नहीं जाएंगे। देश में जब राजनीति के अपराधीकरण का दौर था, बाहुबली मत लूटते थे, हत्या तक करते थे तब काफी संख्या में आम लोग मतदान करने से दूर रहते थे। यह स्थिति बदल गईं है। इनमें चुनाव आयोग, न्यायपालिका मीडिया सबकी भूमिका है। कितु राजनीतिक दलों को अलग कर दें तो इसका विश्लेषण पूरा नहीं होगा।

दृष्टि कोण

## योग स्वास्थ्य के लिए रामबाण

आज जब प्रौद्योगिकी में उन्नति के कारण शहरीकरण से दैनिक जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास हुआ है, मगर इस सबसे मानव फिटनेस में काफी कमी आई है। इसलिए अच्छे फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत भी महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगते हैं। जनमानस का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। योग हर उम्र के लोग आसानी से थोड़ी सी जगह में भी कर सकते हैं। दौड़ती-भागती जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नए नए शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों में नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, ये अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति



यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्त का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह, ये नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कत्र्तव्यपरायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो, उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है, बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य : मन, वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रियजनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह : अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी-मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है। बल्कि अपने मन के विचारों को पहचान कर उन्हें दूर करने का प्रयास करना जरूरी है। शरीर और मन दोनों की शुद्धि। संतोष दूसरा नियम है। इसमें कत्र्तव्य का पालन करते हुए जो कुछ उपलब्ध हो, जो कुछ प्राप्त हो, उसी में संतुष्ट रहना। किसी प्रकार की तृष्णा न करना। तीसरा नियम है तप, इस नियम में अपने वर्ण, आश्रम, परिस्थिति और योग्यता के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। व्रत, उपवास आदि भी इसी में शामिल किया जाता है। यानी कि स्वयं से अनुशासित दिनचर्या में रहना है। स्वाध्याय चौथा नियम है। जिससे कत्र्तव्य का बोध हो सके, मतलब शास्त्र का अध्ययन करना। महापुरुषों के वचनों का अनुपालन भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है। ईश्वर प्राणिधान पांचवां नियम है। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण व संपूर्ण श्रद्धा रखना। फल की इच्छा का परित्यागपूर्वक समस्त कर्मों का ईश्वर को समर्पण करना ईश्वर प्राणिधान कहलाता है।

कुछ अलग

## वारिस और वसीयत...

वक्त बदलने के साथ-साथ बातों का अर्थ, जीने का अंदाज, प्रेमालाप का तरीका तक कुछ इस कद्र बदल गया है कि हम पहचान ही नहीं पाते कि क्या यह हमारा वही संसार है जिसमें हम तन कर हमेशा 'सही को सही' और 'गलत को गलत' कहते रहे। तब की बात और थी हुजूर। तब हम सच के हक में आवाज उठाते थे, तो दस लोग हमारी हां में हां मिलाने के लिए खड़े हो जाते थे। हां में हां मिलाने वालों की तो आज भी कमी नहीं, लेकिन जमाने ने सच के अर्थ और यथार्थ के सन्दर्भ ही बदल दिए, इसलिए हां में हां मिलाने वाले अब किसी सत्कार्य के लिए खड़े होने वाले नहीं, बड़े आदमी की चाटुकारिता में अर्थ तलाशने वाले हो गए। जी, यह इस अर्थ का मतलब समझने वाला नहीं, मतलब साधने वाला है। अर्थ वहीं कालमता साहिब, कि जिसके लिए पहले कहा जाता था, 'तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा।' लेकिन आज जब मुसाफिरों को कहीं जाने की जरूरत नहीं तो भला उन्हें जागने की क्या जरूरत? अब वह गोपाल कृष्ण कहां जो सत्ताधीश होकर भी सुदामा को नहीं भूले। मिलने आए मित्र की पोटली छीन कर खोल ली। उसमें सत्तू थे, आधे-आधे बांट कर खा लिए। मानते हैं कि चुनाव करीब हैं। अब सुदामा के सत्तुओं की पोटली का महत्व बढ़ सकता है। वोट मांगने के लिए तुम्हारी पोटली की थाह लेने तेरे द्वार तक दोबारा सत्ताधीश बनने की चाह रखने वाले आएंगे। जो इनके नीचे से कुर्सी खिसका दें, ऐसे विपक्षी भी तेरा द्वार खटखटाएंगे। भला तेरी सत्तुओं की पोटली में इतनी कुव्वत है कि वह आधी-आधी बंट कर दोनों का पेठ भर सके? अजी क्या गए बीते जमाने की बातें करते हो? पेट तो देखो इन भद्रजनों के भरे-भराये हैं। वे तेरे सत्तू बांटने नहीं तुझे अपने सपने के एक टुकड़े की खैरात देने आए हैं। पिछली बार पांच साल पहले सपनों की आमद का भ्रमजाल बिछा तेरे मतपत्रों का जिंदाबाद ले गए थे। फिर तुझे या तेरी पोटली या उसमें बंधे सत्तू भूल अपनी साइकिलों को आयातित गाडियां बनाने में लगे रहे। अब चुनाव युग आने की घंटी टनटनायी तो फिर तेरी सुदामा का सुदामा रह जाने और उसकी पोटली के और भी फट जाने की याद आई। अब उसकी उधडन सीने के लिए नारों के नए सूई-धागे के साथ सपनों का नया टुकड़ा भी लाए हैं। देखो, हर हाथ को काम देने का वायदा था, उसकी सुध नहीं ली। उस वायदे के चेहरे पर 'अपना हाथ जगन्नाथ' और 'स्वरोजगार' की सफेदी की पुताई करते रहे। अब फिर तेरे वोट मांगने का समय आया तो तेरी पोटली मुंह बाये है। इस बीच तो इसका मुंह और भी खुल गया। बीच के चार दांत भी गायब हो गए। नेता जी क्या जवाब दें? गरीब की पोटली तो वैसे ही रहनी थी। अब क्या इस फेर में हर दिन अपनी भारी भरकम होती जा रही गठरी को भी गंवा दें? साहिब, चाहे सब कुछ बंटाधार हो जाए, लेकिन देश की लोक संस्कृति, लोक जीवन और लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देनी है। पहले भी नहीं आने दी थी। एक दो नहीं पूरे पांच राज्यों में चुनाव करवा डाले। ईवीएम मशीनों की धूल-मिट्टी झड़ गई। अगर इस बीच दाना-पानी के अभाव में चंद लोग मिट्टी में मिट्टी हो गए, तो क्या गम? सब पास हो गए, किसी को फेल नहीं होने दिया। देख लो शिक्षा क्रांति हो गई और युवा पीढ़ी भी एक दर्जा ऊपर चली गई। यह महिला सशक्तिकरण का जमाना है, और तुम लोग उनकी आर्थिक दुर्दशा की बात करने लगे। अरे समझदारों ने कैसे-कैसे हल निकाल लिया। जिंदगी मौत का भरोसा नहीं। समस्या है अपनी अगाध सम्पदा की वसीयत किसके नाम लिखें? यारों के पास इसका समाधान है। किराए की कोख लेकर बिना नजदीक गए अपने लिए वारिस पैदा करवा लीजिए।

देश दुनीया से

## वनों से शहरी हरित स्थानों तक की यात्रा

> वर्ष 2007-2008 के दौरान विश्वविद्यालय में एक मुख्य बाधा थी मार्गदर्शकों की कमी। वन्यजीव जीवविज्ञान उस समय लोकप्रिय विकल्प नहीं था, ज्यादातर छात्र वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों को चुनते थे। गनीमत रही कि डॉ. अखिला हिरेमठ से परिचय होने से उन्हें पारिस्थितिक अनुसंधान में बहुमूल्य जानकारी मिली, जिसने उन्हें इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझने में मार्गदर्शन दिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही डॉ मोनिका कौशिक की इस रोमांचक यात्रा की शुरुआत हुई। वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) में बीएससी की पढ़ाई करते समय, उन्हें इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि वन्यजीव जीव विज्ञान (वाइल्डलाइफ बायोलॉजी) और पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) उनके संभावित कैरियर विकल्प बन सकते हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय में ही पर्यावरण जीव विज्ञान (एनवायर्नमेंटल बायोलॉजी) में परास्नातक डिग्री हासिल करने के दौरान ही उनके सामने इससे छिपी संभावनाएं सामने आई। समुदाय पारिस्थितिकी (कम्युनिटी इकोलॉजी) और वन्यजीव जीव विज्ञान के पाठ्यक्रमों ने उनके लिए एक नया संसार उजागर कर दिया, जिसने पारंपरिक कक्षाओं की सीमाओं को पार करते हुए उनके अंदर एक जुनून पैदा किया। यही जुनून अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया, चंबल वन्यजीव अभयारण्य की एक फील्ड ट्रिप के दौरान। वहां घड़ियालों के लिए चलाए जा रहे मनमोहक संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम (कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम) ने उनके ऊपर एक अमिट छाप छोड़ी। स्थानीय जैव विविधता पहलों में सक्रिय भागीदारी के साथ यह अनुभव उनके जुनून को और उत्तेजित करने लगा, जो अब पारंपरिक शिक्षा की सीमाओं से बहुत आगे निकल चुका था। उन्हें अब समझ आने लगा था कि वन्यजीव जीव विज्ञान सिर्फ जंगली जानवरों की तस्वीरें लेने के बारे में नहीं है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्रों के भीतर जटिल संबंधों को समझने के बारे में भी है।



महत्वपूर्ण क्षणः लैंटाना और एवियन बीज फैलाव की गतिशीलता की खोज : स्नातकोत्तर अध्ययन के वर्षों में, खासकर वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया में पीएचडी के दौरान, उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने कर्नाटक में एक इंटर्नशिप के लिए अशोक ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट (एटीआरई) से डॉ. अंकिला हिरेमथ से संपर्क किया। डॉ. हिरेमथ ने उनका अपने एक प्रोजेक्ट में स्वागत किया, जो बिलीगिरी रंगा स्वामी मंदिर वन्यजीव अभयारण्य में लैंटाना की गतिशीलता पर केंद्रित था। यह इंटर्नशिप लैंटाना (लैंटाना एक ऐसा सुन्दर पौधा है जो देखने जितना मनमोहक है उतना ही हानिकारक भी है पशुओं के लिए), देशी पक्षी समुदायों और पक्षियों द्वारा बीज फैलाने के संबंधों पर केंद्रित थी। उनका विशेष ध्यान लैंटाना के देशी फलदार पौधों के बीज फैलाने पर पड़ने वाले प्रभाव को समझने पर था, जिसने क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों की नींव रखी थी।

चुनौतियों से निपटना, एक यात्रा : बीते सालों को याद करते हुए, वे खुलकर उन चुनौतियों के बारे में बताती हैं जिनका सामना उन्हें करना पड़ा। वर्ष 2007-2008 के दौरान विश्वविद्यालय में एक मुख्य बाधा थी मार्गदर्शकों की कमी। वन्यजीव जीवविज्ञान उस समय लोकप्रिय विकल्प नहीं था, ज्यादातर छात्र वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी जैसे परंपरागत पाठ्यक्रमों को चुनते थे। गनीमत रही कि डॉ. अखिला हिरेमठ से परिचय होने से उन्हें पारिस्थितिक अनुसंधान में बहुमूल्य जानकारी मिली, जिसने उन्हें इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझने में मार्गदर्शन दिया। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी इंटर्नशिप के बारे में साझा किया जिसके दौरान उन्हें अलग राज्य में इंटर्नशिप करने का मौका मिला। उनका परिवार ज्यादा पढ़ा लिखा न होने के बावजूद शिक्षा की महत्वता को भली भाँति समझता था, उनके पिताजी हमेशा से चाहते थे की उनकी बेटी डॉक्टर बने और अपने सपनो को पूरा करे और यही जूनून डॉ मोनिका में भी था इसीलिए सारी बाधाओं को पार करके अपने सपने को पूरा भी किया। इन सब के बावजूद अपने परिवार को समझाना उनके लिए कोई आसान काम नहीं था, विशेषकर ऐसी फील्ड के लिए राज़ी करना जहाँ जंगली जानवर तो थे ही साथ में कम महिलाओ का होना भी एक चिंता का कारण बना हुआ था। डॉ मोनिका बताती है कि उनके परिवार की चिंता तब दूर हुई जब उन्हें यह बताया गया कि उन्हें एक महिला सलाहकार सहित अन्य शोधकर्ताओं के साथ बेस कैंप में तैनात किया जाएगा। शुरुआत के दिनों में उन्हें वन अधिकारियों के फ्रंटलाइन कर्मचारियों का रुखा व्यव्हार देखने को मिला लेकिन उनके लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों से मान्यता प्राप्त करना प्राथमिक लक्ष्य नहीं था। उनके दिमाग बस इस बात पर केंद्रित था कि कैसे उन्हें चुनौतियों के बावजूद अपना काम पूरा करना है।

आप का नजरीया

## परिसर में हिंसक भीड़

आज एक ऐसा मुद्दा उठा रहे हैं, जो हमारे शिक्षण-संस्थानों के भीतर हिंसक भीड़ और उनके हमलों से जुड़ा है। यह भीड़ हमारी संस्कृति और हमारे मूल्यों से जुड़ी नहीं है, बल्कि एक देश के तौर पर हमें कलंकित करती है। जब मामला विदेशी छात्रों पर हिंसक हमले का सामने आता है, तब हमारे चिंता और सरोकार बढ़ जाते हैं। चूंकि दुनिया एक कुटुम्ब की तरह, आपस में अंतरंग रूप से, जुड़ रही है, लिहाजा यह उच्च शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों की बुनियादी जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अधिक शांतिपूर्ण, सहिष्णु, समावेशी, सुरक्षित और स्थिर समाज के कारक और प्रोत्साहक बनें। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) का सिद्धांत और ब्रह्मवाक्य भी है। बीते शनिवार को गुजरात यूनिवर्सिटी के अहमदाबाद परिसर में एक भीड़ ने 5 विदेशी छात्रों पर तब हमला किया, जब वे रमजान के पाक महीने में नमाज पढ़ रहे थे। ऐसे हमले हमारी शिक्षा नीति के सिद्धांत, उसकी प्रतिबद्धता और आश्वासन को खंडित करते हैं। वीडियो में करीब 25 युवा छात्र विदेशी छात्रों पर हमले करते दिख रहे थे। श्रीलंका, अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के 1-1 घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यकीनन यह आपराधिक घटना थी और विश्वविद्यालय के परिसर में कानून-व्यवस्था का सरासर उल्लंघन किया गया। फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने कानून को हाथ में लेकर लीपापोती की कोशिश की। हालांकि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने सिर्फ यह बयान दिया कि वह गुजरात सरकार के संपर्क में है। वह और कर भी क्या सकता था? दूसरी आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया यह सामने आई कि हिंसक हमले के पीड़ितों को ही 'दोषी' करार देने की कोशिश की गई। मुद्दा यह है कि ऐसा हमला विदेश में भारतीय छात्रों के साथ भी हो सकता था। ऐसी घटनाएं होती भी रही हैं। तब हम कैसा महसूस करते हैं? हम तसल्ली देते रहे हैं कि ऐसी घटनाएं परंपरा और सिलसिलेवार नहीं हैं। ये अपवाद के तौर पर होती हैं। बेशक ये कानून का कठोर उल्लंघन हैं। ऐसी ही तसल्ली हमें विदेशी छात्रों को देनी चाहिए। हालांकि हमले के तुरंत बाद कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेशी छात्रों को आश्वस्त किया कि वह उन्हें एक अलग होस्टल में शिफ्ट कर देंगी। विदेशी छात्रों की सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है। यह भी कोई सौहार्द का कदम नहीं है। छात्रों को आपस में घुल-मिल कर रहना और पढ़ना सीखना चाहिए, लेकिन कुलपति ने यह आत्ममंथन नहीं किया कि विदेशी छात्रों पर हमले क्यों और कैसे किए गए? विदेशी छात्र कोई भी हों, उन्हें सांस्कृतिक तौर पर संवेदनशील होना ही चाहिए। इस घटना ने साबित कर दिया है कि हमें अब भी सांस्कृतिक अनुकूलन की जरूरत है। क्या यह दायित्व विदेशी छात्रों का है? हमारे संविधान में धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार बहुत महत्वपूर्ण है, लिहाजा नमाज पढने वालों की स्वतंत्रता और गरिमा का भी सम्मान किया जाना चाहिए था। सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय परिसर में भीड़ कहां से आई, हथियार कहां से आए? यदि भीड़ वाले भी वहीं के छात्र थे, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई? भीड़ घटनास्थल से आराम से चली कैसे गई? भारत के बहुत कम विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ' आंके गए हैं। कमोबेश गुजरात यूनिवर्सिटी उनमें से एक नहीं है।

# वोटर जागरूकता फोरम बीएएफ से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में वोटर जागरूकता फोरम (बी0ए0एफ0) से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता ने कहा जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना अतिआवश्यक है। उन्होने कहा पूर्व के चुनाव में पूरे जिले का मतदान प्रतिशत राज्य और देश के औसत से कम रहा है। इस बार की चुनाव में सभी संबंधित पदाधिकारी, सभी परियोजना के पदाधिकारी, सभी निजी संस्थान, शिक्षण संस्थान, सरकारी संस्थान अपने कार्यालय में वोटर जागरूकता फोरम (बीएएफ) का गठन शत प्रतिशत कर लें और यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय व परियोजना अंतर्गत कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मी का मतदाता सूचि में नाम दर्ज हो अगर किन्ही मतदाता का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं है तो उसका फार्म-6 जल्द से जल्द भराएं। जिससे ससमय उनका नाम मतदाता सूचि में शामिल किया जा सके। आगे उन्होने कहा सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय में जो वोटर जागरूकता फोरम (बी0ए0एफ0) गठित की जायेगी उसके नोडल पदाधिकारी का सम्पर्क सूत्र संख्या स्वीप नोडल पदाधिकारी वैभव सिंह को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिससे कार्यक्रम का विवरण फोटो सहित प्राप्त किया जा सके। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप सक्षम एप का विस्तृत जानकारी भी लोगों के बीच साझा करने को कहा गया। वहीं बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड एवं इंस्टॉल कर सामुहिक रूप से बैठक में दिखा कर जानकारी दिया गया। मौके पर सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा हम अपने अंतर्गत कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करायेंगे। इसके अलावे सभी ने मतदाता शपथ भी ली।उक्त बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि, सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्री राम जानकी मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ आयोजन हेतु खैलहा में हुआ ध्वजारोहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई टोला खैलहा में श्री राम जानकी मन्दिर व हनुमंत लल्ला प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ आयोजन के लिए बुधवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। महायज्ञ का आयोजन खैलहा में दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक किया गया है। आज ध्वजारोहण कार्यक्रम के अवसर पर यज्ञाधिष्ट अवधेश जी महाराज के साथ टंडवा प्रखंड के हर दिल अजीज जाने वाले भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, उदय कुमार पांडेय, यज्ञ समिती अध्यक्ष जगदीश महतो, संतोष कुमार, दुभन महतो, अशोक महतो, प्रभु महतो सहित सैकड़ों माता बहन श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## छापेमारी कर पुलिस ने किया अफीम बरामद



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लावालौंग थाना क्षेत्र के साम्भे गांव से करम गंझू के घर से पुलिस ने 3 किलो 5 सौ ग्राम अफीम बरामद किया है। वहीं करम गंझू मौका देख भागने में सफल रहा है। बरामद अफीम के मामले में सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि 25 मार्च यानी होली के दिन साम्भे गांव के किसी घर में अफीम रखा गया है। इसकी सत्यापन के लिए जिला कप्तान के निर्देश पर एसडीपीओ अजय केशरी के नेतृत्व में इस्पेक्टर उमेश राम और थाना प्रभारी रूपेश कुमार के साथ एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने जब लावालौंग थाना क्षेत्र के साम्भे गांव पहुंची तो करम गंझू पिता सोना पाहन पुलिस देख भागने में सफल रहा। उसके घर की तलासी ली गयी तो करम गंझू के घर से 3 किलो 5 सौ ग्राम अफीम बरामद की गई। जिसे लेकर जब्ती सूची बनाते हुए करम गंझू को नामजद अभियुक्त बना कर लावालौंग कांड संख्या 17/24धारा 18/17/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर ली गयी है। वहीं फरार करम गंझू की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है। मौके पर छापेमारी टीम के अलावे सशत्र बल शामिल थे।

## बीडीओ ने किया गिद्धौर द्वारी बुथ का निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर एवं द्वारा उच्च विद्यालय में बूथ का निरीक्षण बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। तथा चुनाव की तैयारियों को लेकर विधि व्यवस्था की जायजा लिया। इन्होंने बुथ अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कई बिंदुओ पर जानकारी जुटाई।शौचालय, बिजली, पानी की व्यवस्था करने की बातें कहीं। उज्जवल कुमार सिंह मौजूद थे।

# अज्ञात अपराधियो ने जलाई गाड़ी, लाखो का नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पत्थलगड़ा सुभाष चौक से सीतालपुर जाने वाली बकुलिया नदी रोड उप स्वास्थ्य केंद्र के पास राजेश अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल का मालवाहक वाहन 709 ट्रक में अज्ञात अपराधियों ने बीते रात मंगलवार होली के दिन रात्रि में लगाई आग, अहले सुबह ग्रामीणों की नजर गाड़ी के उपर पड़ा तो गाड़ी मालिक राजेश अग्रवाल को सूचना दिया राजेश ने भागते हुवे गाड़ी के पास आया और पुलिस को सूचना दिया थाना प्रभारी आलोक रंजन तुरंत घटना स्थल पर पहुंच जांच में जुट गए।कई सी सी टीवी कैमरा फुटेज खंगाला गया कुछ लड़के भागते हुवे दिखाई दे रहा है पर साफ दिखाई नहीं देने के कारण पुलिस भी स्माजस में फसा हुवा है ।लेकिन अभितक अपराधियो का खुलाश नही हो पाया है। वही पुलिस द्वारा सक के आधार पर कुछ लडको से पूछ ताछ कर रही है।राजेश ने बताया कि इस गाड़ी को करीदने में मुझे काफी कर्ज ले चुका हूं और इस घटना से मुझे दो से ढाई लाख का नुकसान हुवा है इससे मैं और कर्ज में चला गया हूं। राजेश ने पत्थलगड़ा थाना को आवेदन देकर सनहा दर्ज करवाया है। और थाना प्रभारी आलोक रंजन ने कहा की अपराधियो को चिन्हित कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी दंड दिया जाएगा। पुलिस अभी तक जांच में जुटी है।

# मोटरसाइकिल के टक्कर में तीन घायल, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** 26 मार्च होली के शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक कि मौत और तीन के घायल होने से कई घरों में चीत्कार से घर गूंजने लगा। वहीं खुंशी का माहौल गम में बदल गया। यह घटना 26 मार्च शाम 5 बजे के लगभग की है। जानकारी के अनुशार सिमरिया थाना के डाड़ी गांव निवासी राहुल कुमार पिता प्रकाश राम,ललन कुमार पिता विश्वनाथ राम, मृतक सन्नू कुमार पिता जगदीश राम सभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शिला के तरफ से लौट रहे थे।वहीं अपने घर से हुरणाली गांव निवासी श्रवण कुमार पिता त्रिभुवन राम अपने मोटरसाइकिल से शिला की ओर जा रहा था इसी बीच हुरणाली जंगल के समीप तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर दोनों को आपस में भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर भीषण होने के कारण डाड़ी गांव निवासी 25 वर्षीय सन्नू कुमार पिता जगदीश राम को घटना स्थल पर हीं मौत हो गयी। राहगीरों के द्वारा 108 फोन कर त्वरित सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच कर सन्नू को मृत घोषित कर दिया। वहीं श्रवण कुमार, राहुल कुमार, और ललन कुमार को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस तरह होली पर्व में हृदयविदारक घटना से चार घरों में खुशी के जगह मातम पसर गया। वहीं एक माँ की कोख उजड़ गया। चीत्कार से हॉस्पिटल परिसर गूँजने लगा। घायलों में भी स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। हालांकि दोनों मोटरसाइकिल चालक हेलमेट नहीं पहने हुए था। यदि हेलमेट होता तो शायद इस तरह का बड़ा घटना नहीं होने की संभावना थी। बता दें कि इन दिनों युवाओं में तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चलाने का जुनून बना हुआ है इसे कला समझते है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाना वर्तमान काल में युवा एक हुनर समझ बैठते हैं। जिसका नतीजा है कि आए दिन लोगों की इस तरह घटनाओं में मौत हो रही है।चाहे कितना हो मजबूरी हेलमेट पहनना है जरूरी, हेलमेट का उपयोग हमेशा करें और सुरक्षित रहने का प्रयास हर सम्भव करें।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बागेश्वरी मंदिर में किया पूजा अर्चना

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में स्थित चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल मंदिर प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने होली त्यौहार के मौके पर मंगलवार को पूजा अर्चना किया। जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें भव्य स्वागत किया। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने कहा जनता जनता के लिए 24 घंटा तैयार रहूंगा। इतना ही नहीं चतरा की राजनीति का माहौल बदल दूंगा।जनता जनार्दन के लिए 24 घंटा संपर्क सूत्र खुले रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि चतरा के विकास में चार चांद लगा देंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ओबीसी मोर्चा के हजारीबाग प्रभारी बिंदेश्वरी यादव प्रणेश गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, प्रेमचंद यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनी होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड भर में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ होली त्योहार मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगा था। रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। मंगलवार सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत महिलाओं की महफिल जमी थी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर स्वीप कोषांगों के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को 27 मार्च 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्वीप कैलेंडर के तहत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न संस्थानों के साथ मिल कर मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया कैंपेन, प्रभात फेरी, जिंगल, कॉन्सर्ट, प्रतियोगिता आदि कराया जाएगा। साथ ही इस कार्य में जिला प्रशासन सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु उप विकास आयुक्त ने सभी संस्थान से आए प्रतिनिधियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यूनिक, इनोवेटिव कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताएं। बैठक में सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप गठित करने और अपनेङ्कअपने स्तर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, माइनिंग कंपनियों के प्रतिनिधि, पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि, रेलवे के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## लातेहार में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रविवार को लातेहार शहर समेत अन्य क्षेत्रों में भी पूरे विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। सोमवार एवं मंगलवार को पूरे विधि विधान के साथ अपने कुल देवी देवता का पूजा अर्चना कर उनसे प्रार्थना किये पूजा के उपरांत युवाओं की टोलियां सुबह से शाम तक शहर में होली खेलते देखे गए जिससे पूरा ईलाका रंगो से रंगीन हो गया। लोग एक दूसरे को रंग लगाते नजर आए।इस दौरान किसी के चेहरे लाल तो किसी के चेहरे पीले तो किसी के हरे नजर आ रहे थे। सभी घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए गए। सभी लोग बहुत ही मौज मस्ती के साथ होली का लुफ्त उठाये एक दूसरे के घर जाकर शाम नंहा धोवा कर नए कपड़े पहन कर बड़े बुजुर्ग को अबीर गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। साथ ही साथ व्यंजन का भी लोग आनंद उठायें ।वही मंदिर, चौक चौराहों के जगह-जगह पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया।जहां एक पर एक होली के गीत प्रस्तुत किया गया जहां सभी लोग नाचते झूमते नजर आये।होली का त्यौहार भाईचारगी का त्यौहार है आज के दिन सभी गिले शिकवे को भुलाकर, लोग एक दूसरे के गले मिलकर होली का आनंद उठाए। **होली के मध्य नजर पुलिस की गई थी तैनाती :** होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर लातेहार जिले में पुलिस बल की तैनाती जगह-जगह पर की गई ताकि होली का त्योहार अच्छे तरीके से संपन्न हो सके हैं।

# चेतना इंटरनेशनल स्कूल, लातेहार के बच्चों को मेधा दूध प्लांट का भ्रमण करवाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चेतना इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का भ्रमण की शुरुआत स्कूल के संरक्षक उपेन्द्र नाथ पांडे के द्वारा हरी झंडी दिखा कर कराया गया। जिसमें स्कूल के निर्देशक अमित कुमार पांडेय और आर्यन गर्ग, प्रिंसिपल और स्कूल के टीचर्स भी शामिल थे। बच्चो में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लातेहार मुख्यालय स्थित मेधा प्लांट का भ्रमण कराया गया और दूध की खुबियों को बच्चो को समझाते हुए उन्हें ये भी बताया गया की रोजाना दूध पीना कितना जरूरी है। इससे उनकी शारीरिक शक्ति के साथ साथ उनकी मानसिक शक्ति भी बढ़ेगी। दूध कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, मांसपेशियों के विकास और शरीर समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दूध केवल बच्चों तक ही सीमित नहीं है,इसका लाभ वयस्कों को भी मिलता है। दूध में मौजूद विटामिन, जैसे बी12 और डी, स्वस्थ तंत्रिका तंत्र को बनाए रखने में मदद करते हैं। ये कैल्शियम के अब्सोर्पशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा बच्चों को बताया गया की दूध की बहुमुखी प्रतिभा है, इसे पनीर, दही और मक्खन जैसे डेयरी उत्पादों की एक श्रृंखला के उत्पादन में आधारशिला बनाती है। मेधा दूध प्लांट के कर्मचारी विवेक कुमार और राघवेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया की मेधा मूल विचारधारा अपनी जड़ों के प्रति सच्चे रहना है। यह विश्वास उनकी नई पैकेजिंग में भी झलकता है जो झारखंड के ग्रामीण इलाकों और उनकी टैगलाइन ताजगी झारखंड की को दर्शाता है।मिल्क फैक्ट्री में मिल्क प्रोसेसिंग को देखने में बच्चों ने भी काफी रुचि दिखाई और रोजाना दूध पीने की शपथ भी खाई। बच्चों ने देखा कैसे सबसे पहले दूध को प्री ट्रीटमेंट एरिया में लाया जाता है, जहां दूध के बैक्टीरिया आदि नष्ट किए जाते हैं और दूध को साफ किया जाता है। इस प्रक्रिया में इसे पहले गर्म किया जाता है, फिर ठंडा किया जाता है। इसके बाद इसे पैक करने का काम किया जाता है।इनकी पैंकिंग भी खास तरीके से की जाती है इसमें पैंकिंग के लिए पहले प्लास्टिक का रोल लगाया जाता है और ऑटोमैटिक मशीनों के जरिए दूध को पैक किया जाता है। इन मशीनों से दूध पैक होकर कैरेट में जाना हो जाता है।

## नौजवान कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मौलाना आजाद एकेडमी में नौजवान कमेटी ग़ालिब कॉलोनी के द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। जहां मुस्लिम समाज के 500 से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया ।इस दौरान मौलाना माज द्वारा रोजा खोलने से पूर्व भारत देश मे अमन एवं शांति के लिए दुआ मांगी ।वही आगे कहा की रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। मौके पर मो.शहबाज, मो सरफराज, मुद्दसिर आलम, मो.सद्दाम अली, मो.हसन, मो.दानिश, मो.आमिर, आफरीन, मो.इरफान, अब्दुलाह राही, मो. साहब अली, सलमान फारसी, सद्दाम अंसारी, जफर मुमताज समेत कई नौजवान उपस्थित थे।

## होली के दिन हुए सड़क दुर्घटना में छः घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में होली के दिन हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । पहली दुर्घटना में कार्तिक उरांव 19 वर्ष पिता राजेश उराँव, छोटू उराँव 20 वर्ष पिता सुखदेव उराँव, रंजीत उरांव पिता सुखदेव उरांव, बालेन्द्र उरांव 29 वर्ष पिता रामेश्वर उरांव, श्याम उराँव 17 वर्ष पिता रामेश्वर उरांव सभी ग्राम खैराही, बालू थाना बालूमाथ निवासी उक्त पांचो एक मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर इटके थाना बारियातु से होली खेल कर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान बरनी ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।वही दूसरी दुर्घटना में तुलसी ठाकुर 48 वर्ष पिता मोती ठाकुर ग्राम राजगुरु थाना बारियातू निवासी अपने घर से बरियातू राशन का समान लाने जा रहा था ।इसी दौरान राजगुरू ग्राम में मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## रंगों का त्योहार होली शांति पूर्ण सम्पन्न, चौक चौराहो पर प्रशासन मुस्तैद



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड मे होली का पर्व हर्षो उल्लास और शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। जहा मंगलवार को दर्जनों महिला व पुरुष की अलग अलग टोलियों का झुंड के साथ नाचते गाते सड़क पर निकलकर एक दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। वही दोपहर के बाद महिला- पुरुष, युवक - युवतिया नए- नए रंग बिरंगे परिधानों में निकले और एक दुसरो को लाल गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वही बरवाडीह रेलवे कॉलोनी, गढ़वा टॉड मैदान मे, छिपादोहार गांधी मैदान मे मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमे विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रखंड के केचकी, मंडल, छिपादोहर, केड, लात,नवाडीह, कुटमू, पोखरी कला, पोखरी खुर्द, बेतला, चुंगरू, छेंचा समेत सभी पंचायतो मे होली का पर्व शांति पूर्ण माहौल सम्पन्न हुआ। होली मे सुरक्षा के ख्याल से पुलिस प्रशासन मुस्तैद देखी गई प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। गश्ती दल मे एसडीपीओ वेक्टेश कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, राधे श्याम सिंह समेत पुलिस जवान मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मटका फोड़ कर विधायक अंबा प्रसाद ने पैतृक गांव पहरा में मनाई होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद अपने पैतृक गांव पहरा में मटका फोड़ कर होली त्योहार धूमधाम से मनाई। विधायक अंबा प्रसाद ने वर्षो से चली आ रही पैतृक गांव पहरा की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए होली के पावन अवसर पर मटका फोड़ा तथा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सहङ्ग्रामवासियों के साथ रंग एवं अबीर लगाकर होली मनाई। इस दौरान लोग काफी उत्साहित नजर आए।

# रंगो का त्योहार होली धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में रंगों का त्योहार होली छोटी मोटी आपसी नोक झोक को छोड़कर धूमधाम से शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। प्रखंड में सोमवार को गैप रख मंगलवार को होली खेली गई। होली को लेकर लोग सुबह से ही तैयारियों में जुट गए थे। लोग अपने शुभचिंतकों को मोबाइल पर व मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कई लोग अपने देवी-देवताओं के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर रंग एवं अबीर का चढ़ावा किया भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर होली खेलने का शुभारंभ किया। घरों में बने स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने खूब आनंद लिया। इस दौरान परंपरा के अनुसार लोगों ने अपने से बड़ों का पैर छूकर एवं मित्रों को अबीर गुलाल लगाकर गले मिल कर खूब होली खेली। प्रखंड के तमाम गांव में अबीर, गुलाल



और रंगों में लोग सराबोर नजर आए। चौक चौराहे गली मोहल्ले में होली के गीत गाए जा रहे थे। ढोल नगाड़े, मंजीरा, झाल, मांदर के थाप पर लोग थिरकते नजर आए। कई जगह कपड़ा फाड़ होली का भी दृश्य नजर आया जिसे लेकर प्रबुद्ध लोगों में नाराजगी भी देखा गया। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने भी जमकर होली खेली। वही प्रखंड में विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम दिन भर जाएजा लेते रहे। इस दौरान एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह एवं डाड़ी कला थाना क्षेत्र में प्रभारी पिंटू कुमार सशस्त्र पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था को लेकर दिनभर मुस्तैद रहे। पुलिस गश्ती बल गांव गांव जाकर गस्ती करती नजर आई ताकि शांति व्यवस्था बना रहे। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्रोफेसर कीर्ति नाथ महतो, ओमप्रकाश मेहता, जिप सदस्य सुनीता देवी, गीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, झामुमो नेता झमन प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, कृष्णा राम, रंजीत चौबे, चंदनपुरी, समाजसेवी बिंदेश्वर कुमार उर्फ बिंदु, प्रवीण कुमार, संदीप कुशवाहा, तपेश्वर कुमार तापस, रवि राम, संजय तिवारी, मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता, दिनेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, राजीव रंजन, अशोक महतो, नागेश्वर महतो, के अलावा कई लोगों ने होली खेली एवं लोगों को शुभकामनाएं दी।

## विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग पर दुर्घटना में युवक गंभीर रूप घायल

**विष्णुगढ़ :** मंगलवार को हजारीबाग-बगोदर मार्ग स्थित अलपिटो पेट्रोल पम्प के समीप एक युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। खेरौन में धूमधाम एवं हर्षउल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली।

## होली रंगों का खेल प्यार और भाईचारे का प्रतीक है : प्रकाश सिंह



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम खेरौन में धूमधाम एवं हर्षउल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी इस अवसर पर ढोल नगाड़े के धुन पर खूब नाचे और एक दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर ईश्वर सिंह राजेंद्र प्रसाद सिंह सरवन सिंह सकलदेव सिंह प्रद्युमन सिंह शैलेंद्र सिंह वरूण साव प्रदीप सिंह प्रकाश सिंह अवध सिंह सुशांत सिंह उमेश साहू अमन सिंह सौरभ यादव बासुदेव यादव चंदन सिंह कुंदन सिंह प्रशांत सिंह हीरो साव राहुल यादव विशाल कुमार सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे मान्यता अनुसार होली मनाने के पीछे की कहानियां रंगों का त्योहार होली से पहले होने वाले होलिका दहन के पीछे की बहुत सी पौराणिक कहानियां का उल्लेख मिलता है पहली प्रहाद के अटूट विश्वास ओर बुराई पर अच्छाई की विजय की जीत की कहानी मिलती है और दूसरी श्री कृष्णा और राधा रानी से जुड़ी पौराणिक कथा मिलती हैबताया जाता है,कि बगोदर की ओर से आ रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया।जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया।बेहोशी की हालत में उसे अलपिटो के ग्रामीणों ने विष्णुगढ़ सीएचसी भेजवाया।जहां प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया ।गम्भीर रूप से घायल युवक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के उपरैली मुरगावों के विदेशी राम का पुत्र भेखलाल रविदास बताया गया ।

## होली के दिन युवक की बैचेनी के बाद हुई मौत



**बरही :** कोनरा डीवीसी के पास रहने वाले दयामय मुखर्जी के 33 वर्षीय पुत्र अंजन मुखर्जी की होली के दिन मौत हो गई। उन्होंने घर में बताया था कि उन्हें बैचेनी जैसी लग रही है। अंजन मुखर्जी बरही कोनरा स्थित नेक्सजेन किड्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य थे। बैचेनी की बात बोलकर वह अपने कमरे में आराम करने गए और कुछ समय बाद जब घर वाले उन्हें उठाने लगे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। परिजन तत्काल उन्हें लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल आए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत बता दिया। अंजन मुखर्जी की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों के कहने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंजन मुखर्जी के परिजनों ने डॉक्टर को बताया कि अंजन मुखर्जी सुबह ब्रश कर चाय पानी पिए थे। उसके बाद बताया कि अच्छा नहीं लग रहा है और अपने कमरे में आराम करने चले गए। कुछ देर बाद घरवालों ने आवाज देकर उठाना चाहा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल आए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत बता दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को अंजन मुखर्जी का अंतिम संस्कार किया गया। छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। अंजन मुखर्जी का एक पांच वर्षीय पुत्र है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# हजारीबाग पुलिस के हत्थे चढ़ा पांच अपराधी

### दो देसी पिस्टल एवं 12 जिंदा कारतूस के साथ धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल को किया गया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में 14 मार्च की रात्रि में बड़कागांव थानान्तर्गत बलोदर गाँव में पक्की सड़क एवं पुल निर्माण कार्य मे कर रहे लाल कन्ट्रक्सन में कार्यरत जे0सी0बी0 को अज्ञात अपराधियों के द्वारा जलाने का प्रयास कर गोली फायरिंग की घटना पर प्रेस वार्ता किया । बताया कि इस संदर्भ में बड़कागांव थाना काण्ड सं0-69/2024, दिनांक-15. 03.2024, धारा- 447/ 427/ 435/ 385/ 387/ 504/ 506/ भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट, 16 (1) (बी) 17 सी एल ए एक्ट दर्ज की गया था। उक्त घटना को अधोहस्ताक्षरी द्वारा गंभीरता से



लेते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़?कागांव, हजारीबाग के नेतृत्व में पु0अ0नि0 मुकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव थाना, थाना रिजर्व गार्ड एवं विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्त्वरित कार्रवाई करते हुये इस काण्ड में शामिल 05 अभियुक्त सुलेन्द्र गंझू, एरियल सिंह भोक्ता उर्फ एरियल गंझू उर्फ बल्लू भोक्ता, राजेश गंझू उर्फ बंधन गंझू को बड़कागांव थाना के बलोदर से गिरफ्तार किया गया है तथा इनके निशानदेही पर सुनिल यादव एवं प्रिंस कुमार सिंह को कोडरमा जयनगर थानांतर्गत उनके घर से गिरफ्तार किया गया । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेष अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभी लगातार छापामारी अभियान जारी है ।कुछ दिन पूर्व ही जेल से निकले मास्टरमाइंड राजेश गंझू उर्फ बंधन गंझू का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है ।जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन से अपराधिक अधिक मामले दर्ज हैं ।

इनके पास से दो देशी कट्टा , सात .303 राईफल का गोली, पांच 315 का जिंदा गोली व एक धमकी में प्रयुक्त मोबाइल को बरामद कर लिया गया ।इस छापामारी दल में कुलदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव,पु0अ0नि0 मुकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव थाना, पु0अ0नि0 सफिक खॉन, थाना प्रभारी दारू थाना, पु0अ0नि0 संतोष कुमार, थाना प्रभारी ईचाक थाना के साथ साथ थाना रिजर्व गार्ड एवं विशेष छापामारी दल के पुलिस बल शामिल रहे ।

## विष्णुगढ़ में होली हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** हिन्दू पंचाग के अनुसार 24 मार्च 2024 को होलिका दहन के पश्चात विष्णुगढ़ में होली 26 मार्च 2024 को विष्णुगढ़ प्रखण्ड में होली हर्षोल्लास ,उमंग के साथ मनाई गई। होलिका दहन के बाद सभी सनातनियों ने अपने घरों में व्यंजनों जैसे पुआ,धुस्का,पकौड़ी समेत दर्जनों प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। होली के दिन युवक जगह -जगह ढोल मंजीरे के साथ जमकर मस्ती करते दिखे। युवक टोली बनाकर सड़को पर रंग अबीर,गुलाल लगाकर गले मिलते दिखाई पड़े। समानता के इस पर्व में क्या गरीब क्या अमीर सभी एक बराबर नजर आ रहे थे।चौक चौराहों पर युवक डीजे की धुन पर देर शाम तक नाचते रहे। विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के सबसे पुराने चौक बौलियागंज होली का मुख्य आकर्षण रहा ,जहाँ लोग सुबह से ही ढोल मंजीरे का साथ होली के पारंपरिक गीतो पर झूमते रहे।छोटे-छोटे बच्चे आते-जाते राहगीरों पर रंग भरे गुब्बारे फेक कर लोगो को भिंगो रहे थे,वहीं इनकीं पिचकारी की धार से लोगो का बच निकलना मुश्किल था। विष्णुगढ़ में इस बार छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली शांतिपूर्ण मनी।

## सार्वजनिक तालाब और गैरमजुरवा खास जमीन पर अवैध कब्जा के विरुद्ध में रचंगा के ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**दारू ।** प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत के रचंगा गांव में सार्वजनिक तालाब और गैरमाजुरवा खास जमीन का मामला सामने आया है। जिसमें दारू अंचल में दारू अंचलाधिकारी के कार्यालय में ग्रामीणों के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया है। ग्राम रचंगा के पुलवा आहार में गहरीकरण कई बार सरकारी योजना से कार्य किया गया है जिसका खाता नंबर 28 है और प्लॉट नंबर 236, 263, 238 पर बना हुआ है जो जमीन का किस्म परती कदीम और आहर दर्ज है।वर्षो से तालाब सार्वजनिक था बीच में इन्होंने विधायक प्रतिनिधि का पद पाकर दबदबा बना करके अवैध कब्जा किया और इंद्रदेव सिंह पिता चंद्रिका सिंह पंचायत चुनाव में मुखिया प्रत्याशी बने थे उस समय ग्रामीणों के बीच में खुद से वचन दिए की पुलवा आहर पहले से सार्वजनिक था और जो मैंने कब्जा किया था वह अब से सार्वजनिक रहेगा और मुझे चुनाव में समस्त ग्रामीण सहयोग कीजिए सभी समस्त ग्रामीणों ने चुनाव में सहयोग किया। इस समय से समाज की ओर से पुलवा आहार में मछली का बीज डाला जा रहा है ।

## खलील अंसारी ने एआइएमआइएम से दिया इस्तीफा

**हजारीबाग।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के हजारीबाग जिला युवा अध्यक्ष खलील अंसारी ने एमआईएमआईएम युवा अध्यक्ष सहित एआइएमआइएम की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया पत्र की कापी जिला अध्यक्ष कार्यालय एवं केंद्रीय कार्यालय प्रेषित कर दिया गया। ऑल इंडिया एत्तिहादुल मुस्लिमीन पार्टी से लगातार नाराज चल रहे खलील अंसारी ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि एआइएमआइएम संगठन से हमने लगातार जनसंपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया मगर ए आई एम आई एम पार्टी की नीतियों में किसी ने भी रुचि नहीं दिखाई। कहा कि एआइएमआइएम मौकापरस्त पार्टी है। कहा कि संगठन में इमानदारी पूर्वक काम करने वालों की कोई जगह नहीं है यह पार्टी सिर्फ मौकापरस्त वालों को ही मौका देती हैं।

## धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पंचायत वासियों संग मनाई होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** होली भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण व प्रसिद्ध त्योहार माना जाता है जो हर साल उत्सव और खुशियों का पर्व बनकर आता है। क्या त्यौहार आपसी खेल,भाईचारे और प्यार का प्रतीक है, होली नए साल में नए उत्साह, नए उमंग, और नई खुशीयों व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाता हैं। यह त्यौहार हिन्दू पंचांग के अनुसार फागुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है होली का खेल और रंगों का उत्सव हर किसी को अपने बाहों में लेने के लिए उत्साहित करता है, यह एक विशेष अवसर है जब लोग अपने प्रियजनों और दोस्तों के साथ आनंद मानते हैं, रंगों व गुलाल साथ खेलते और मिठाइयां एक दुसरे को खिलाते हैं, होली का माहौल खुशी प्रेम और एकता का प्रतीक होता है। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद भी होली के उत्सव अपने दोस्तों और करवरियों के साथ मिलकर मनाया इस मौके पर जमकर अमीर गुलाल और रंग



लगाकर सभी मित्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए होली की खुशियों को मिलकर साझा किया साथ ही स्वादिष्ट पकवानों का भी सभी ने आनंद उठाया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली का मूल अर्थ समर्पण और एकता को व्यक्त करता है या एक ऐसा अवसर है जब लोग अपने सुख दुख खुशियों और दुखों को साझा करते हैं और एक दूसरे के साथ खुशियों को साझा करते हैं होली के दिन लोग अपनी गलतियों को माफ करते हैं नई शुरुआत करते हैं और प्यार और समर्पण के भाव से आगे बढ़ते हैं या वह अवसर है जब सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है लोग एक दूसरे के साथ खुशियों को साझा करते समृद्धि के लिए एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर धनवार पंचायत के मुख्य राजेंद्र प्रसाद ने अपने पंचायत वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दिया और प्रेम और सद्भाव के साथ भाईचारे को कायम रखते हुए होली का पर्व अमन चैन के साथ मिलकर मनाया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, मंटु यादव, विनोद कुशवाहा अजय कुमार कुशवाहा, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, विकाश यादव, प्रकाश साव, नरेश कुमार वर्मा, नंदलाल प्रसाद, पवन केशरी, कैलाश केशरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया में धुमधाम से मना होली का त्यौहार, खुब उड़े रंग, अबीर, गुलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया में मंगलवार को रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। युवाओं की टोली जगह-जगह डीजे बजाकर शाम तक नाचते-झूमते देखे गए। टाटीझरिया क्षेत्र के डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, कोल्हू, बेड़म, होलंग, बेरहो, डहरभंगा, भराजो, खैरा, गोधिया, अमनारी, खंभवा, मंडपा, नारायणपुर सहित अन्य जगहों पर होली की धूम थी झरपो देवी मंडप चौक पास रंगो से भरा मटका फोड़ का आयोजन किया गया बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे।

## झामुमो का स्थापना दिवस 4 अप्रैल को गांधी मैदान मटवारी हज़ारीबाग में मनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार को चुरचू प्रखंड के चरही ओवर ब्रिज के पास झामुमो का स्थापना दिवस 4 अप्रैल को मनाने को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक का अध्यक्षता दिप नारायण महतो ने किया वही संचालन आनंद मरांडी ने किया । बैठक में कहा गया कि इस बार झामुमो का स्थापन दिवस बहुत ही धूमधाम से गांधी मैदान मटवारी हज़ारीबाग में मनाया जाएगा। वही बैठक में सभी वक्ताओं ने बारी बारी से अपनी बातों को रखने का काम किया और कहा कि इस लोकसभा में इंडिया गठबंधन का उमीदवार जो भी होंगे उनको ज्यादा से ज्यादा वोट से जीत हासिल करेंगे जो हमारे नेता का निर्णय होगा हमलोगो सर्वमान्य होगा। वही मुख्य रूप से उपस्थित हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, झामुमो जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मु, संयोजक मंडली सदस्य रविंद्र कुमार ,प्रखंड सचिव आनंद मरांडी, प्रखंड कोषाध्यक्ष मजफरुल अंसारी,चुरचू प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो चुरचू प्रखंड प्रवक्ता वारिस अंसारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी राम मांझी दिनेश्वर रविदास, कुर्बान अंसारी ,तामीर अंसारी,बोबी करीम, दिलेश्वर महतो,बिखन महतो,जसो देवी, महालाल हंसदा,जरबा पंचायत अध्यक्ष सुखदेव महतो सचिव अनिल महतो साथ ही आठो पंचायत के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित झामुमो के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनुशासन प्रिय स्व.गजानन मिश्र की मनाई गई 22 वीं पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में शिक्षा का अलख जगाने वाले विष्णुगढ़ की नामचीन हस्ती यशस्वी एवं ख्यातिप्राप्त विद्वान स्व.गजानंद मिश्र की 22 वीं पुण्यतिथि 25 मार्च 2024 को विवेकानंद सेवाश्रम में उनकी याद में मनाई गई। मिश्र जी का संपूर्ण जीवन शिक्षा की अलख जगाने में गुजर गया। विष्णुगढ़ के पहले स्नातक और दो विषयों में स्नातकोत्तर रहने का तमगा उनके नाम रहा। उनकी पहली नियुक्ति एक दारोगा के रुप में हुई। पुलिस की नौकरी इन्हें रास नहीं आई तो त्याग पत्र दे दिया। उसके बाद डुमरी बिहार का पहला प्रखंड बना। मिश्र जी की नियुक्ति डुमरी प्रखंड के नाजीर के पद पर हुई। बतौर नाजीर काम कर हीं रहे थे,कि महंत वासुदेव दास और ख्यातिप्राप्त डाक्टर लक्ष्मीप्रसाद सिन्हा के अनुरोध पर 1958 में उच्च विद्यालय के बोनाफाइड हेडमास्टर बने। नाजीर की नौकरी छोड़ दी। शिक्षा के प्रति समर्पित मिश्र जी पूरे हजारीबाग जिले के लिए एक आदर्श हेडमास्टर रहे।इनसे शिक्षा प्राप्त कर इनके शिष्य टेकलाल महतो माण्डू विधायक व अन्य शिष्य पत्रकार, इंजीनियर, शिक्षक, समेत अन्य पदों पर सुशोभित हुए। वे विष्णुगढ़ प्रखंड के पहले पत्रकार भी थे। उन्होंने कई वर्षों तक बिहार से प्रकाशित होने वाले आर्यावर्त और इंडियन नेशन में एक पत्रकार के रूप में कार्य किया। अपने रिटायरमेंट के बाद उन्होंने विष्णुगढ़ में विवेकानंद सेवा आश्रम की स्थापना की। स्वामी विवेकानंद के भाव धार से वह काफी प्रभावित थे इसी का यह परिणाम रहा की विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक पर उन्होंने श्री रामकृष्ण परमहंस, श्री श्री मां शारदा और स्वामी विवेकानंद का एक भव्य मंदिर का निर्माण करवाया। शिक्षा के प्रति उनका काफी लगाव था उसी का यह परिणाम है कि उनके द्वारा खोला गया स्कूल विवेकानंद सेवा



आश्रम शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रखंड में परचम लहरा रहा है।आज वे नहीं है, फिर भी उनकी कृति पूरे विष्णुगढ़ प्रखंड में विद्यमान है। साल 2005 में डा. सर्वेश्वर प्रसाद मिश्र एवं सुद्धाशु शेखर मिश्र के संपादन में गजानन मिश्र के व्यक्तित्व और कृतित्व पर सन्मार्ग के पथिक नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। आज पूरा प्रखंड उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता है। समूचा विष्णुगढ़ प्रखंड सदैव उनका ऋृणी रहेगा।

## शिवपुर में ग्रामीणों ने मनाया होली मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के शिवपुर गड़लाही में मुखिया मनोज कुमार के सौजन्य सें होली मिलन समरोह किया गया,जिसमें पंचायत के कई समाजिक गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे,सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी,साथ ही बने लजीज व्यंजनों का आनंद भी लिया, मौके पर मुखिया मनोज कुमार ने पंचायत वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी मेल मिलाप और भाईचारे का त्यौहार है,हम सभी शांतिपूर्ण तरीके से इस त्यौहार का आनंद लेंगे हम कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे किसी को परेशानी हो और न ही किसी के कार्य में विघ्न डलें,ऐसा हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए,होली मिलन समारोह कार्यक्रम में समाज़ सेवी पूरन राम, राजीव रंजन, मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, गणेश साव, अनुज साव, कुणाल कटारियार, विक्कु रंजन, अर्जुन प्रजापती, डोमन राम, कैलाश राम, प्रदीप राम, नरेश प्रजापति, ललन राणा, तुलसी राम, दिनेश कुमार, अरुण रविदास, बंगाली राम, गणेश पंडित, सुनील कुमार, कमलेश राम, सिकंदर कुमार सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बेहद सादगी पूर्वक होली समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** होली महापर्व के शुभ अवसर हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में होली समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह बेहद ही सादगी पूर्वक संपन्न किया गया इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने होली के गीत पर सभी को जमकर झुमाया। इसके बाद सभी ने गीत प्रस्तुत किया। सभी ने आनंदित होकर होली महापर्व का त्यौहार बड़ा ही धूमधाम के साथ संपन्न किया। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही बीते वर्ष की भूल चूक को माफ कर एक नई गाथा लिखने की परंपरा प्रारंभ किया। समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ अध्यक्ष करण जायसवाल भी मौज मस्ती करते नजर आए। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की सदैव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है संस्था आने वाली रामनवमी महापर्व में भी कई कार्यक्रम संस्था के द्वारा आयोजित किए जाएंगे। वही मौके पर करण जायसवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार हम सभी को एक साथ मिलकर मानना चाहिए। आगामी त्योहारों में भी हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। हजारीबाग यूथ विंग पिछले दो वर्षो से लगातार सेवा का कार्य कर रही है। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, प्रवेक जैन, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,अभिषेक पांडे,सनी देव,शानू सिंह,गुंजन मद्धेशिया,सुनील केशरी,प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत देवरिया पंचायत में रेल लाइन पर वृद्ध का शव पाया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रामगढ़ के भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत देवरिया पंचायत में बीते मंगलवार की रात रेल लाइन पर वृद्ध का शव पाया गया। शव की पहचान देवरिया गांव निवासी जतरू मुंडा (73वर्ष) पिता स्वर्गीय सदना मुंडा के रूप में हुई। जीआरपी बरकाकाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन प्रबंधक के द्वारा पुलिस को ट्रैक पर शव होने की जानकारी दी गई। जिस पर भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय रजक, एएसआई नूतन तिर्की, चौकीदार जमुना प्रसाद और पतरातू से आरपीएफ अधिकारी सदलबल घटनास्थल पहुंचे।रेल लाइन पर शव होम सिग्नल और आउटर सिग्नल के बीच पोल संख्या 113/44 के निकट पाया गया। इसकी सूचना जीआरपी बरकाकाना को दी गई। बरकाकाना जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी पर मृतक के परिजन बरकाकाना पहुंचे और शव का शिनाख्त किया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कयास लगाया जा रहा है कि मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। बताया जाता है कि जतरू मुंडा वर्ष 2012 में सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए थे।

## हेसला के समाजसेवी आलोक का आकस्मिक निधन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** हेसला गाँव स्थित ठाकुर टोला निवासी 50 वर्षीय आलोक ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया। ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। इसे लेकर ग्रामीण समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया है। बताया जाता है कि स्वर्गीय आलोक ठाकुर की तबीयत होलिका दहन के दिन हजारीबाग से लौटने के दौरान खराब हो गई। जिससे उनकी मृत्यु हो गई, प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम संस्कार हेसला दामोदर नदी के किनारे किया गया.ग्रामीणों ने बताया कि वे काफी हंसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।इससे उनकी कमी समाज को हमेशा खलती रहेगी, वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र छोड़ गए हैं। शोक जताने वालों में छोटन मुंडा, दिलीप भुईया, प्रदीप ठाकुर, विनोद ठाकुर, टिंकू ठाकुर, मनोज मुंडा, महेश ठाकुर, महेश प्रजापति, मिथिलेश मुंडा, जगनारायण बेदिया, शंकर ठाकुर, अशोक प्रजापति, शिबू प्रजापति समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल है।

## होली मनाने के लिए लोगों ने सड़क से लेकर घर तक खूब उड़ाया अबीर गुलाल, एक दूसरे को दी बधाई



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** होली का रंग और लोगों के संग सड़क से लेकर घर के आंगन तक लोगों के बीच फागुन की बहार का खुमार नजर आया। लोगों ने सुबह रंग लगाकर पानी की बौछार की। संध्या अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया। दोस्तों, मित्रों ने एक दूसरे के घर जाकर सपरिवार होली की शुभकामनाएं दिया। लोगों ने आगंतुको के आगमन को लेकर लजीज व्यंजन भी बनाएं थे। जिसमें पूआ, पकौड़ी, दही बड़ा, मलपुआ, शरबत आदि तरह-तरह के वैरायटी शामिल थे, छोटू ने बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, जबकि बड़ों ने अबीर गुलाल लगाकर छोटों को स्वस्थ जीवन के लिए मंगल कामना की। स्वच्छता और शांतिपूर्वक क्षेत्र में होली मनी।

## होली के दूसरे दिन भी पूरे कोयलांचल में होली की रही धूम



**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** होली के दूसरे दिन भी पूरे कोयलांचल में होली की धूम मची रही जिसमें कुजू , पुंडी, मांडू , मांडू डी ,चैनपुर, बड़गांव ,घाटो आदि जगहों में होली बड़े हर्ष उल्लास के साथ गाजे बाजे के साथ मनाया गया । बाल गोविंद,अर्जुन केसरी, विनोद केसरी ने बताया कि हरबार की तरह इस बार होली हम लोगों ने हिंदू मुस्लिम की एकता का परिचय देते हुए मनाया । होली में रंग-बिरंगे गुलाल और अबीर वा गुलाल लगा कर बड़ों आशीर्वाद लिया वही कई जगहों पर दही हांडी फोड़ का कार्यक्रम भी रखा गया था । इस कार्यक्रम में नौजवानों ने काफी जोश के साथ दही हांडी फोड़ कार्यक्रम में शिरकत किया। वही कुज्जू पुलिस मांडू पुलिस घाटो पुलिस काफी मुस्तैद दिखे उपादरियों पर अपनी निगाह बनाए रखा और होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया वहीं बैंक आदि प्रतिष्ठा भी खुले रहे।

## समाजसेवी के पुत्र का निधन, शोक की लहर



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** मंझला चुम्बा पंचायत के समाजसेवी दशरथ राम के पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप कुमार दास उम्र 40 वर्ष का निधन बोकारो जनेरल हॉस्पिटल में ब्रेन ट्यूमर बीमारी के बाद सोमवार संध्या को हो गया। खबर को फैलते ही क्षेत्र के समाजसेवियों व आमजनों में शोक व्यक्त हो गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार यात्रा निवास चुम्बा के लुकैया श्मशान घाट में पहुंचा। दिवंगत अपने पीछे पत्नी अनीता देवी, पुत्री नंदनी कुमारी, पुत्र निखिल कुमार व भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं शोक जताने वालों में कपिल कुमार दास, विभास कुमार दास, गोपाल कुमार दास, बलराम कुमार दास,भोला कुमार, रवि कुमार, अरविंद कुमार, अभिमन्यु, रामजीत, बड़का चुम्बा मुखिया राजेंद्र कुमार कुशवाहा उर्फ राजू महतो, पूर्व मुखिया संतोष मोदी, पंसस सह रविदास समाज के अध्यक्ष महेंद्र कुमार दास, सचिव शिवचंद्र राम, कोषाध्यक्ष सकलदेव राम, शिक्षक पिंटू कुमार दास, शिक्षक वीरेंद्र रवि, मदन राम, सुनील कुमार, शुभम कुमार, नरेश कुमार दास, जितेंद्र राम आदि समाजसेवियों एवं अन्य लोग शामिल है।

## रामगढ़ के होटल व्यवसाय भगवान दास की धर्मपत्नी आशा देवी का निधन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)ः** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के निवासी एवं रामगढ़ स्टैंड विष्णु होटल के संचालक भगवान दास केसरी की धर्मपत्नी आशा देवी 60 वर्षीय का अपने पैतृक आवास कुंदरु कला में आकस्मिक निधन हो गया निधन से पूरा गांव शोक में डूबा, वह अपने पीछे दो इंजीनियर पुत्र दो पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ दुनिया से अलविदा कर गई,परिजनों ने बताया कि पिछले 5 वर्षो लंबी बीमारी से पीड़ित थी, पूरे परिजनों के साथ हर्षोल्लास से होली भी खेली थी देर शाम होली त्यौहार की समाप्ति के बाद लगभग 11ः00 बजे रात्रि में अपने आवास पर महिला का अचानक निधन हो जाने से पूरे परिजन और गांव में मातम का माहौल छा गया, मृतक के महिला का शव का अंतिम दाह संस्कार दामोदर नदी सगरीया स्मशान घाट पर देर शाम किया गया, जिसमें उसका बड़ा बेटा श्याम सुंदर केसरी ने मां के चिता पर मुखाग्नि दी और फक्कड़ रो पड़े,इस मौके पर अंतिम दाह संस्कार में ओमप्रकाश केसरी विनोद केसरी राजकुमार केसरी विजय केसरी मनोज केसरी आनंद केसरी, विक्रम केसरी,तपेश्वर केसरी,शिवकुमार केसरी राजेश केसरी श्याम सुंदर केसरी मोहन केसरी आशीष केसरी, केसरी सुनील केसरी,संजय केसरी मुकेश केसरी, मिथिलेश केसरी,सहित भारी संख्या में लोग दाह संस्कार में शामिल हुए।

# महिला मतदान पदाधिकारियों को दिए जा रहे प्रथम चरण के प्रशिक्षण का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन के मद्देनजर महिलाओं द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्रों के लिए प्रति नियुक्त महिला मतदान अधिकारियों के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस, रामगढ़ में किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार ने प्रशिक्षण कार्यो का निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर मास्टर ट्रेनों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की हर बारीकी को अच्छी तरह से समझने एवं अपनी किसी भी दुविधा को त्वरित दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी गई इस दौरान उन्होंने निर्वाचन के दौरान समय के महत्व मॉक पोल एवं का संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित सामान्य जानकारी, विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने की जानकारी, मॉक पोल, ईवीएम के संचालन की प्रक्रिया, समस्त निर्वाचन कागजातों एवं सामग्रियों का अलग-अलग पैकेट तैयार करने, चैलेंज वोट, टेंडर वोट सहित चुनाव से संबंधित अन्य विषयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। निरीक्षण के दौरान भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सयाल के सभी बूथो का रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र सयाल उतरी पंचायत व सयाल दक्षिणी पंचायत क्षेत्र के सभी बुथो का बुधवार को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डा बिमल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु बिरेन्द्र राम, पुलिस इंस्पेक्टर योगिन्द्र सिंह भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार व उनकी टीम ने सयाल के राजकीय मध्य विद्यालय,एम आर एफ स्कूल, सामुदायिक आंबेडकर भवन,के के सी पोडा हाइ स्कूल, मिडिल स्कूल पोडा आदि बुथो का औचक निरीक्षण किया। इसदौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह निरीक्षण किया जा रहा है। सभी बुथो पर शांति पुर्ण चुनाव हो इसको लेकर तैयारियां कि जा रही है। वहीं निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक डा बिमल कुमार के द्वारा सयाल उरीमारी के बोर्डर पर भुरकुंडा पुलिस के द्वारा लगायें चेकनाका का भी निरीक्षण किया।

## होली के रंग में सरोवर हुआ उरीमारी व सयाल क्षेत्र, लोगों ने जमकर खेली होली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उरीमारी व सयाल क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार को रंगों का त्योहार होली बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। यहां युवा,बुढ़े, बच्चे व युवतियों कि टोली सुबह से ही रंगों से सराबोर रहे। खासकर युवाओं ने जमकर होली खेली वहीं शाम होते ही सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। एवं एक दुसरे के घरों में बने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया। सीसीएल क्षेत्र कई कॉलोनियों में युवा युवती डिजे कि धुन पर व होली के गीतों पर नाचते गाते दिखे। वहीं दूसरी ओर उरीमारी क्षेत्र में सड़क दुघर्टना व सयाल मे मारपीट कि घटनाएं हुई। बता दें कि सोमवार के दिन होली के उमंग में उरीमारी के पिला क्वार्टर कि ओर तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवारों ने एक युवक को धक्का मार दिया व खुद भी गिर कर जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा सभी को इलाज करा घर भेज दिया गया। वहीं सयाल के पोडा गेट में मारपीट के दो मामले आए जिसमें पहला मामला डोमधोडा का बताया जा रहा है यहां प्रेम प्रसंग में युवती से मिलने आये प्रेमी को ग्रामीणों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। वहीं घायल संजय कुमार को स्थानीय लोगों के द्वारा भुरकुंडा अस्पताल ले जाया गया। वहीं इस मामले में भुरकुंडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल गुनाहगारो पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दुसरे मामले में आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया। वहीं सयाल क्षेत्र में होली के दौरान हुड़दंग मचाने वाले युवकों पर भुरकुंडा पुलिस ने शिकंजा कसा। यहां 10 से अधिक युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस स्टेशन लेते गई।इस मामले पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। शरारती तत्वों से निपटने के लिए क्षेत्र में पेट्रोलिग बढ़ाई गई है। होली पर्व पर यह देखने को मिला कि भुरकुंडा पुलिस सयाल क्षेत्र में चौकसी बरत रही थी। वहीं यह भी देखने को मिला कि सयाल के कुछ ग्रामीण भी पुलिस को बेवजह फोन कर परेशान कर रहे थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव गांव घूम घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध 70 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी बुध बाजार राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 पर बुधवार को सुबह एक वृद्ध महिला बालो देवी 70 वर्षीय का स्विफ्ट कार न जेएच 24 सी 0151 के चपेट में आने से महिला का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई महिला को काफी गंभीर चोट लगी थी वृद्ध महिला खून से लथपथ हो गई,सड़क पर खून का काफी रिसाव हो गया तथा महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दी,सड़क दुर्घटना के सूचना मिलते ही पास पड़ोस के ग्रामीण दौड़े और कार चालक युवक को पकड़कर जमकर धुनाई की, चार पहिया वाहन को भी उग्रभीड़ ने क्षतिग्रस्त पहुंचाया ग्रामीणों द्वारा तुरंत सड़क जाम कर दिया गया,लगभग एक घंटा तक सड़क जाम होने से दोनों छोर का आवागमन ठप हो गया,घटना की जानकारी रजरप्पा स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे और घंटे मशक्कत के बाद सड़क जाम को हटाया गया, ग्रामीणों द्वारा मृतक की मुआवजा का मांग कर रहे थे पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझकर सडक जाम हटाया गया पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, दोपहर मे पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया पुलिस ने वाहन चालक पर थाना में मामला दर्ज किया है, पोस्टमार्टम के बाद घर पर शव पहुंचते ही ग्रामीण व परिवार के लोग दहाड़ कर रो पड़े, इस मौके पर थाना के सहायक अवर निरीक्षक रंजीत महतो, निरंजन कुमार सिंह समाज सेवी चित्रगुप्त महतो मुकेश प्रसाद सहित कई पुलिस बल के जवान और ग्रामीण मौजूद ।

## दो घंटे के अंदर रामगढ़ पुलिस ने बलात्कार के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत अरगड्डा सिरका की रहने वाली एक महिला ने 27 मार्च को रामगढ़ थाना में आवेदन दिया था। जिसमें उनके द्वारा मुहल्ले के तीन लोगों पर 26 मार्च की रात्रि में उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार करने का आरोप लगया। उनकी शिकायत पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 81/24 दिनांक 27,03,2024 धारा 376 (डी)/354(बी)/504/506/366/363 भादवि एवं 6/8 पोस्को एक्ट दर्ज कर जांच आरंभ की गयी।यह जानकारी प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बुधवार को दी । इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कांड के आरोपियों की खोजबीन में छापेमारी आरंभ की। मामला दर्ज होने के 2 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पीड़िता चिकित्सीय जांच एवं धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।प्रेस वार्ता में बताया गया कि कांड के आरोपियों में डब्लू कुमार पिता कैलाश रविदास सा भुली क्वार्टर सिरका, दीपक भुईयां पिता खीरू भुईयां भुली क्वार्टर सिरका दोनो थाना और जिला रामगढ़, आकाश कुमार पिता महेंद्र रविदास सा बंगाली बिगहा , थाना चंदौली जिला गया बिहार का नाम शामिल है। छापेमारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, पुअनि संतोष कुमार, राजेश मुंडा, सअनि सुजीत कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह एवं शसस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के नियत से अपहृत रवि कुमार का हत्या कर शव को जंगल में छिपाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गोला :** रामगढ़ की गोला थाना क्षेत्र के कोरमबे गांव निवासी शंकर महतो द्वारा संदिग्ध सुरज कुमार के विरुद्ध अपने पुत्र रवि कुमार, उम्र 14 वर्ष का हत्या करने के नियत से अपहरण करने के आरोप में गोला थाना कांड सं0-19/2024, दिनांक 25.03.2024, धारा-364 भा0द0वि0 अंतर्गत कांड दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत रवि कुमार के बरामदगी एवं अभियुक्त के विरूद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आस-पास के इलाके का सी0सी0टी0वी0 फुटेज आदि को खंगालते हुये सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को मिले गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल के द्वारा कांड के अभियुक्त सुरज कुमार महतो, पे0-सुली महतो उर्फ सुलेन्द्र महतो, सा0-मुरपा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ को 24 घंटा के अन्दर गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त से पुछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। अभियुक्त ने बताया कि उसने पुरानी दुश्मनी को लेकर बदला लेने के नियत से अपहृत रवि कुमार का हत्या कर उसके शव को बन्दा के जंगल में छिपा दिये थे। इस छापामारी दल में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ प्ररमेश्वर प्रसाद पुलिस अधीक्षक (परि.)उपधीक्षक फौजन अहमद पुलिस निरीक्षक गोला पंकज कुमार पुलिस निरीक्षक मांडू आंचल सुरेंद्र लिंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय हरिपद टुडू अमित कुमार सरबक्स सिंह सिंधु निरंजन कुमार सिंह गिरीश प्रसाद महतो एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## होली उत्सव पर ग्रामीण क्षेत्र में होली की टोली ने डीजे साउंड पर युवक युवतिया खूब झूमे नाचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** बसंत ऋतु के आगमन पर बासंतिक होली उत्सव पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में होली की टोली ने खूब मस्ती किया गली मोहल्ला सभी जगह रंग अबीर और गुलाल उड़ाए गए एक दूसरे को अबीर डालकर शुभकामनाएं दिया तो कहीं पर आशीर्वाद लिया होली त्यौहार के मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में 25 एवं 26 मार्च को 2 दिनों तक लोगों नेआनंद लिया और होली का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया, होली के गीतों पर युवक व युवतियां बच्चों से लेकर बूढ़े- जवान खूब नाचे गाए झूमे और मस्ती किए, रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के कुंदरुकला, सरैया, चितरपुर, छतर मांडु, बारलोंग, पोना, मुरुबंदा रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी, सांडी, मारगमर्चा, लारी, सुकरीगड़ा माइल, लोधमा, सहित दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से होली मनाई गई रजरप्पा क्षेत्र दुलमी प्रखंड सिरु, पोटमदगा, कोरचे, सोसो, उसरा, कुलही, सिकनी, होहद, होन्हे आदि गांव में भी होली की टोली ने जमकर रंग बरसाए और डीजे साउंड के विभिन्न तरह के गीतों पर खूब नाचे गाए, होली त्यौहार को लेकर कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई पूरे क्षेत्र में आपसी प्रेम भाईचारगी शांति और सद्भावना के साथ होली पर्व संपन्न हुआ।

# गोला के वनांचल फैक्ट्री में चाकूबाजी में हुई हत्या के बाद मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने किया हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** जिले के गोला प्रखंड के हेमतपुर गांव के भारत पेट्रोल पंप के निकट वनांचल कॉन्कास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सोमवार संध्या को मजदूरों के बीच में लड़ाई हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिहार राज्य के छपरा जिला के रहने वाले एक मजदूर ने झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जुड़ी गांव के रहने वाले मजदूर बिपत भारती उम्र 24 वर्ष लगभग के उपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे मजदूर बिपत भारती गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप घायल मजदूर बिपत भारती को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर किया गया है जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मृतक मजदूर शादीशुदा हैं। उसकी लगभग चार-पांच महीने की एक बेटी भी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने आगे बताया कि हमलावर मजदूर दिन ड्यूटी पर था। उसके बाद शाम में ड्यूटी के दौरान वह कॉलोनी के छत पर गया और मजदूरों से उलझने लगा। उसके बाद आरोपी हमलावर नीचे गया और वहां से चाकू दोनों हाथ में लेकर आया फिर मजदूरों से उलझ गया तभी छत पर ही मौजूद विभत भारती के ऊपर हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे विभत भारती गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना गोला थाना मिलते ही। थाना प्रभारी सदबल घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी हमलावर को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई। घटना के बाद फैक्ट्री में निर्माण कार्य बंद। घटना में इस्तमाल किया गया चाकू को पुलिस प्रशासन के द्वारा जब्त कर लिया गया है।घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिला की आपसी विवाद में एक व्यक्ति को चाकू से घायल कर दिया गया है। घटना की सत्यापन के लिए घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति को पकड़ कर रखा गया।और घायल को बेहतर इलाज के अस्पताल भेज दिया गया है। दोनों व्यक्ति के बारे में जानकारी अभी पता नहीं है।विवाद का वजह भी अभी स्पष्ट नहीं है। आरोपी हमलावर पुलिस की गिरफत में है। पुलिस घटना की अनुसंधान में जुटी है।

**मजदूर के मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने फैक्ट्री के समक्ष किया हंगामा**

मृतक के मौत के बाद मृतक के परिजनों व झारखंडी भाषा खतियान में संघर्ष समिति के सदस्यों, ग्रामीणों ने फैक्ट्री के समक्ष मुआवजे की मांग को लेकर का हंगामा। हंगामे के बाद प्रबंधक ने मृतक के परिजन की मांग को माना। उसके बाद फैक्ट्री के समक्ष से भीड़ हुआ खत्म।

**घटना के पश्चात हुआ समझौता**

घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के अनुसार प्रबंधन द्वारा मृतक की पत्नी को चेक स्वरूप साढ़े सात लाख रुपये तथा नकद पचास हजार रुपए दिए गए।

## हाफिज व कारी मो. सुल्तान के निधन से जामाडोबा में शोक की लहर



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिहार जिला के जमुई चकाई के रहने वाले उम्र (46), नेत्रहीन हाफिज वा कारी मो सुल्तान की आवाज़ अब नहीं सुनाई देगी। जब लोगों को उनके जाने की खबर मिली तो लोग गमगीन हो गए। उनके निधन का समाचार जिले में आग की तरह फैल गई। लोग अपनी आँखों के आंसू नहीं रोक पाए। जामाडोबा के कई दुकानदारो ने अपनी दुकान नहीं खोली। चेंबर ऑफ़ कामर्स के सचिव आरिफ सिद्दीकी ने कहा की नेत्रहीन हाफिज व कारी मो सुल्तान जिन्होने अपनी आवाज से 17 साल जामाडोबा के सरज़मीन पर तरावीह पढ़ाया। काफी समय से उनकी तबियत ख़राब थी और ठीक होने की दुआ की जा रही थी। लेकिन अल्लाह को मंजूर नहीं था, उन्होने अपने पास बुला लिया। पूरी कुरान को उन्होने सुन कर याद किया था। उनके साथ काफी संख्या में लोग नमाज़ ए तरावीह पढ़ते थे। तरावीह पढ़ने के लिए लोग काफी दूर दूर से आते थे। सभी चाहने वाले उनके आखिरी दर्शन करना चाहते थे। आठ वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। तीन बच्चे को छोड़ कर इस दुनिया से चले गए। उनकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। आज भी उनकी कुरान की आवाज़ सब के दिलो दिमाग में गूंज रही है। उनके मगफिरत के लिये लोगों ने दुआएं की।

## साइबर अपराधियों ने अवकाश प्राप्त कर्मी के बीस हजार रुपए उड़ाए

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगला निवासी व टिस्को कंपनी के अवकाश प्राप्त कर्मी टुकन महतो के अकाउंट से साइबर अपराधियों ने बुधवार को बीस हजार रुपए उड़ा लिया है। श्री महतो की पत्नी विणा देवी ने बताया है की मेरे मोबाइल पर एक युवक ने फोन कर उसके परिवार के सभी लोगों को पहचानने कि बात कहते हुए अपने इलाज के लिए बीस हजार रुपया कि मांग की। वहीं भुगभोगी ने पैसा नहीं होने कि बात कही। थोड़ी देर बाद भुक्तभोगी को पता चला कि साइबर ठगों ने उसके एकाउंट से बीस हजार उड़ा लिये हैं। मामला को लेकर जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत कर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एलआईसी एजेंट का निधन, गांव में पसरा मातम

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत मोतीलेदा पंचायत के केन्दुआगढा निवासी एलआईसी अभिकर्ता बीरेन्द्र वर्मा का निधन



मंगलवार देर शाम को हो गई जिससे पूरे गांव में मातम पसरा है। बता दें कि बीरेन्द्र वर्मा ने एलआईसी करते हुए क्षेत्र में काफी नाम कमाया। मृतक बीरेन्द्र वर्मा एलआईसी अभिकर्ता के साथ आर्यन ऑटो मोबाइल बारासोली के संचालक भी थे। बीरेन्द्र वर्मा सरल स्वभाव के व्यक्ति थे इनके स्वभाव और व्यवहार का सभी कायल थे। ऐसे मे अचानक इनका चला जाना यकीन कर पाना मुश्किल होता है। जानकारी अनुसार हल्का तबीयत खराब होने पर तुरंत इन्हें नवजीवन नर्सिंग होम में इलाज के लिए दाखिल कराया गया जहा इलाज के दौरान ही इनकी निधन हो गई जिसके बाद इनके शव को केन्दुआगढा लाया गया। इनके निधन से परिजनों से परिजन का रो-रो का बुरा हाल है वही इनके निधन का खबर क्षेत्र मे आग की तरह फैलते ही इनके चाहने वालों का भीड़ उमड़ पडी . इधर शव को मोतिलेदा के बुटवरिया नदी बुधवार को दाह संस्कार किया गया।वही मौके पर सांत्वना देने के लिए कुशवाहा समाज के नेता सहित काफी लोग अंतिम दर्शन करने पहुचे ।वही झामुमो के कोडरमा लोकसभा के नेता जय प्रकाश वर्मा, प्रो विवेकानंद कुशवाहा, पवन वर्मा, रीतलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, शिबू प्रसाद वर्मा, विजय वर्मा, संजय कुमार ,कृष्ण कुमार, पहुँचे और दुःख प्रकट करते हुए परिवार को सांत्वना दी।

## समाजसेवी ने युवाओं के साथ मिर्जागंज में की बैठक



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमुआ विधानसभा के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा के पुत्र अनिल चौधरी ने जमुआ विधानसभा अंतर्गत मिर्जागंज में मगंलवार को युवाओं के साथ बैठक किया। युक्त दौरान समाजसेवी अनिल चौधरी ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा आज जमुआ विधानसभा हर क्षेत्र में विकास से ऊपेक्षित है खास करके युवाओं के लिए जो कल के भविष्य विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज या फिर बेहतर अस्पताल या रोजगार की साधन सभी क्षेत्र में विधानसभा शून्य नजर आती है. किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा कोलेस्ट्रॉल एवं बड़ी बाजार नहीं। वही मिर्जागंज में युवाओं ने जमुआ विधानसभा क्षेत्र की कई जन समस्या को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और कहा अब हम युवाओं को जागना होगा अपनी वोट की ताकत को समझना होगा और जमुआ विधानसभा क्षेत्र का जो विकास करेंगे उनके साथ हम लोग चलने के लिए तैयार हैं वहीं बैठक में सैकड़ो की संख्या में यूवा उपस्थित थे।

## रामानंद कुशवाहा बने कोडरमा लोकसभा के यूथ कोऑर्डिनेटर

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत हारोडीह निवासी




रामानंद कुशवाह बने कोडरमा लोकसभा के यूथ कोऑर्डिनेटर। इंडियन यूथ कांग्रेस ने बुधवार को झारखंड के सात लोकसभा के यूथ को ऑर्डिनेटर की सूची जारी की है जिसमें कोडरमा लोकसभा के यूथ कोऑर्डिनेटर के रूप में जमुआ प्रखंड के हारोडीह निवासी रामानंद कुशवाहा को बनाया गया उक्त जानकारी रामानंद कुशवाहा ने अपने निवास स्थान पर प्रेस कांफ्रेंस करके जानकारी दी युक्त द्वारा रामानंद कुशवाहा ने कहा पार्टी की ओर से हमें एक और जिम्मेदारी सोपी है जिसे मैं निष्ठा पूर्वक निर्वाह करूंगा । प्रेस कांफ्रेंस के दौरान केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा आज केंद्र की सरकार सरकारी हथकंडे को जैसे ईडी सीबीआई का गलत इस्तेमाल करके निर्वाचित प्रतिनिधि को परेशान कर रही है झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री ईडी के सलाखों में जिसका मैं निंदा करता हूं इसके साथ ही कहा कि 2024 की चुनाव में भाजपा को उखाड़ कर फेंकेगी जनता और इंडिया गठबंधन की जीत होगी। वही रामानंद कुशवाहा को यूथ कोऑर्डिनेटर बनने पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉक्टर मंजू कुमारी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष हसनैन अली , पप्पू वर्मा, विवेक आनंद कुशवाहा, जुनेद आलम इत्यादि सैकड़ो लोगों ने शुभकामना संदेश दिया।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने नक्सल प्रभावित बूथों का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने मंगलवार को बिहार सीमा पर स्थित गिरिडीह जिला के तिसरी प्रखण्ड के थानसिंहडीह सहित लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र के नारोटांड़, सेवाटांड़, लोकाय आदि गांवों के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झारखण्ड और बिहार सीमा पर स्थित थानसिंहडीह पुलिस चेकपोस्ट का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी दीपक शर्मा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि बिहार से आने व झारखण्ड से बिहार जाने वाले सभी वाहनों का बारीकी से जांच करना है। साथ ही संदिगध लोगों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अभी से ही मुस्तैद हो जाने की जरूरत है। साथ में गिरिडीह एएसपी सहित खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर तापस टोपो, लोकाय नयनपुर थाना के थाना प्रभारी नीरज कुमार, तिसरी के थाना प्रभारी संजयनायक, थानसिंहडीह ओपी प्रभारी आनंद सिंह व अन्य पुलिस के जवान मौजूद थें।

## भद्रीचक में सेंध मार कर 5 साउंड मशीन की चोरी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 25 मार्च की रात करीब 11:30 से सुबह 6 बजे की बीच चोरों ने भद्रीचक में सेंध मार कर 5 साउंड मशीन की चोरी की। पूजा लाइट एंड साउंड सिस्टम के मालिक संजय नोनिया जो टाटा सिजूआ 6 नं थाना जोगता के रहने वाले है। ये अपने पार्टनर कलामुल हक दोनो मिल कर साउंड सिस्टम का काम करते थे। समान कलामुल हक भद्रीचक के दुकान में ही रहता था। वहीं रात चोरों ने मिट्टी की दीवार में सेंध मार कर 5 मशीन चोरी कर ली जो करीब 250000 से 300000 का था। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की तफ्तीश की और जल्द से जल्द चोरों पे नकेल कसने का वादा किया। पूरे गांव में चोरों के तांडव का भय हो गया है। करीब एक माह पहले शाम को ही मोटर साइकिल चोरी हुई और अब साउंड मशीन। अंसारुल हक ने लिखित आवेदन थाने में देकर प्रशासन को ठोस कदम उठाने की निवेदन की ताकि भद्रीचक निवासी खुद को सुरक्षित महसूस करें।

## साथी फाउंडेशन ने ट्रैफिक पुलिस को दी होली की बधाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** होली के अवसर पर साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम के नेतृत्व मे संस्था के बच्चों के द्वारा शहर के कई चौक चौराहों पर कार्यरत ट्रैफिक पुलिस के जवानो को रंग गुलाल लगा कर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही साथ गर्मी के मौसम को देखते हुए बिस्किट व पानी का बोतल भी उन्हें भेंट किया गया।

### झरिया के पत्रकार पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

## जब तक आरोपी गिरफ्तार नही होगा, कोयलांचल पत्रकार संघ चुप नही रहेगी : अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया थाना अंतर्गत झरिया मानबाद निवासी पत्रकार राजेन्द्र शर्मा के उपर जानलेवा हमला किया गया जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। लहुलुहान अवस्था में झरिया पुलिस ने उन्हें पीएमसीएच मे इलाज के लिए भर्ती कराया। वही घटना की सूचना पाकर कोयलांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झरिया थानेदार से मिल कर आरोपियो के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही घायल



पत्रकार से अस्पताल में मिल कर मामले की जानकारी ली। तत्पश्चात चिकित्सक से समुचित इलाज की जानकारी लिया। घायल पत्रकार राजेन्द्र शर्मा की पत्नी राधा देवी ने घटना की लिखित शिकायत झरिया थाना में किया है। झरिया पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी कर रहे है। घायल पत्रकार की पत्नी ने कहा है कि मानबाद अपने घर के समीप सीताराम साव के साथ बैठे हुए थे। तभी मानबाद खटाल के रहने वाले आरोपियों ने मिलकर जान मारने के नियत से लोहे की रड व भुजाली से हमला किया, जिसमें कुछ आरोपियो ने मेरे पति को पकड़े हुए थे। इस सबंध मे झरिया थानेदार ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। किसी कीमत पर आरोपी बख्से नहीं जायेगे। झरिया में पत्रकार हमला व अशांति बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल मे अध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव अरुण कुमार, मो शमीम, कार्तिक वर्मा आदि शामिल थे।

## होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर सहरसा से आनंद विहार तथा दिल्ली के लिए अनारक्षित होली स्पेषल, पटना से नई दिल्ली के लिए तथा गोरखपुर से हाजीपुर-बरौनी-कटिहार-गुवाहाटी के रास्ते डिमापुर के लिए होली स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार अनारक्षित होली स्पेषल (खगड़िया-बरौनी-षाहपुर पटोरी-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार होली स्पेषल सहरसा से 31 मार्च, 2024 को 09.30 बजे खुलकर 11.35 बजे बरौनी, 13.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए सोमवार को 05.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली अनारक्षित होली स्पेषल (खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर- मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 04087 सहरसा-दिल्ली होली स्पेषल सहरसा से 30 मार्च, 2024 को 07.30 बजे खुलकर 10.50 बजे बरौनी, 14.30 बजे हाजीपुर रूकते हुए अगले दिन 13.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट होली स्पेषल (आरा-बक्सर-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) - गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली होली स्पेषल पटना से 30 मार्च, 2024 को 15.00 बजे खुलकर 18.35 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

4. गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेषल (हाजीपुर-षाहपुर पटोरी-बरौनी - कटिहार-कामाख्या-गुवाहाटी के रास्ते) - गाड़ी सं. 05013 गोरखपुर-डिमापुर होली स्पेषल गोरखपुर से 28 मार्च (गुरूवार) को 19.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 01.05 बजे हाजीपुर, 04.30 बजे बरौनी रूकते हुए शनिवार को 03.45 बजे डिमापुर पहुंचेगी ।

## साबिले हुसैन ट्रस्ट ने गरीब लड़की की शादी में मदद की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आर्थिक रूप से कमजोर एक गरीब लड़की की शादी के लिए मदद के तौर पर साबिले हुसैन ट्रस्ट के सदस्यों ने उनके घर जा कर दहेज का सामान भेंट किया। ज्ञात हो की साबिले हुसैन ट्रस्ट के लोग हमेशा गरीब व ज़रूरतमंद लोगो की सेवा मे तत्पर रहते हैं। संस्था के अध्यक्ष आरिफ रज़ा क़ादरी ने कहा की अगर आप सुकून चाहते है तो मकानों मे नहीं ज़रूरतमंद इंसानों पर खर्च करें। बेशक अल्लाह इसका बेहतर बदला ज़रूर देंगे। वहीं सहायता प्राप्ति के पश्चात लड़की के परिजन काफी



खुश दिखाई दिये। सभी ने संस्था के सदस्यों को धन्यवाद और ढेरों आशीर्वाद दिया। मौके पर उपाध्यक्ष लतीफ अंसारी, मो साहेब, मो फैज़ान, मो महफूज़, मो अकिब, सय्यद आरिफ आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक सह अभिभावक की मासिक बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुण्डी प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय संकुल अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यगण, माता-पिता एवं अभिभावकगण तथा विद्यालय के बूथ -10 से सम्बन्धित ग्रामीणों की एक संयुक्त रूप से बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बूथ नंबर -10 की वार्ड सदस्या अनिता देवी एवं संचालन संयुक्त रूप से दोनों पारा शिक्षक तुलसी नारायण सिंह (सचिव) एवं नवीन चन्द्र सिंह ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे



अधिक तिथि 01 अप्रैल तक होती है तथा मतदाता परिचय पत्र में किसी भी प्रकार की श्रुटी हो तो अविलम्ब अपने बीएलओ से सम्पर्क कर नाम दर्ज करें या सुधार करें। तथा द्वितीय योगात्मक मूल्यांकन ( परीक्षा ) हेतु अभिभावक शत् प्रतिशत बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करावें। साथ ही विद्यालय, शौचालय, पाकशाला, सोलर पाइप एवं बूथ परिसर वगैरह - वगैरह को साफ़ सुथरा एवं स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा जताया गया। यह कार्यक्रम प्रथम चरण दिनांक 27 मार्च से 09 अप्रैल 2024 तथा द्वितीय चरण 17 अप्रैल से 17 मई 2024 तक विधिवत रूप से जारी रखने का संकल्प लिया।

और अन्त में भारत की संविधान को पढ़कर सबको सपथ दिलाया गया। मौके पर मुख्य रूप से मेघलाल सिंह, रीता देवी, रिंकू देवी, रमेश सिंह, प्रकाश मंडल, मुकेश मंडल, जगन्नाथ मंडल, डोली देवी, ललिता देवी, तेजवन्ती देवी, गुड़िया कुमारी, रमेश कुमार मंडल, लक्ष्मी देवी, छवि देवी, यशोदा देवी, रीना देवी, मुनैसा बीबी एवं प्रयास मंडल इत्यादि उपस्थित हुए।

## नीलकंठ रवानी ने विधायक ढुल्लु महतो को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बाघमारा विधायक ढुल्लु महतो को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए का उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने उनके आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया और शुभकामनाएँ दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव मे जीत की अग्रिम बधाई भी दी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह टाटा सीआरओ कालोनी के रहने वाले टिस्को कर्मी मुन्ना महतो का 22 बर्षीय पुत्र आइआइटी का छात्र रवि प्रकाश की मौत सड़क किनारे पोल में टक्कर मार देने से हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिवार को सौंप दिया है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है की मंगलवार की रात 10 बजे रवि अपने मोटरसाइकिल संख्या जे एच 10 बी टी - 4038 पर सवार हो कर बाजार जा रहा था, तभी अपना नियंत्रण खो सड़क किनारे स्थित पोल में टक्कर मार दी आवाज सुन कर पड़ोस के लोग पहुंच कर जामाडोबा अस्पताल ले ही जा रहे थे की तभी रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया है। मृतक तीन भाई हैं। घटना के बाद मां सुनीता देवी, भाई राहुल रंजन, रितेश कुमार सहित पुरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक रवि का शव को पैतृक गांव औरंगाबाद जिले ले कर परिवार के लोग चले गए हैं।

## नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 27 मार्च 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली धनबाद के बस स्टैंड से शुरू होकर हीरापुर होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सफाईकर्मी शामिल होकर




आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वीप अभियान के तहत लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वो अपना नाम जरूर जुड़वाँ लें। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल तक नाम जोड़ा जाएगा जो ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से जोड़ा जा रहा है जबकि वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना नाम जोड़ सकते हैं। और धनबाद में होने वाले 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपना मत का प्रयोग जरूर करें। रैली में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त संतोषणी मुर्मू, सफाई कर्मियों के साथ शामिल हुए।

**संक्षिप्त खबरें**

### आंधी तूफान से गरीबो के उड़े आशियाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद आई अचानक आंधी तूफान बारिश व ओलावृष्टि से क्षेत्र के कई गरीबो का छप्पर उड़ गया तो कई स्थानों पर घरों में बड़े-बड़े पेड़ गिर गये। उसी क्रम में प्रखण्ड क्षेत्र के चितिरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी ग्राम निवासी मुनी देवी,खादी उराइन और प्रीति उराँव के घर पर विशाल फुटकल का पेड़ गिरने से तीनो का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही पीड़ितों का कहना है की पेड़ गिरने से परिवार के सामने सर छुपाने व रहने के लिये काफी समस्या हो रही है घर पर पेड़ गिरने से गरीब परिवारों को लाखों रुपये का क्षति हुआ है। वही क्षेत्र में आंधी तूफान से हुए क्षति की जानकारी मिलते ही अंचल पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी अंचल निरीक्षक के साथ क्षेत्र भ्रमण कर मौके पर पहुँच कर क्षति का जायजा लेते हुए सरकारी नियम के अनुसार क्षतिपूर्ति देने की बात कही एवं आवेदन के साथ जरूरी कागज़ात की छाया प्रति अंचल कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया।

# होलिका दहन के साथ रंगों का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ प्रखंड क्षेत्र में हुआ सम्पन्न

## आकर्षण का केंद्र रहा बरही का ढेला मार होली विधिवत हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में उमंग और हर्षोउल्लास के साथ मना होली का त्योहार वेद पुराण के अनुसार इस वर्ष होली का पर्व होलिका दहन के दूसरे दिन बाद हुआ परन्तु प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही ग्राम में सोमवार को अनोखा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जो यह होली मिलन प्रखंड, जिला ही नही राज्य के लिये मिशाल पेश करता है। बरही का ढेला मार होली यह परंपरा सदियों पुराना है। जिस परम्परा को आज भी लोग निभाते आ रहें है। वही बताया जाता है कि होलिका दहन के दूसरे दिन बाजे गाजे के साथ धूमधाम से गांव में झांकी प्रस्तुत करते हुए ढेला मार होली खेलने का परंपरा है। इस अवसर पर गांव के लोग देवी मंडप के समीप एकत्रित हो इस परंपरा को



निभाते है। ढेला मार होली जिला के लिए नही बल्कि पूरे राज्य के लिए मिशाल पेश करती है। ढेला मार होली के बारे में बताया जाता है कि ढेला मार होली में खुटा को हरि बोल नारा के साथ गांव के युवा लोग उखाड़ने जाते है। जिसपर ग्रामीणों द्वारा ढेला मारा जाता है। उसके बावजूद इस परंपरा को निर्वहन करने में किसी तरह की अप्रिय घटना घटित नही होता है। और यह परंपरा सदियों पुराना है इस अवसर पर जिला के समाजिक राजनीत सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी व गणमान्य लोग शामिल हो ढेला मार होली का आनंद उठाते है। बरही में आयोजित ढेला मार होली का जितना भी व्यख्या किया जाए वह कम है। जिस में गांव के युवा बुजुर्ग व बच्चों के साथ महिलाएं भी भाग लेती है। मौके पर पूर्व जीप सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, सतीश पांडेय, रंजीत साहू, परमानंद महतो, महावीर साहू, के अलावे गांव के महिला पुरुष एवं सभी समाज के गणमान्य लोग शामिल थे। साथ ही होली पर्व के अवसर पर बरही ग्राम में गाँव के नये दामादों का भी स्वागत किया जाता है। चाहे वही किसी समाज के हो सभी लोग ढेला मार होली व नये दामाद स्वागत समारोह में शामिल होते है। जिसे सभी के साथ मिल जुल कर इस दिन भाईचारे का संदेश दिया जाता है। जो प्रखंड व जिला ही नही राज्य के लिए मिशाल कायम कर रहा है।

# रंगों का पर्व होली पर दिखा उमंग और उत्साह, दिन भर मस्ती में डूबे रहे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रंगों का पर्व होली प्रखण्ड क्षेत्र में उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। होली त्योहार को लेकर बच्चे बुजुर्ग और नवजवानों में जबरदस्त उत्साह और खुशियां देखने को मिला। रंग गुलाल से माहौल सराबोर नजर आया। सड़कों पर दिनभर रंगीन चेहरे नजर आते रहे तथा सभी लोग दिन भर एक दूसरे को रंग डालते हुए मस्ती में डूबे रहे। होलियारों की टोलियों ने चौक चौराहों पर फाग वित्त गा कर जमकर धूम मचाया। रंग गुलाल उड़ने से आसमान भी रंगीन नजर आ रहा था। रविवार रात्रि में प्रखण्ड के सभी जगहों पर होलिका दहन किया गया था जिसे वेद शास्त्र के अनुसार सोमवार को रंगोत्सव मनाने का विधि नही होने के बावजूद सभी लोगो ने सोमवार और मंगलवार को रंगों का त्योहार होली जमकर उत्साह व उमंग के साथ मनाया जिसे दो दिन तक सुबह से शाम तक होलियारों की टोलियां गाँव से शहर तक गली मोहल्लें में रंग गुलाल खेलते नजर आये। लोग एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं व बधाई दे रहे थे। होली को लेकर खास कर बच्चे बच्चियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने जमकर होली खेली और रास्ते में आने जाने वाले राहगीरों पर भी पिचकारी और रंग भरे गुब्बारों से रंग डालकर मस्ती कर रहे। वही छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे हाथों में पिचकारी लिए उछल कूद करते हुए एक दूसरे पर रंग डाल कर खुशियां मना रहे थे तो युवा ढोल नगाड़े और डीजे की धुन में नाचते झूमते और फागुन गीत गाते नजर आ रहे थे। गीतों की धुन में लोग मस्ती और उमंग से होली का त्योहार मनाते नजर आए। महिलाओं में भी होली का त्योहार को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस लिये कहते हैं की होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्यौहार है जीसे लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाने के साथ-साथ घर-घर जाकर होली की शुभकामनाएं दिया और साथ ही साथ अबीर गुलाल लगाकर बड़ो से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही त्यौहार पर सभी के घरों में विभिन्न प्रकार के पूवा पकवान और मिठाईयां बनाए गए। रंगों का त्यौहार होली को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था का इन्तिजाम किया गया था।

# जंगली सुअर के हमले से घायल लोगों का विधायक भूषण बाड़ा ने लिया हालचाल

## जगंली सुअर के हमले से एक की हो चुकी मौत, आधा दर्जन लोग हो चुके हैं घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंच कर जंगली सुअर के हमले से घायल ग्रामीणों का हालचाल लिया। मौके पर गंभीर रूप से घायल कई ग्रामीणों को रिम्स रेफर करवाने में सहयोग किया। वहीं अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों का बेहतर इलाज करने का सीएस को निर्देश दिया। वहीं घायलों के परिजनों से मुलाकात कर हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, लीला नाग, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, डॉ इम्तियाज अहमद आदि उपस्थित थे। विधायक भूषण



बाड़ा ने बताया जंगली सुअर के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोग घायल हो चुके हैं। मृतक ग्रामीण में पिथरा लेदन टोली निवासी फूलजेम्स किंडो है। जबकि घायल अमित किड़ो, संजय कुजूर, मनोज टोप्पो, निकोदिम टोप्पो, ललित कुजूर, माईकेल डूंगडूंग आदि शामिल है। घायल ग्रामीणों में अमित किड़ो, संजय कुजूर, मनोज टोप्पो, निकोदिम टोप्पो को रिम्स रेफर किया गया है। विधायक ने सभी घायलों का रिम्स में बेहतर इलाज करवाने में भी सहयोग किया। विधायक ने वन विभाग को मृतक एवं घायल ग्रामीणों के परिजनों को जल्द मुआवजा देने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश के बाद विभाग द्वारा महज 2 घंटे के अंदर ही मृतक एवं घायलों के परिजनों को मुआवजा राशि दिया।

## कैरो प्रखंड में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# रंग गुलाल एक दुसरे को लगाकर लोगों ने त्योहार की बांटी खुशियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 एवं 26 मार्च मंगलवार को भी रंगो का त्योहार होली प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढ़ाबे, कैरो, नरौली, गजनी व गुड़ि के गाँवो मे लोगो ने 25 एवं 26 मार्च को त्योहार के निमित रंग व गुलाल लगाकर एक दूसरे को त्योहार की शुभकामनायें दी,वही हिन्दु नववर्ष मास चैत्र के प्रारम्भ पर लोगो ने पुजा-पाठ कर नववर्ष का होली के चैती गीत गायन कर स्वागत भी किया। दिनांक 25 मार्च सोमवार को त्योहार के उत्सव मनाने के समय ही अचानक मौसम ने करवट ली, और तेज गर्जना के साथ जोरदार आंधी आयी, आंधी के पश्चात वारिस और ओलापात भी हूई। मौसम के इस रवैये से 25 मार्च को त्योहार भी प्रभावित हूआ तो



वही 25 मार्च को ही दुसरे पहर आंधी और वारिस थमने के बाद जमकर लोगों ने होली का आनन्द लेते हुए कैरो फूल डोल मेला तांड़ मे भगवान राधा-कृष्ण के मूर्तियों मे गुलाल लगाकर एक दुसरे को त्योहार की शुभकामनायें दी तो वही 26 मार्च मंगलवार को भी लोगों ने त्योहार की जमकर आनन्द व उत्सव मनाया। त्योहार के निमित कैरो प्रखंड सह अंचल प्रशासन एवं थाना प्रशासन के द्वारा सभी गाँवो के प्रमुख स्थानो पर दन्डाधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ कैरो बीडीओ छन्दा भट्टाचार्य, एवं थाना प्रभारी नीरज झा प्रखंड क्षेत्रों मे घूम-घूमकर त्योहार मे अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह से मुश्तैद दिखाई दिये, इस प्रकार पूरे प्रखंड क्षेत्र मे त्योहार होली शांति, सौहार्द व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया।

## शोकाकुल परिवारों के साथ दुख के घड़ी में कांग्रेस परिवार खड़ा है : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अचानक लोहरदगा जिला में व्यापक स्तर पर आंधी तूफान आया। वर्षा भी हुआ और ओले भी पड़े। इस दौरान सेन्हा प्रखंड के रानीगंज बाजार टांड में आंधी तूफान से बचने के लिए कई लोग बाजार टांड में स्थित शेड में शरण लिए थे इसी दौरान वहां पर विशाल आम का पेड़ गिर गया जिसमें अनेक लोग दब गए इसमें वहां पाहन लालबिहार उरांव उम्र 35 पिता विरसा उरांव दाडू ढवठा टोली की मृत्यु हो गया तथा वीणा उरांव पति सोनू उरांव आरा पोडेया टोली के रहने वाली घायल हो गई तथा चार मवेशी भी मर गए। इस बात की जानकारी वहां के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू को देते हुए सदर अस्पताल में समुचित इलाज करने का आग्रह किया। श्री साहू तुरंत सदरअस्पताल पहुंचे तो पहले से वहां मुनेश्वर मुंडा उम्र 30 पिता रामस्वरूप मुंडा तोडार मैना टोली के रहने वाले थे उनका मृत्यु भी ब्रजपात से हो गया उनके परिजन भी उपस्थित थे। श्री साहू ने दोनों मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ है। श्री साहू ने तुरंत सिविल सर्जन से वार्ता किया और उन्हें बताया कि अभी 3-30 बज रहा है जल्द से जल्द पोस्टमार्टम करवा दीजिए नहीं तो 5:00 बज जाने के बाद पोस्टमार्टम नहीं होगा और गरीब परिवारों को कल तक का इंतजार करना होगा। श्री साहू ने तुरंत पुलिस अधीक्षकसे वार्ता कर जल्द से जल्द पुलिस को अस्पताल भेजने का आग्रह किये ताकि पुलिस समय से रिपोर्ट तैयार कर दे ताकि समय से पोस्टमार्टम हो सके। श्री साहू ने आपदा विभाग के पदाधिकारी विभाकर जी से वार्ता कर मृतक के परिजनों को 4 लाख आपदा विभाग से देने का आग्रह किये। रानीगंज बाजार में प्रशासन द्वारा पेड़ का सफाई करवाया जा रहा है आशंका है कि कोई और व्यक्ति तो दबा नहीं है।

# आपसी भाईचारे के साथ रंगों का त्यौहार होली पर्व मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र में पुरे उल्लास, उमंग एवं आपसी भाईचारे के साथ रंगों का त्यौहार होली पर्व मनाया गया। होलिका दहन के बाद बुराई पर अच्छाई की जित का त्यौहार होली काफी धूम धाम से मनाई गयी। होली त्यौहार को लेकर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का बिशेष आयोजन किया गया था। होली में होली के टोली दवारा खूब मस्ती की गयी। लोगो में होली की खुमार चरम पर देखि गयी। होली को लेकर प्रसासन के दवारा काफी चुस्त दुरुस्त व्योस्था की गयी थी। बच्चे, बूढ़े, पुरुष, महिलाये सभी होली का आनंद खूब लिया। साथ ही बड़की चाँपि पुलिस पिकेट के जवानो के दवारा होली का भरपूर आनंद लिया गया। जवानो ने आपस में एक दूसरे पर रंग गुलाल डालकर, नाच गाकर होली का आनंद लिया। सभी के यंहा अच्छी अच्छी पकवान बनी जिसका लोगो ने खूब आनंद लिया, होली के गीतों से पूरा क्षेत्र होलीमय हो गया। प्रखंड क्षेत्र के कुंडगड़ा गांव में बहुत दिनों से लगनेवाला मेला में लोगो ने जाकर ठाकुर भगवान को अबीर चढाई, तत्पश्चात आरती की,प्रसाद ग्रहण की उसके बाद सभी कोई एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाई। उसके बाद सभी कोई फगुआ के गीतों का खूब आनंद लिया।इस पर्व में कई जगहों पर आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व मनाया गया।सभी के घरो में अच्छे व्यंजनों का मजा लिया गया। आज भी कई जगहों पर होली का बसिओडा मनाया जा रहा है। कुंडगडा के कार्यक्रम में पंडित भूपाल पाठक के दवारा पूजन एवं आरती की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्या रूप से कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी, पुरोहित अनूप देव पौराणिक, लाल यदुवार नाथ शाहदेव, लाल दिगंबर नाथ शाहदेव, लाल अशोक नाथ शाहदेव, लाल पंचम नाथ शाहदेव, आनंद सिंह, संतु महतो, जयजीत प्रजापति, अनिल अग्रवाल, श्याम महतो, कैलू महतो सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

# उपायुक्त ने नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा जाति आवासीय विद्यालय में वर्ष 2024-25 के रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्ठम, सप्तम एवं अष्टम (वर्ग 6, 7 एवं 8) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में कुल 3,278 परीक्षार्थियों के लिए सात परीक्षा केंद्रों के निर्धारण पर सहमति बनी। लोहरदगा जिला में यह परीक्षा सात परीक्षा केंद्रों पर लिया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू उच्च




विद्यालय लोहरदगा। कस्तूरबा सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा। उर्सुलाईन कॉन्वेंट मध्य विद्यालय, लोहरदगा। उर्सुलाईन कॉन्वेंट मध्य विद्यालय लोहरदगा। मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला महाविद्यालय लोहरदगा। राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा। मंजूरमती उच्च विद्यालय लोहरदगा शामिल हैं। लोहरदगा जिला में एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा में कक्षा 06 में नामांकन के लिए 60,कक्षा 07 के लिए 02 और कक्षा 08 में 01 रिक्ति है। इसी प्रकार आश्रम बालक विद्यालय परहेपाट किस्को में कक्षा 06 में 40 सीट रिक्त है। कक्षा 07 एवं 08 में रिक्ति शून्य है। किस्को स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय किस्को में कक्षा 07 में नामांकन के लिए कुल 10 रिक्त सीट है। अन्य कक्षा के लिए शून्य है। तीनों विद्यालय को मिलाकर नामांकन के लिए कक्षा 06 के लिए 1691, कक्षा 07 के लिए 983 और कक्षा 08 के लिए 604 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 07.04.2024 को 11 बजे पूर्वाहन से 02 बजे अपराह्न तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त आयोजित करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत सभी संबंधित विद्यालयों/ महाविद्यालयों के प्राधानाध्यापक/प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

## राजकीय मध्याह्न भोजन योजना के चावल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गजनी पंचायत के गाराडीह में राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय में मध्याह्न भोजन का चावल 16 बोरा वजन लगभग 08 क्विंटल 23 मार्च को हुई थी चोरी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन कैरो थाना को दिया गया था। कैरो थाना पुलिस ने गुप्तचरों की मदद से छापा मारकर गाराडीह निवासी सहबू अंसारी के पुत्र सादिक अंसारी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की गई पूछताछ में सादिक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि चोरी की गई चावल को भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी निवासी रोहित कुमार साहू पिता दिनेश साहू के दुकान में बेच दिया है। पुलिस ने चोरी की चावल बेचने वाला सादिक अंसारी और खरीदने वाला रोहित कुमार साहू दोनों को गिरफ्तार कर उक्त चावल को बरामद कर दोनों अपराधकर्मी को दिनांक 27 मार्च बुधवार को जेल भेज दिया गया है। मामले पर कैरो थाना मे कैरो थाना कांड संख्या 16/24 धारा 379, 34 भादवी की धारा दर्ज कर कांड में संलिप्त अन्य अपराधकर्मी की खोजबीन में कैरो थाना पुलिस जुट गई है।

# शैक्षणिक भ्रमण हेतू 95 विद्यार्थी दल बिहार रवाना सिखने हेतू शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक : डीईओ

## सीएम स्कूल आफ एक्सीलेन्स नदिया के छात्र-छात्राओ को डीईओ ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत लोहरदगा जिला के विभिन्न माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से चयनित कुल छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण हेतु बिहार के गया जिला के लिए आज सुबह रवाना हो गया है। दिनांक 27 से 30 मार्च तक निर्धारित इस कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध दार्शनिक स्थल राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय, बोधगया, प्राचीन मल्टिमीडिया म्यूजियम एवं विश्व शांति स्तूप इत्यादि का भ्रमण करेंगे। आज सुबह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया लोहरदगा से छात्र-छात्राओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. नीलम आईलीन कुजूर ने सुरक्षित यात्रा की




कामना की। मौके पर उन्होंने छात्रों एवं गाईड कर्मियों एवं शिक्षकों को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि इससे प्रत्यक्ष अनुभव के साथ सीखी हुई चीजें स्थाई रूप से दिमाग में रहती हैं। दुसरे राज्य के ऐतिहासिक और दार्शनिक स्थलों के भ्रमण से बच्चे सभ्यता, संस्कृति से परिचित होंगे और यह उनते सीखने की प्रक्रिया में सहायक होगा। जिला जेंडर समन्वयक सपना सिंह ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर चयनित छात्रों के समूह के साथ समूह लीडर के रूप में रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, प्रो. उच्च विद्यालय मक्का के प्र. प्रधानाध्यापक बिहारी लकड़ा, सहायक शिक्षक सुदामा साहू, बैजंती उरांव, आलोक कुमार, रश्मि खेस, भंडरा बीआरपी बेबी कुमारी, झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा कार्यालय सहायक चंचल साहू भी यात्रा पर गए हैं। मौके पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज्या पांडे, प्र. प्रधानाध्यापक वैद्यनाथ प्रजापति, देवनंदन नायक, शिक्षक सुरेश कुमार, परियोजना कर्मी सुफियान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जंगली सुअर द्वारा आतंक मचाए जाने की सूचना पर गांव पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जंगली सुअर द्वारा ग्रामीणों में हमला किये जाने की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा तत्काल पिथरा गांव पहुँचे। साथ दहशत के साये में जी रहे ग्रामीणों से मुलाकात की। विधायक ने ग्रामीणों से पूरे घटना की जानकारी ली। साथ ही विधायकों के साथ हर पल खड़ा रहने का भरोसा जताया। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों से दुरभाष में बात कर जंगली सुअर को जल्द से जल्द पकड़ने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने वन विभाग के कर्मियों को जंगली सुअर को पकड़ने तक 24 घंटे गांव में ही पहरा देने का भी सख्त निर्देश दिया। ताकि जंगली सुअर के हमले से अन्य किसी भी ग्रामीणों को नुकसान न उठाना पड़े। विधायक ने कहा कि जंगली सुअर दिखाई दे तो ग्रामीण उसे न छेड़ें। किसी भी ग्रामीणों के घर मे शरण लें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सचेत रहें। जंगली सुअर दिखाई देते ही तत्काल वन विभाग को एवं उन्हें सूचना देने



की अपील की। ताकि जल्द से जल्द जंगली सुअर को पकड़ा जा सके। साथ ही ग्रामीणों को जान माल की क्षति होने से बचाया जा सके। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, लीला नाग, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन आदि उपस्थित थे।घायल पड़े चार अन्य ग्रामीणों को भेजवाया अस्पताल । विधायक के गांव पहुंचने पर बताया गया कि जंगली सुअर के हमले से चार अन्य ग्रामीण घायल हुए हैं। इसके बाद विधायक ने ग्रामीणों को स्वयं कुर्सी में लादकर घायलों को अस्पताल भेजवाने में सहयोग किया। इसके बाद वे गांव में ही ग्रामीणों की पहरेदारी में अपने कार्यकर्ताओं के साथ डटे रहे। उन्होंने ग्रामीणों को नहीं घबराने का सांत्वना दी।

**जोसिमा खाखा ने घायल ग्रामीणों का किया प्राथमिक उपचार**

नर्स की नौकरी छोड़ राजनीतिक में कदम रखने वाली जिप सदस्य जोसिमा खाखा के गांव पहुँचने पर ग्रामीणों को उसका लाभ मिला। जोसिमा खाखा ने अपने नर्स के हुनर का लाभ देते हुए घायल सभी ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया। मौके पर जोसिमा ने ग्रामीणों की मलहमपटी करते हुए दवा का भी निशुल्क में वितरण किया।

## माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है : मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को कूडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम जोंजरो में कांग्रेसी नेता मुनीम अंसारी के आवास पर माहे रमज़ान के मुबारक अवसर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य तौर पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए,जहां पर देश की गंगा जमुनी तहज़ीब की झलक साफ नजर आई।मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। इस सामूहिक रोज़ा इफ्तार पार्टी में हिन्दू मुस्लिम सहित सभी समुदाय के सैकड़ों लोगों बड़े-बुज़ुर्ग,नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और देश में शांति सौहार्द व आपसी भाइचारे की कामना किया, इस मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है और इस्लाम के अनुयायियों के लिए उपवास, प्रार्थना और आत्मनिरीक्षण का पवित्र महीना है। यह मुसलमानों के लिए मन, शरीर और आत्मा के लिए अशुद्ध मानी जाने वाली सभी चीजों से परहेज करते हुए ईश्वर से जुड़ते हैं। हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। कोई भी एक बगीचा किसी एक रंग के फूल से खूबसूरत नहीं दिखता, जब तक उस बगीचे में रंग-बिरंगे फूल नजर नहीं आते हैं। इसी तरह हमारा देश एक रंग बिरंगे बगीचे का गुलदस्ता है,जिसमें सभी समुदाय के लोग मिलकर रहते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर सीट से नामांकन दाखिल किया

**मुंबई :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को नागपुर संसदीय सीट से भाजपा, शिवसेना, राकांपा, रिपब्लिकन पार्टी के महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसी तरह आज ही भंडारा-गोंदिया निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार और सांसद सुनील मेंढे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नागपुर में नामांकन पत्र दाखिल करने के समय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता प्रफुल्ल पटेल, पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी के नेता पूर्व सांसद जोगेन्द्र कवाडे, सुलेखा कुम्भारे सहित महागठबंधन के घटक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसी तरह बुधवार को भंडारा-गोंदिया निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार और सांसद सुनील मेंढे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### कंगना के खिलाफ विवादित पोस्ट, चुनाव आयोग ने जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसाभ सीट से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई असभ्य-अपमानजनक टिप्पणी भले कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भले हटा ली हो लेकिन वह आलोचनाओं से चौतरफा घिरी हुई हैं। भाजपा उन पर लगातार हमलावर है। इस बीच चुनाव आयोग ने बुधवार सुप्रिया श्रीनेत को भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणियां प्रथम दृष्ट्या यह आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। आयोग ने 29 मार्च की शाम तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा है। बुधवार को मीडिया से बातचीत में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते हैं कि भारत में चार शक्ति हैं, जिनमें महिलाएं, युवा, किसान और गरीब शामिल हैं। ऐसे में हम उस पार्टी (कांग्रेस) से क्या उम्मीद कर सकते हैं जिसने कभी महिलाओं का सम्मान नहीं किया। इसके पहले सांसद और उत्तरी पूर्वी दिल्ली से भाजपा के प्रत्याशी मनोज तिवारी ने कहा था कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार महिलाओं व कलाकारों का सम्मान करती है लेकिन सुप्रिया श्रीनेत ने अपने बयान से बता दिया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के प्रति और देश के कलाकारों के प्रति कैसी सोच रहती है। मुंबई से अमरावती की सांसद नवनीत राणा ने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इन्हें सीखना चाहिए कि महिलाओं का सम्मान कैसे करते हैं। नवनीत राणा ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता ने ऐसा पोस्ट करके एक महिला का अपमान करने का काम किया है। यह बेहद ही शर्मनाक है। देश की महिलाएं इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी।

# पलामू में होली ने ली 4 की जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नेशनल हाईवे 75 पर हाई स्पीड बाइक की आपस में टक्कर हो गई है. इस टक्कर में दो बाइक सवारों की मौत हो गई है, जबकि तीन गंभीर रूप से जख्मी हैं. सभी युवक होली की खुमारी में हाई स्पीड में बाइक चला रहे थे. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है. सभी जख्मी युवकों का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में किया जा रहा है.दरअसल सोमवार की देर रात पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र के पतरिया के रहने वाले तीन दोस्त जीतू भुइयां, लखन भुइयां और मिट्ठू भुइयां बाइक से पाटन की तरफ जा रहे थे. इसी क्रम में नेशनल हाईवे 75 पर पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा मोड़ के पास सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. घटना की जानकारी मिलने के बाद पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची और सभी जख्मी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया. वहां इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने जीतू और लखन भुइयां को मृत घोषित कर दिया. दूसरे बाइक पर सवार युवक भी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं, जिनका इलाज एमएमसीएच में किया जा रहा है. जख्मी बाइक सवार पाटन थाना क्षेत्र के उताकी के रहने वाले हैं. घटना की जानकारी मिलने



के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं, दोनों युवकों के शव का एमएमसीएच में पोस्टमार्टम किया जाएगा. पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो बाइक की आपस में टक्कर हुई थी, जिसमें दो युवकों की मौत हुई है. इधर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव में होली का त्यौहार मातम में तब्दील हो गया।सोमवार की सुबह होली खेलने के बाद दोपहर में कोयल नदी में स्नान करने गए दो बच्चियों की नदी में डूबने से मौत हो गई।मृत बच्चियों की पहचान सखीचंद साव की बेटी प्रिया कुमारी (9) और अशोक यादव की बेटी रूबी कुमारी (8) वर्ष का नाम शामिल हैं।जानकारी के मुताबिक गांव की 5-6 बच्चियां कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय के पास कोयल नदी में स्नान करने गई थी। इसी दौरान दो बच्चियां गहरे पानी में चली गई। जिसमें वह डूब गई। नहाने गई अन्य बच्चियों ने गांव वालों को उनके डूबने की बात बताई। जब तक नदी में ग्रामीण और परिजन उन्हें ढूंढ पाते तब तक दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी।वही घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देश पर एएसआई सुबीर किस्कू ने घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया। बच्चियों के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। इस घटना से बच्चियों क घरों में कोहराम मच गया है।

### सद्गुरु जग्गी वासुदेव को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली :** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव को आज नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यहां 17 मार्च को उनकी आपातकालीन मस्तिष्क सर्जरी की गई थी। सर्जरी से पहले कुछ हफ्तों तक उन्हें गंभीर सिरदर्द का सामना करना पड़ रहा था। अपोलो अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के उपचार पर संतोष जताया है। ईशा फाउंडेशन ने डॉ. विनीत सूरी, डॉ प्रणव कुमार, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ एस चटर्जी और अपोलो अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार जताया है।

### मस्जिद जफरिया रांची में होगा

## तीन दिवसीय मजलीस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 27 मार्च मस्जिद जफरिया स्थित अंसार नगर चर्च रोड रांची में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अली दामाद ए रसूल के शहादत दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन दिनांक 29 मार्च से 31 मार्च तक रात्रि 8 बजे किया जाएगा।

इस मजलिस को मुख्य रूप से मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी इमाम मस्जिद जफरिया हजरत अली के जीवन पर रोशनी डालेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सैयद मेहंदी इमाम द्वारा किया जाएगा। 31 मार्च के बाद में मजलिस ताबूत और आलम निकल जाएगा। जिसमें हजरत अली की शहादत की याद में नोहा खानी वह मातम होगा। मजलिस मर्सिया खानी आता इमाम द्वारा की जाएगी तमाम आशिक़ने अली से शिरकत की गुजारिश है।

# वरुण गांधी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

*** मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में करेंगे प्रचार**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** वरुण गांधी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे. उनकी टीम ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी और कहा कि वरुण अपनी मां मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में चुनाव प्रचार पर फोकस करेंगे. भारतीय जनता पार्टी ने वरुण गांधी को पीलीभीत से इस बार लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया है. उनकी जगह जितिन प्रसाद को बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारा है. वरुण की मां मेनका गांधी को भाजपा ने सुल्तानपुर से फिर टिकट दिया है. बता दें कि वरुण गांधी नामांकन पत्र खरीदा था, जिसके बाद ऐसी चर्चाएं थीं कि वह बीजेपी से बगावत करके पीलीभीत से निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं. लेकिन उनकी टीम ने बयान जारी कर इन अटकलों पर विराम लगा दिया है.



इससे पहले यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने वरुण गांधी गांधी का टिकट काटे जाने पर कहा था कि इस बार पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर नहीं दिया है, लेकिन वह हमारे साथ हैं. उनके बारे में पार्टी नेतृत्व ने जरूर कुछ बेहतर ही सोच रखा होगा. अधीर रंजन चौधरी द्वारा वरुण को कांग्रेस में आने का न्योता देने पर भूपेंद्र सिंह ने कहा, वरुण गांधी भाजपा के सच्चे सिपाही हैं. पूरा भरोसा है कि वह भाजपा में ही रहेंगे. वह गांधी परिवार से आते हैं और भाजपा ने ही उन्हें तीन बार सांसद बनाया. अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया था कि वरुण का संबंध गांधी परिवार से है इसलिए भाजपा ने उनका टिकट काट दिया.

### भाजपा से तीन बार सांसद रहे वरुण गांधी

बता दें कि वरुण गांधी 2004 में भाजपा में शामिल हुए थे. पार्टी ने उन्हें 2009 में पहली बार पीलीभीत से लोकसभा का टिकट दिया और वह सांसद बने. साल 2013 में वरुण गांधी को भाजपा का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया और इसी साल पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनाया. 2014 में पार्टी ने वरुण को उनकी मां मेनका गांधी की सीट सुल्तानपुर से चुनावी मैदान में उतारा. मेनका खुद पीलीभीत से चुनाव लड़ीं. दोनों ने अपनी-अपनी सीट से जीत दर्ज की. 2019 में बीजेपी ने फिर दोनों का सीट बदल दिया. मेनका सुल्तानपुर आ गईं और वरुण पीलीभीत वापस चले गए. मां और बेटे ने अपनी-अपनी सीटों से जीत दर्ज की.

# 50 केजी गंजा बरामद, 4 गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के मेदिनीनगर शहर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि स्थानीय मोहन सिनेमा रोड बस स्टैंड के पास कुछ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में अवैध रूप से गांजा के खरीद बिक्री करने हेतु कही जाने के लिए गाड़ी पकड़ने के इंतजार में है।शहर थाना के पदाधिकारियों द्वारा उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया।वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी सदर मेदिनीनगर के नेतृत्व में टीम का गठन करके बस स्टैंड मोहन सिनेमा रोड के पास पहुंचे ।पुलिस को वहां पहुंचते हुए देखा स्टैंड के अंदर यात्री सेड और रैन बसेरा में खड़े चार व्यक्ति घबराकर पीठ एवं हाथ में बैग लेकर भागने का प्रयास करने लगे। यह देखकर साथ मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए पीठ एवं हाथ में बैग लिए हुए चारों व्यक्तियों को रोका तथा चारों व्यक्तियों के भागने का कारण तथा



बैग में रखे सामान के बारे में पूछने पर सभी के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिस पर सभी के पास मादक पदार्थ पाए जाने की संभावना जताते हुए विधिपूर्ण तलाशी की कार्रवाई से अवगत कराया।जिस पर चारों के द्वारा दी गई सहमति के आधार पर अंचल अधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी लेने के दौरान चारों व्यक्तियों के पास से अलग-अलग बैग में रखा हुआ करीब 50 किलोग्राम गांजा की बरामदगी हुई। बरामद मादक पदार्थ के संबंध चारो व्यक्ति द्वारा कोई वैधानिक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के पश्चात बरामद मादक पदार्थ को जप्त किया गया। जिसके आरोप में चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि इस कांड में जेपी सिंह जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, के पास माल पहुंचाने जा रहे थे।जेपी सिंह की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। बरामद 50 किलोग्राम गांजा का बाजार मूल्य लगभग 25 लख रुपए बताया जा रहा है।इनलोगों का पचास किलोग्राम गांजा के अलावा 3 पीस मोबाइल जप्त किया गया है। गिरफ्तार होने वाले सभी व्यक्ति उड़ीसा राज्य के बताए जाते हैं जिनके नाम एवं पता निम्न प्रकार है।तपस कुमार मल्ला, उम्र करीब 44 वर्ष पिता अनंत चरण मल्ला, मंगलपुर थाना कांटाबड़िया, जिला ढंका आल, उड़ीसा।सुज्ञान कटवा, उम्र करीब 30 वर्ष,पिता जद्दू कटवा, झिंकरपाली, थाना मोनोमुण्डा, जिला बौद्ध ,उड़ीसा।प्रफुल्ल राणान, उम्र 32 वर्ष,पिता मकरध्वज राणा, सुरकाभाटा, थाना घंटापोड़ा ,जिला बौद्ध, उड़ीसा। कृष्ण चंद्र महाकुड़, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता लंबोदर महाकुड़ , कोसुरपाली, थाना + जिला सुबरणपुर, उड़ीसा के रहने वाले हैं। छापामारी दल में शहर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक देवव्रत पोद्दार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार भारती शहर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक गुलशन बिरवा शहर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार -1 शहर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार मेहता शहर थाना,पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह शहर थाना, पुलिस अवर निरीक्षक संगीता झा शहर थाना, सहायक अवर निरीक्षक देवेंद्र कालिंदी, शहर थाना,सअनि नबी अंसारी सदर थाना के अलावा आरक्षी बल के कई जवान शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी।

### मोइत्रा के खिलाफ ईडी नोटिस बदले की कार्रवाई : तृणमूल

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कृष्णानगर क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा को बदले की राजनीति के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का समन जारी किया गया है और चुनाव से पहले एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। इस पर तृणमूल प्रवक्ता कृष्णु मित्रा ने कहा, ''यह महुआ मोइत्रा के खिलाफ बदले की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के पास तृणमूल का मुकाबला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है और वह चुनाव से पहले केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

# आपसी एकता एवं भाईचारा का त्यौहार है होली : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** रंगो और उमंगो का त्योहार होली गढ़वा में धुमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर स्थानीय विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सोमवार की संध्या होली मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहभोज का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय भोजपुरी कलाकार मंटू निराला एवं उनकी टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात, सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि होली का त्यौहर आपसी बैर भाव भूल कर एक दूसरे को रंग, अबीर लगाकर गले लगाने का त्यौहार है। इस त्यौहार में सभी लोग होली के रंग में रंग जाते हैं।



उन्होंने कहा कि हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का देश है। यहां सभी धर्म, समुदाय के लोग आपसी एकता एवं भाईचारा के साथ सभी पर्व त्योहार होली, रामनवमी, दशहरा, ईद, मोहर्रम, क्रिसमस आदि मिलजुल कर मनाते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कलाकारों की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, चन्दन पासवान, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, डा. यासीन अंसारी, दिलीप गुप्ता, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मनोज झा, प्रमोद कुमार, गुरुदत्त, आशीष अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, डा. एनके रजक, शमीम अंसारी, दयाशंकर गुप्ता, राजा सिंह, अविनाश दुबे, सुशील केशरी, डा. शमशेर सिंह, अजय केशरी, मनीष केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा और बसपा छोड़कर 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के सिकरदाहा एवं हुरदाग गांव के बहुजन समाज पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी छोड़ कर दो सौ अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। होली के पावन मौके पर सभी ने गढवा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढवा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल कराया। साथ ही मंत्री ने सभी को अबीर, गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से इंद्रदेव राम, सुनीता देवी, सुचिता देवी, रविकांत कुमार, मंजय राम, बंधु राम, रमेश राम, पिंटू कुमार, मीना देवी, संजू कुमार, कमलेश राम, बंधु राम, संदीप कुमार रवि, मंजू देवी, करीमन राम, वीरेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य किस्मतिया देवी, सोना देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी, राजू कुमार, लखन राम, छोटन राम, अखिलेश कुमार, लीलावती देवी, पनपतिया देवी, राधिका दवी, मनोज राम, प्रमिला देवी, कलावती देवी, राजमुनी राम, शिवकुमार राम, सुरेंद्र कुमार, सुरेश राम, दुर्गावती कुंवर, चिंता देवी, विनय कुमार, पप्पू कुमार, नंदू राम, प्रदीप राम, प्रमोद राम, भोला राम, ललमुनी राम, रघु भुइयां, बिगन राम, बैजनाथ राम, प्रवेश राम, अमेरिका राम, गणेश राम, भोला राम आदि सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात का एहसास अब जन-जन को हो चुका है। सभी का झामुमो परिवार में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। आशा है कि सभी लोग हेमंत सोरेन के सपनों का झारखंड बनाने में सहयोगी बनेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के समय में गढवा सहित पूरे देश की जनता केंद्र सरकार एवं भाजपा की करतूतों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। चुनाव के समय सभी प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को जबरन जेल में बंद कर रही है। लोकतंत्र की गरिमा तार तार हो रही है। जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जनता कमर कर चुकी है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, दीपक सोनी, जैनुल्ला अंसारी, कार्तिक पांडेय, लल्लू राम, पप्पू यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं को सशक्त बनाना वर्तमान और भविष्य के लिए निवेश है : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी दुनिया के वर्तमान और भविष्य के लिए एक निवेश है। भारत मंडपम में एफएलओ के 40 साल पूरे होने पर फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) के सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने संकेत दिया कि समान अवसरों को बढ़ावा देकर, बाधाओं को तोड़कर और महिलाओं की आवाज और उपलब्धियों को बढ़ाकर हम एक ऐसा समाज बनाते हैं जो न केवल निष्पक्ष और न्यायसंगत बल्कि समृद्ध और टिकाऊ भी है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए गेम चेंजर के रूप में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने इसे भारतीय राजनीति में एक निश्चित मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि संसद में अधिक महिलाएं उस पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलने में मदद करेंगी।

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच होगा लोकसभा का चुनाव

# वोटर्स को हीट वेव से बचाने के लिए जारी हुई एडवाइजरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय मौसम विभाग ने गर्मियों के इस सीजन में पिछले साल के मुकाबले इस बार तेज गर्मी पड़ने और लू चलने की आशंका जताई है। गर्मी का सीजन लंबा भी हो सकता है। देश में इसी दौरान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव-2024 हैं। ऐसे में चुनावों के दौरान लोगों को तेज गर्मी से बचाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने तमाम राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी यानी सीईओ को एडवाइजरी जारी की है। चुनाव आयोग ने बताया कि इस एडवाइजरी में तमाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को कहा गया है कि वह मतदान के दिन तमाम पोलिंग लोकेशन और पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं, पोलिंग पार्टी और पोलिंग एजेंटों को गर्मी से बचाने के पर्याप्त




इंतजाम करें। निर्देशों में कहा गया है कि देश के तमाम पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर पर बनाए जाएंगे। कोई भी पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर से उपर वाली किसी मंजिल पर नहीं बनाया जाएगा। जिससे की सभी तरह के वोटर आसानी से पोलिंग स्टेशनों में जाकर वोट दे सकें। सभी पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं की तीन लाइनें बनाई जाएंगी। इनमें एक मेल, दूसरी फीमेल और तीसरी बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों के लिए होगी।जरूरत के मुताबिक हर दो महिला के बाद एक पुरुष वोटर वोट देने जा सकता है।

वोटरों को अपने घरों से बहुत अधिक दूर चलकर वोट ना देना पड़े। इसके लिए मतदाताओं के लिए हर दो किलोमीटर के दायरे में पोलिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इनमें रैंप भी बनाए जाएंगे। जिससे की बुजुर्ग और दिव्यांग वोटर आराम से आ-जा सकें। सभी पोलिंग लोकेशनों पर मेल-फीमेल और दिव्यांग वोटरों को ध्यान में रखते हुए टॉयलेट की सुविधा भी होनी चाहिए। साथ ही बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां और बेंच लगाई जाएंगी। पीने का पानी हर पोलिंग लोकेशन पर होना चाहिए। अगर कोई बुजुर्ग, दिव्यांग वोटर अपने घर से पोलिंग स्टेशन तक जाने में सक्षम नहीं है। तब ऐसे वोटरों के लिए पोलिंग स्टेशन तक लाने और फिर उन्हें उनके घर तक छुड़वाने के लिए पर्याप्त ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था करनी होगी। मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। गर्मी से बचाने के लिए टेंट लगाने होंगे। वोटरों की लंबी लाइनें लगती हैं तो उनके बैठने के लिए उचित व्यवस्था करने समेत गर्मी से बचाने के लिए टेंट लगाए जाएंगे। पोलिंग स्टेशनों पर वोटरों को जानकारी देने के लिए पर्याप्त साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे।